हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 25.04.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 268 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### एक नजर

## सड़क दुर्घटना में 3 की मौत, 4 घायल

**लोहरदगा** : नेशनल हाईवे 39 कुडू - रांची मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के ढुलुवाखुंटा के समीप मालवाहक वाहन और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में दो की मौके पर मौत हो गई है। पांच लोग घायल बताएं जा रहे हैं इसमें एक महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद सड़क जाम हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची तथा सड़क जाम हटाने में लगी हुई है। बताया जाता है कि मालवाहक 407 वाहन में सरकारी शराब लोड कर रांची की तरफ से कुडू की तरफ से आ रही थी। इसी बीच कुडू की तरफ से रांची क तरफ जा रही स्कूटी को जोरदार ठोकर मार दिया। इस घटना में स्कूटी सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई है जबकि एक महिला घायल हुई । इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। इलाज के दौरान महिला की मौत सदर अस्पताल में हो गई । बताया जा रहा है कि दुर्घटना में मां - दो पुत्र सहित तीन की मौत हो गई जबकि चार लोग घायल है।

सीएम 'मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह-सह-मुखिया सम्मेलन' में हुए शामिल, पंचायतों को दी करोड़ों की सौगात, बोले

# जड़ मजबूत होगी तभी पेड़ मजबूत होगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार समारोह-सह-मुखिया सम्मेलन 2026 में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने राज्य की पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए करोड़ों रुपये की प्रोत्साहन राशि बांटी और जनप्रतिनिधियों को ग्रामीण विकास का असली सारथी बताया।




मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार हेडक्वार्टर या राजधानी से नहीं, बल्कि सीधे गाँवों से चलती है। उन्होंने कहा कि विकास की असली नींव गाँवों में ही है। बेहतर कार्य करने वाली पंचायतों के लिए 'मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना' के तहत करोड़ों रुपये वितरित किए गए। इसका उद्देश्य पंचायतों के बीच विकास की स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना है।

गर्मी को देखते हुए सीएम ने मुखियाओं को निर्देश दिया कि वे तालाबों की सफाई, गहरीकरण और चापाकलों के पास सोक पिट निर्माण पर ध्यान दें ताकि भूजल स्तर सुरक्षित रहे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बंजर भूमि पर सोलर पावर प्लांट लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि उत्पादित बिजली सरकार खरीदेगी, जिससे ग्रामीणों की आय बढ़ेगी। अब ग्रामीणों को आधार से जुड़े कामों के लिए शहर नहीं भागना होगा। सीएससी के साथ हुए एमओयू के जरिए ये सुविधाएं अब पंचायत स्तर पर ही उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, डॉ० इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और हजारों की संख्या में आए जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# राघव चड्ढा ने थामा भाजपा का दामन

## आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल



### आप की प्रतिक्रिया

आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का 'ऑपरेशन लोटस' करार दिया है। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि एजेंसियों का डर दिखाकर और प्रलोभन देकर विपक्षी नेताओं को तोड़ा जा रहा है।

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय राजनीति में आज एक बड़ा भूचाल आ गया है। आम आदमी पार्टी के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा आज आधिकारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राघव चड्ढा के साथ आप के दो-तिहाई राज्यसभा सांसद भी भाजपा में शामिल हो गये है, जिसे तकनीकी रूप से भाजपा में 'विलय' माना जा रहा है।

राघव चड्ढा के साथ संदीप पाठक, हरभजन सिंह, स्वाति मालीवाल, अशोक मित्तल, राजिंदर गुप्ता और विक्रम साहनी जैसे दिग्गज नेताओं ने भी आप छोड़ने का फैसला किया है। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चड्ढा ने कहा कि वह गलत पार्टी में सही व्यक्ति महसूस कर रहे थे और आप अपने मूल सिद्धांतों से पूरी तरह भटक चुकी है। हाल ही में राघव चड्ढा को राज्यसभा में पार्टी के 'डिप्टी लीडर' पद से हटाया गया था, जिसके बाद से ही उनके और पार्टी आलाकमान के बीच दूरियां बढ़ने की चर्चा थी। इस कदम से राज्यसभा में भाजपा की ताकत काफी बढ़ जाएगी, जिससे केंद्र सरकार को महत्वपूर्ण बिल पास कराने में आसानी होगी।

न्याय सब के लिए
ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार
JHARKHAND STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

Jharkhand State Legal Services Authority, Ranchi
&
Dept. of Women, Child Development & Social Security, Govt. of Jharkhand
Organize

COLLOQUIUM ON
"CRIME AGAINST WOMEN"

(With Special emphasis on issue of Witch hunting in Jharkhand) & Role of Legal Services Institution in providing Relief and Rehabilitation to Victim of Crime

*Chief Guest*
HON'BLE MR. JUSTICE VIKRAM NATH
Judge, Supreme Court of India & Executive Chairman, NALSA

*Guest of Honour*
HON'BLE MR. JUSTICE AHSANUDDIN AMANULLAH
Judge, Supreme Court of India

*Special Guests*
HON'BLE MR. JUSTICE MAHESH SHARADCHANDRA SONAK
Chief Justice, High Court of Jharkhand-cum-Patron-in-Chief, JHALSA
HON'BLE MR. JUSTICE SUJIT NARAYAN PRASAD
Judge, High Court of Jharkhand & Executive Chairman, JHALSA

*In the benign presence of*
Hon'ble Judges of High Court of Jharkhand & Dignitaries

Date : 25th April, 2026
Venue : Dr. APJ Abdul Kalam Auditorium, Judicial Academy, Jharkhand, Ranchi

PR- 378406 (Law) 26-27

# भीषण गर्मी में बिजली कटौती पर सांसद का सख्त रुख, अधिकारियों को लगाई जमकर फटकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू के बीच चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। हजारीबाग परिसदन में आयोजित एक आपात बैठक के दौरान उन्होंने डीवीसी, बिजली विभाग और ट्रांसमिशन यूनिट के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि जनता की परेशानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद मनीष जायसवाल ने डीवीसी द्वारा बिजली की कटौती कर उसे खुले बाजार में बेचने और लोड शेडिंग जैसे गंभीर मुद्दों पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंन अधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि आपके अपने घरों की बिजली कुछ घंटों के लिए कट जाए तो आपको आम जनता के दर्द का एहसास होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने विभाग को चेतावनी देते हुए तत्काल सुधार का अल्टीमेटम दिया और स्पष्ट किया कि जनता को अब कहानियों की नहीं बल्कि सुचारू बिजली आपूर्ति की जरूरत है।

बैठक में बिजली विभाग की भविष्य की योजनाओं और निमार्णाधीन परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने सांसद मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया कि विष्णुगढ़ और बड़कागांव में निमार्णाधीन ग्रिड अगले ढाई से तीन महीनों में चालू हो जाएंगे, जिससे डीवीसी पर निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी। इसके साथ ही बनासो उपकेंद्र को अतिरिक्त 10 मेगावाट बिजली दिलाने के लिए डीवीसी कोलकाता मुख्यालय से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि झारखंड में बिजली की समस्या के स्थायी समाधान के लिए बड़े राज्यों की तरह अंडरग्राउंड वायरिंग और आत्मनिर्भर बिजली उत्पादन आवश्यक है। उन्होंने जिले में करीब 130 मेगावाट की मांग के मुकाबले हो रही कम आपूर्ति पर डीवीसी को सख्त निर्देश दिए और चेतावनी दी कि सुधार न होने पर अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपकी कोई भी समस्या हो तो सीधे हमसे संपर्क करें हम वचन देते हैं कि आपके हर जायज समस्या के समाधान हेतु हम तत्पर रहेंगे। बैठक के अंत में सभी विभागीय अधिकारियों ने जल्द से जल्द स्थिति सुधारने का वादा किया। उम्मीद है कि सांसद मनीष जायसवाल के इस तल्ख तेवर में बिजली विभाग और डीवीसी अधिकारियों के कड़े फटकार के बाद बिजली कटौती की समस्या में सुधार जल्द दिखेगा। बैठक में बिजली विभाग के जीएम दिनेश कुमार सिंह, बिजली विभाग हजारीबाग के ईएसई ए. के. उपाध्याय, रामगढ़ के ईएसई साकला हेंब्रम, हजारीबाग टीसी के डीजीएम प्रवीण राम, सुनील कुमार, रूपा कुमारी, अमित कुमार शर्मा, के. एम. हेस्सा, शेखर सुमन, संजीव कुमार, शंभू कुमार वर्णवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## एक नजर

### धान अधिप्राप्ति अवधि विस्तार की मांग, पैक्स संघ ने खाद्य आपूर्ति मंत्री से की मुलाकात



**बड़कागांव** : धान अधिप्राप्ति अवधि विस्तार करने के लिए खाद आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी से पैक्स संघ ने मुलाकात किया। चंदौल पैक्स अध्यक्ष मोहम्मद शमशेर अंसारी ने कहा की झारखंड सरकार वर्ष 2026 में अपने लक्ष्य को अभी तक पुरा नहीं कर सकी है। क्योंकि इस वर्ष धान अधिप्राप्ति की समय 31 मार्च 2026 तक रखी गई थी। समय सीमा तक ज्यादा किसानों की धान खरीद नहीं हुई। जिस कारण से क्षेत्र के अधिंकास किसान अभी तक परेशान हैं। इस मामले को लेकर पैक्स संघ का एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी को ज्ञापन सौंपकर मांग किया है कि धान अधिप्राप्ति अवधि विस्तार कर 15 मई 2026 तक करने का अपील किया ।ताकि लक्ष्य को पूरा किया जा सके। ज्ञापन सौंपनेवालों में मुख्य रूप से समाज सेवी बिनोद यादव, चंदौल पैक्स अध्यक्ष मो शमसेर अंसारी, अलोंजा पैक्स अध्यक्ष कंचन कुमार मेहता, गिरधारी महतो, बिनोद राणा, शायमदेव यादव मो कलाम , मो. हाफिज के साथ जिला हाजरीबाग के प्रतिनिधि मंडल शामिल थे।

### उपेंद्रनाथ मालाकार की 9वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज



**बड़कागांव** : बड़कागांव के पूर्व पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्रनाथ मालाकार की 9वीं पुण्यतिथि शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें उनके पत्रकारिता जीवन, सामाजिक योगदान और निर्भीक व्यक्तित्व को याद किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4:00 बजे विकास रंजन के आवास (हॉल), बड़कागांव में आयोजित होगा। श्रद्धांजलि सभा में स्व. मालाकार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी तथा उनके पत्रकारिता जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकार, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी पत्रकार साथियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिक उपस्थित होकर स्व. उपेंद्रनाथ मालाकार को श्रद्धांजलि अर्पित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### जनरल स्टोर की आड़ में चल रहा था शराब का अवैध धंधा, पुलिस ने किया भंडाफोड़



**दारू** : पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दारू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के पुनाईटांड़ गांव में एक जनरल स्टोर की आड़ में चल रहे अवैध शराब के कारोबार का बुधवार को भंडाफोड़ किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर 22 अप्रैल 2026 को थाना प्रभारी मो. इकबाल हुसैन के नेतृत्व में विशेष टीम ने पुनाईटांड़ स्थित रौशन जनरल स्टोर पर छापेमारी की। मौके से दुकान संचालक रौशन कुमार, पिता रूपलाल महतो को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को दुकान से गॉड फादर बियर, रॉयल चैलेंज, 8 PM, स्टर्लिंग रिजर्व, आइकॉनिक व्हाइट और मैकडॉवेल्स जैसे ब्रांड की दर्जनों बोतलें मिलीं।

# वेक्टर क्लासेज में 26 से 11वीं इंटर साइंस व फाउंडेशन बैच की शुरूआत, 10वीं के सफल छात्रों को दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर पहल कर रहे बरही स्थित वेक्टर क्लासेज में 26 अप्रैल से 11वीं इंटर साइंस एवं फाउंडेशन बैच का शुभारंभ किया जा रहा है। इस नई शुरूआत को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। संस्थान के निदेशक दीपक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैच में छात्रों को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रतियोगी परीक्षाओं की मजबूत नींव तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अनुभवी शिक्षकों, आधुनिक शिक्षण पद्धति और नियमित टेस्ट के माध्यम से छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने 10वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरणा का काम करेगी और सही मार्गदर्शन के साथ छात्र अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। दीपक गुप्ता ने बताया कि फाउंडेशन बैच खासतौर पर उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है जो शुरूआती स्तर से ही अपनी तैयारी को मजबूत करना चाहते हैं। वहीं 11वीं इंटर साइंस के छात्रों के लिए बेसिक कॉन्सेप्ट से लेकर एडवांस लेवल तक पढ़ाई कराई जाएगी।

# स्थायी संबद्धता प्राप्त उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों का रहा बेहतर प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : बरही प्रखंड के करियातपुर में संचालित स्थायी संबद्धता प्राप्त उच्च विद्यालय करियातपुर के विद्यार्थियों ने जैक दसवीं बोर्ड की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय के निदेशक जयगोविंद प्रसाद एवं प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि इस बार कुल 152 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। इसमें संध्या कुमारी 441 अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉपर बनी है।

वही निशा कुमारी - 433(86.60%),अंशु कुमारी - 432 (86.40%), कोमल कुमारी - 430 (86.00%), श्रीष्टि कुमारी-427 (85.40%), विद्या कुमारी - 419 ( 83.80%), रंजन कुमार - 405 (81.00%) ओम कुमार -405 (81.00%) ने टॉप टेन से स्थान बनाने में सफल हुए हैं। विद्यार्थियों की सफलता पर जयगोविंद प्रसाद, संदीप कुमार, महेंद्र प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, विद्याधर प्रसाद, जोगेंद्र प्रभात, सुजीत कुमार दास, उमेश कुमार, सुषमा देवी, अंशु रानी आदि ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को सौंपा ज्ञापन, आरक्षण की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** भाजपा प्रदेश मंत्री सह ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन साध्वी निरंजन ज्योति को विगत दिनों रांची राजकीय अतिथिशाला में मुलाकात के दौरान एक 7 सूत्री ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि झारखंड में वर्ष 2022 में पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण नहीं दिया गया जिस कारण पिछड़ा वर्ग के जनप्रतिनिधियों की संख्या घट गई । झारखंड में आगामी 2027 पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने हेतु राज्य सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। वर्ष 2019 में झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन ने ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 27% करने का वादा किया । जिसका नोटिफिकेशन राज सरकार द्वारा 7 वर्ष बाद भी नहीं किया गया है। यह झारखंड सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग को ठगने का कार्य है। झारखंड के साथ जिलों-गुमला खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, और दुमका में 1990 के दशक में ओबीसी आरक्षण शून्य कर दिया गया ।इसके समाधान हेतु झारखंड सरकार गंभीर नहीं है। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने झारखंड सरकार ने राज्य की इउ-1 और इउ-2 श्रेणियों में सूचीबद्ध 36 पिछड़ी जातियों को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने का प्रस्ताव राज्य सरकार से मांगा है ताकि उन्हें केंद्र सरकार की नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में 27% आरक्षण का लाभ मिले। झारखंड सरकार इस पर विलंब कर रही है। वर्ष 2018 में रघुवर दास सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम का गठन किया गया वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार द्वारा इसे निष्क्रिय कर दी गई है, जिससे ओबीसी वर्ग को सस्ते दर में लोन मिलने में परेशानी हो रही है।

# जैक बोर्ड में सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना ने इस बार भी झारखंड एकेडमिक काउंसिल दसवीं बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस विद्यालय में अध्यनरत कुल 46 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी 46 विद्यार्थी बेहतर अंक से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसमें अमन कुमार 419 अंक लाकर विद्यालय का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। इसके अलावा टॉप फाइव में जनातुन निशा 409, अनु कुमारी 403, मो फैजान 402, मो आसिफ 399, मुस्कान कुमारी, संजू कुमारी व खुशी कुमारी 396 अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के निदेशक तुकलाल साव, प्राचार्य नितेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपकी मेहनत और हमारी मार्गदर्शन ने बेहतर रिजल्ट दिया है। इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़ते रहें। अन्य शिक्षक अजय कुमार, नरेश कुमार, शिबू रजक,अरुण कुमार, राकेश कुमार, सरिता कुमारी, नीतू कुमारी, सविता कुमारी, पुष्पा कुमारी, फिजा परवीन, नूरेशा खातून ,सुमन कुमारी, स्वाति कुमारी आदि ने भी हर्ष जताते हुए बधाई दी है।

# राहुल दुबे गैंग के 4 अपराधी गिरफ्तार, हथियार व पर्चे बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के 13 माइल पुल के पास हाईवा वाहन में आगजनी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है।

इस संदर्भ में एसपी अमन कुमार ने देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बड़कागांव थाना क्षेत्र के 13 माइल पुल के पास हाईवा वाहन में आगजनी की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में कुख्यात राहुल दुबे गैंग के चार सक्रिय अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। बताया गया कि 22 अप्रैल 2026 को बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 माइल पुल के पास राहुल दुबे गिरोह के सदस्यों ने पेट्रोल छिड़ककर हाईवा गाड़ी में आग लगा दी थी। घटना के बाद घटनास्थल पर हस्तलिखित पर्चा छोड़कर गैंग ने स्वयं जिम्मेदारी ली थी, जिसमें "प्रकाश शुक्ला, मयंक सिंह, राहुल दुबे गैंग" लिखा पाया गया

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। 23 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली कि चंदौल गांव के हथिया पत्थर जंगल में कुछ अपराधी बड़ी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर चार संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नामः**

मो एजाज (उम्र 21 वर्ष), पिता स्व० मुमताज खलीफा, मो अफताब (उम्र 22 वर्ष), पिता मो० अलाउद्दीन अंसारी, मो सलामत अंसारी (उम्र 24 वर्ष), पिता मो मिस्टर मियां, तुषार सिन्हा (उम्र 22 वर्ष), पिता कुमोद सिन्हा, (सभी निवासी-पुन्दौल, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग)

**बरामद सामानः**

तलाशी के दौरान इनके पास से 2 देशी पिस्टल (7.65 एमएम), 1 पिस्टल (9 एमएम), 11 जिंदा गोलियां, 9 हस्तलिखित पर्चे एवं 4 एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पूर्व से राहुल दुबे गैंग के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने उरीमारी थाना क्षेत्र में भी पूर्व में वाहन में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें वे जेल जा चुके हैं। 22 अप्रैल की घटना भी राहुल दुबे के निर्देश पर की गई थी, जिसका उद्देश्य कोल माइंस क्षेत्र में दहशत फैलाना था। साथ ही, 23 अप्रैल को भी हाईवा में आग लगाने की योजना थी, जिसे पुलिस ने विफल कर दिया।

**आपराधिक इतिहासः**

मो सलामत अंसारी पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 255/21, 258/21, उरीमारी ओपी कांड संख्या 49/25 एवं टंडवा थाना कांड संख्या 132/25 दर्ज है।


मो एजाज पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 100/20, 255/21, 258/21 तथा उरीमारी ओपी कांड संख्या 49/25 दर्ज है।

**छापामारी दल में शामिल अधिकारीः**

अमित आनंद (भा.पु.से.), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर हजारीबाग, पवन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, दीपक कुमार, थाना प्रभारी, बड़कागांव, राकेश खवास, पुलिस पदाधिकारी, अभिषेक कुमार, पुलिस पदाधिकारी, तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है और संभावित बड़ी घटना को टाल दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### केरेडारी प्रखंड में मैट्रिक परिणाम शानदार, अंशु कुमारी ने हासिल किया प्रथम स्थान



**केरेडारी**: केरेडारी प्रखंड में इस वर्ष मैट्रिक के बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहद उत्साह जनक रहा जहां छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया से हाई स्कूल की छात्रा अंशु कुमारी ने 96. 20% अंक प्राप्त कर पूरे केरेडारी प्रखंड में प्रथम स्थान हासिल किया ग्राम पंचायत सलगा के सचिन कुमार दास ने 55.20% ला कर अपना गांव एवं माता-पिता का नाम रोशन किया और टॉपर बनी वहीं हाई स्कूल गाड़ी कल की छात्रा विद्या रानी ने 95 .60% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त की इस विद्यालय के छात्र सूरसागर को मारने 95. 20% अंक हासिल कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई इसके अलावा पीएम उच्च विद्यालय बेलतू के छात्र प्रियांशु कुमार ने 89 .60% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय विद्यालय के टॉपर बनने का गौरव हासिल किया छात्र-छात्राओं की इस सफलता से विद्यालय परिवार अभिभावकों एवं पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है से हाई स्कूल के प्रिंसिपल महेंद्र दास हाई स्कूल गाड़ी कल प्रिंसिपल राम जीवन महतो पीएम श्री उच्च विद्यालय बेलतू के नव रविदास मिथिलेश कुमार राजकुमार राम सुरेश राम आदि शिक्षकों में विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को कड़ी मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया ग्राम पंचायत सलगा के स्टेशन के माइंड मास्टर कोली राम के पुत्र विनोद कुमार राम ने अपना ट्यूशन ने छात्र-छात्राओं को पढ़कर अच्छा मार्गदर्शन दिए और ट्यूशन ने भी अच्छा अंक लाकर छात्रों ने ट्यूशन टॉपर किया जिससे साल का पंचायत का नाम रोशन रहा।

### मवि बेंदगी किट योजना के तहत 355 बच्चों को बीच स्टडी किट का किया गया वितरण




**बरही** : झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक विद्यालय के प्रत्येक बच्चों को स्टडी किट वितरण किया जा रहा है स्टडी की तरह बच्चों को एक इंस्ट्रूमेंट बॉक्स, 5 कलम, 5 रबर 5 कटर, 5 पेंसिल वितरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्य विद्यालय बेंदगी में स्टडी किट वितरण किया गया। स्थानीय मुखिया गोविंद प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य मो तैयब अंसारी, एसएमसी अध्यक्ष परमेश्वर प्रसाद, सचिव सह प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद ने संयुक्त रूप से कुल 355 बच्चों के बीच स्टडी किट सौंपा। मौके पर एसएमसी उपाध्यक्ष खुशबू देवी स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्मद रिजवान अहमद। शिक्षक मुन्ना यादव, राजकीय मध्य विद्यालय बेंदगी के पोषाहार क्षेत्र में आने वाले माता-पिता बुद्धदेव साव, अनिल कुमार,अभिषेक गिरी, महावीर यादव, शबनम परवीन, गुलशन आरा, कांति देवी, सविता देवी,संजू देवी, करणी देवी, राजकुमारी देवी, बसंती देवी, ललिता देवी,और सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### मैट्रिक में दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के सभी विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण



**बरही** : झारखण्ड अधिविध परिषद, रांची द्वारा जारी 10वीं बोर्ड की रिजल्ट मे प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हजारीबाग रोड स्थित दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट के 10वीं के सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में अपना नाम अंकित कराया। सागर कुमार पिता स्व सुभाष साव ग्राम रामनगर 424 अंक ला कर संस्थान टॉपर बने वहीं मुस्कान कुमारी पिता भरत निषाद ग्राम मलहाटोली 394 अंक ला कर संस्थान में दूसरा स्थान हासिल की एवं निश्चय राम 388 ,आलिजा नसरीन 385, स्वीटी कुमारी 385, करीना कुमारी 380, युवराज कुमार साव 378, मयंक कुमार 376, मो फरहान अंसारी 368, सलमा खातून 362 ,फैजान अंसारी 359, सुहानी खातून 358, सोनाली कुमारी 354 ,सागर कुमार 341, अमन कुमार 325, मुस्कान कुमारी 321, श्रुति कुमारी 317, अंशु कुमार 300, सोहित कुमार 300, रचना कुमारी 300, अंक लाकर संस्थान को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर संस्थान के संचालक अरुण शर्मा, उप संचालक अधिवक्ता कुंदन कुमार, शिक्षक कमलकांत, प्रियंका प्रजापति एवं संध्या केसरी ने बच्चों के साथ साथ उनके माता पिता को बधाई दिए एवं उज्जवल भविष्य की कामना किए।

### डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल के सभी 40 बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण



**बरही** : जैक बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में डॉ भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको का परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के कूल 40 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के 15 बच्चों ने 400 से अधिक अंक हासिल किया। बाकी बच्चों ने 350 से अधिक अंक लाकर अपना सफलता प्राप्त की। विद्यालय के टॉपर रुक्सार 442अंक हासिल कर रही। कविता कुमारी ने 426 अंक प्राप्त द्वितीय स्थान हासिल की। वही चांदनी कुमारी ने 418अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान हासिल की। नरगिश फातमा 413अंक प्राप्त कर चौथे स्थान , डोली कुमारी 409 अंक प्राप्त कर 5वें स्थान हासिल की। प्राचार्य गुलाब कुमार दास ने सभी बच्चों को बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए कहा कि 13 वर्षो से ये विद्यालय शानदार रिजल्ट के लिए जाना जाता है। 5 वर्षो से विद्यालय के सभी शत प्रतिशत बच्चे प्रथम श्रेणी पास होते आ रहे हैं। बच्चों के के पढ़ाई के साथ साथ सभी प्रकार के गतिविधि का ख्याल रखा जाता है। वहीं विद्यालय के निर्देशक दिनेश कुमार यादव ने बताया की हर वर्ष के भांति डॉ भीम राव अम्बेडकर स्कूल के परीक्षा परिणाम आशा के अनुकूल ही शानदार रहा है और हमलोग हमेशा और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं और करेंगे। बेहतर परिणाम लाने वाले बच्चे में रुक्सार कविता, चांदनी , नरगिश फातमा , चन्दन कुमार, डोली कुमारी , ललिता कुमारी,शाहीन प्रवीण, महेजहां, असलम अंसारी, प्रियंका कुमारी, सुभाष कुमार, खालिद रजा,सन्नी कुमार, विकास राणा आदि ने 80% से अधिक अंक हासिल किए। बच्चों की सफलता पर सूरज दास, सकलदेव यादव,विवेक कुमार, दिनेश कुमार दास, अनिल कुमार, मनु कुमार, बबिता कुमारी, नीतू कुमारी, ममता कुमारी आदि ने बधाई दी है।

## एक नजर

### आजसू ने किया मैट्रिक टॉपर को सम्मानित



**रांची** : मैट्रिक टॉपर सूची में संयुक्त तौर पर पहले स्थान पर आने वाली हजारीबाग की बेटी प्रियांशु कुमारी को आजसू ने सम्मानित किया। शुक्रवार को पार्टी के महासचिव संजय मेहता और पार्टी के चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड के अध्यक्ष सिकंदर मेहता प्रियांशु के घर पहुंचे। वहां उन्होंने टॉपर छात्रा को अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर टॉपर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। मौके पर पार्टी के महासचिव संजय मेहता ने कहा कि प्रियांशु जहां पढ़ना चाहेगी, जिस प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करना चाहेगी हमलोग मदद करेंगे। वहीं प्रियांशु ने बताया कि वह इंटरमीडिएट की पढ़ाई पीसीएम (फिजिक्स, केमेस्रीवां,मैथ) स्ट्रीम से करना चाहती है। उसके बाद स्नातक की पढ़ाई के साथ-साथ यूपीएससी की तैयारी करेगी। प्रियांशु को इस दिशा में पार्टी पूर्ण मार्गदर्शन देगी और सहायता उपलब्ध कराएगी। प्रियांशु कुमारी हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत लुपुंग गांव की निवासी है। पिता दिनेश्वर मेहता किसान हैं और मां गृहणी हैं। इस दौरान प्रियांशु के पिता दिनेश्वर मेहता, माता, दादी, चाची, चाचा, विनय मेहता, आर्यकांत मेहता पूरा परिवार मौजूद था।

### 14.9 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ छह तस्कर गिरफ्तार

**रांची** : ओरमांझी थाना क्षेत्र में पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 14.9 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में साहिल अंसारी, जयप्रकाश महतो, गुलफान अंसारी, जावेद अंसारी, देवेंद्र महतो और शोएब अंसारी शामिल हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओरमांझी इलाके में कुछ युवक एक स्थान पर एकत्र होकर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया और संदिग्ध स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को देखते ही सभी युवक मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दौड़ाकर सभी को पकड़ लिया। इसके बाद सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे कम दाम में ब्राउन शुगर खरीदते थे और उसे अधिक कीमत पर बेचते थे। उन्होंने बताया कि इस अवैध कारोबार में कम लागत में ज्यादा मुनाफा होता है, इसी लालच में वे इस धंधे से जुड़े हुए थे। पुलिस ने आरोपितों के पास से 14.9 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी छह तस्करों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे अवैध धंधों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में 'अभिज्ञ 3.0' का किया शुभारंभ, बोले

# युवा ही देश के वर्तमान और भविष्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजधानी रांची में फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसाइटी द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन अभिज्ञ 3.0 को संबोधित किया। भारत को हम भारत कैसे बनाएँ विषय पर आधारित इस सम्मेलन में राज्यपाल ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण की धुरी बताया।
राज्यपाल ने कहा कि फ्रेंड्स ऑफ ट्राइबल्स सोसाइटी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के सशक्तिकरण का एक जन-आंदोलन है। उन्होंने 'एकल' विद्यालय की अवधारणा की सराहना करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा पहुँचाना गौरवपूर्ण कार्य है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि भारतवासी होने का अर्थ अपनी संस्कृति और मूल्यों पर गर्व करना है। युवाओं की ऊर्जा ही भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।
राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि 'विकसित भारत' का लक्ष्य केवल आर्थिक नहीं बल्कि समावेशी विकास है। जब तक हमारे गाँव और वनवासी क्षेत्र सशक्त नहीं होंगे, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को जनजातीय समाज की आत्मनिर्भरता के लिए अनिवार्य बताया।
राज्यपाल ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित में बड़े सपने देखें और अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएं।

## मुख्यमंत्री से नव पदस्थापित पुलिस अधिकारियों की शिष्टाचार भेंट

**रांची**: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित उनके आवासीय कार्यालय में पुलिस सेवा के विभिन्न पदों पर नवनियुक्त/नव पदस्थापित अधिकारियों ने मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी, जिसमें अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के साथ औपचारिक बातचीत की।



# जगन्नाथ मंदिर में तैनात गार्ड की हत्या चोरी की आशंका, चार हिरासत में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राजधानी रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में तैनात गार्ड बिरसा मुंडा की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर को घेरकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
पुलिस की प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ चोर चोरी के इरादे से मंदिर परिसर में घुसे थे। इसी दौरान गार्ड बिरसा मुंडा ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके बाद उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस को मंदिर की एक दानपेटी से पैसे चोरी होने के संकेत भी मिले हैं, जिससे वारदात के पीछे चोरी की मंशा और मजबूत होती दिख रही है। हालांकि, हत्या के वास्तविक कारणों का अब तक स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है।
मंदिर के सेवक मनोज कुमार ने बताया कि पूरे परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि आरोपितों की पहचान की जा सके। सीसीटीवी जांच में एक संदिग्ध व्यक्ति की तस्वीर भी सामने आई है, जिसे पुलिस जांच का महत्वपूर्ण आधार मान रही है।
घटना की गंभीरता को देखते हुए रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच और आरोपितों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। मौके पर डॉग स्क्वायड टीम और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को भी बुलाया गया, जो विभिन्न साक्ष्यों को जुटाने में लगी है।
फिलहाल पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। संदिग्धों से मिली जानकारी और तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।
उल्लेखनीय है कि रांची का जगन्नाथ मंदिर शहर की आस्था, संस्कृति और पहचान का प्रमुख केंद्र माना जाता है। पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अपनी विशिष्ट स्थापत्य शैली के लिए प्रसिद्ध है, जो पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर बनाया गया है। यहां हर वर्ष भव्य रथ यात्रा का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

## रांची मंडल में ग्रामीण डाक सेवक पर विभागीय कार्रवाई शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : इंडियन पोस्ट के रांची मंडल में विभागीय अनियमितता के आरोप में एक ग्रामीण डाक सेवक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ डाक अधीक्षक कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, हरदाग शाखा डाकघर में कार्यरत अजीत कुमार (जीडीएस बीपीएम) पर प्रथम दृष्टया गंभीर आरोप पाए गए हैं, जिसकी गंभीरता को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने अजीत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अथवा लिखित रूप में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।
डाक विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि तय समय के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता है, तो मामले को एकतरफा मानते हुए नियमों के तहत कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने यह भी दोहराया कि लापरवाही और अनियमितता के मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे।




विभाग को प्राप्त शिकायतों और अभिलेखीय जांच के दौरान यह सामने आया कि संबंधित कर्मचारी ने अपने दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती। विशेष रूप से सरकारी और अभिलेखीय डाक के विधिवत वितरण में विफलता पाई गई है, जो विभागीय कार्यप्रणाली में गंभीर त्रुटि मानी जाती है।
इसके अलावा, अजीत कुमार की ओर से निर्धारित कार्यस्थल से अनधिकृत अनुपस्थिति भी दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार यह आचरण विभागीय सेवा नियमों का उल्लंघन है और इसे गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में रखा गया है।
डाक विभाग ने संकेत दिया है कि यदि जांच में आरोप पुष्ट होते हैं, तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग का कहना है कि सेवा की पारदर्शिता, जवाबदेही और जनविश्वास बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी के श्रमिक नेता राणाप्रताप सिंह बने इंटक की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य



**रांची** : हेवी इंजीनियर्स कॉरपोरेशन क्षेत्र के वरिष्ठ श्रमिक नेता राणाप्रताप सिंह को भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति के बाद एचईसी क्षेत्र और श्रमिक संगठनों में खुशी का माहौल है। यह जानकारी हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के राष्ट्रीय संगठन सचिव लीलाधर सिंह ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति इंटक के केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के तहत की गई है, जिसके तहत राणाप्रताप सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा। लीलाधर सिंह ने राणाप्रताप सिंह को इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही श्रमिकों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने में भी मदद करेगा। उन्होंने कहा कि राणाप्रताप सिंह लंबे समय से श्रमिक हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं और उनकी सक्रिय भूमिका का लाभ अब राष्ट्रीय स्तर पर भी मिलेगा। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए डॉ. संजीव रेड्डी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और समर्थन से यह संभव हो सका। उन्होंने उम्मीद जताई कि राणाप्रताप सिंह अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। इस अवसर पर हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इंटक के केंद्रीय नेतृत्व के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। यूनियन पदाधिकारियों ने राणाप्रताप सिंह के सफल और उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनकी नियुक्ति से श्रमिक हितों को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### हाई कोर्ट ने अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद कुमार की अग्रिम जमानत याचिकाएं कीं खारिज

**रांची** : झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपित अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार को झारखंड उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने दोनों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। इस फैसले के बाद दोनों आरोपितों की कानूनी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इस मामले में पूर्व में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को अदालत ने फैसला सुनाते हुए दोनों की अग्रिम जमानत याचिका को अस्वीकार कर दिया। इससे पहले अरुण पति त्रिपाठी और अरविंद कुमार ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, लेकिन वहां भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। एसीबी की विशेष अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद दोनों आरोपितों ने निचली अदालत के आदेश को झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उल्लेखनीय है कि झारखंड में हुए शराब घोटाले की जांच के दौरान अरुण पति त्रिपाठी की संलिप्तता सामने आई है। वह राज्य सरकार की उत्पादन नीति के सलाहकार रह चुके हैं। झारखंड में नई शराब नीति के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। जांच एजेंसियों के अनुसार, अरुण पति त्रिपाठी ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे के साथ मिलकर छत्तीसगढ़ की कई प्लेसमेंट एजेंसियों को झारखंड में प्रवेश दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। आरोप है कि इस प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई और इससे बड़े स्तर पर वित्तीय अनियमितताएं हुईं। शराब घोटाले को लेकर जांच एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं और कई अहम दस्तावेजों व लेन-देन की जांच की जा रही है। उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद अब दोनों आरोपितों पर गिरफ्तारी की आशंका भी बढ़ गई है।

### मंत्री इरफान अंसारी ने यूट्यूब चैनल को भेजा 10 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस

**रांची** : स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री इरफान अंसारी ने उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने, दुर्भावनापूर्ण मीडिया ट्रायल चलाने और सांप्रदायिक संकेतों के जरिए सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में रांची के एक स्थानीय यूट्यूब चैनल के खिलाफ कड़ा कानूनी कदम उठाया है।मंत्री की ओर से 23 अप्रैल 2026 को अधिवक्ताओं के माध्यम से 10 करोड़ रुपए का फाइनल एवं बाइंडिंग लीगल नोटिस जारी किया गया। मंत्री ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नोटिस में संबंधित मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित और प्रसारित सामग्री को पूर्व-नियोजित, दुर्भावनापूर्ण और चरित्र-हनन करने वाला है। जिसमें एकतरफा मीडिया ट्रायल के जरिए जनमानस में भ्रामक और गलत धारणा बनाने का प्रयास किया गया, जो पत्रकारिता की मयार्दाओं का उल्लंघन है। साथ ही मंत्री ने उसमें प्रयुक्त भाषा को सांप्रदायिक संकेतों से युक्त बताते हुए इसे सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देने वाला करार दिया है। नोटिस में मंत्री ने चैनल के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं जिनमें संबंधित यूट्यूब चैनल के सभी प्लेटफॉर्म से विवादित कंटेंट को तत्काल हटाने, डॉ. अंसारी से सार्वजनिक और बिना शर्त माफी मांगे जाने तथा ऐसा नहीं करने पर 10 करोड़ का हजार्ना अदा करने की मांगे शामिल है। नोटिश के माध्यम से चैनल को निर्धारित समय-सीमा में मांगें पूरी नहीं होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मंत्री ने कहा कि इस कंटेंट से उनकी प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है और उन्हें मानसिक पीड़ा व सार्वजनिक अपमान झेलना पड़ा, जो अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सम्मान की बात करते हुए स्पष्ट किया कि झूठ और समाज को बांटने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डॉ. अंसारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ऐसे मीडिया संस्थानों को दिए जा रहे सरकारी विज्ञापनों पर रोक लगाने और जनसंपर्क विभाग में उनका पंजीकरण रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ यूट्यूब चैनल, विशेषकर बिहार से संचालित, सुनियोजित तरीके से राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल कर रहे हैं।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद जिला रांची इकाई की कार्यकारिणी की

## विशेष बैठक सह काव्य गोष्ठी सम्पन्न




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अखिल भारतीय साहित्य परिषद, जिला रांची इकाई के तत्वावधान में प्रेस क्लब रांची के सभागार में कार्यकारिणी विशेष बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर रांची महानगर की अध्यक्षा डॉ. राजश्री जयंती तथा महामंत्री विशाल कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।
कार्यक्रम में प्रदेश स्तर से पधारे पदाधिकारियों एवं अतिथियों में डॉ. प्रशांत कर्ण, इंद्रजीत यादव, चंदन प्रजापति, विजय प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। बैठक में परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।
बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय महामंत्री विजय प्रकाश ने परिषद के उद्देश्य के विषय पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों के विषय में जानकारी दिये।बैठक में परिषद द्वारा आत्मबोध से विश्व बोध विषय पर कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में प्रस्ताव को सर्व समिति से पारित किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह की अस्वस्थता के कारण प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रशांत कर्ण को बनाया गया।
आगामी कार्यक्रम की सफलता को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि परिषद द्वारा प्रस्तावित आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा विभिन्न दायित्वों का निर्वहन व निर्धारण सही तरीके से हो इसके लिए संयोजक और उप संयोजक का चयन किया गया।
कार्यकारिणी बैठक के उपरांत प्रांत के साहित्यकारों व कलमकारों ने काव्य-पाठ किया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन पुष्पा सहायक डिग्री द्वारा किया गया। मौके पर प्रमुख रूप से डॉ. राजश्री जयंती, रूणा रश्मि 'दीप्त', विभा वर्मा वाची, अर्पणा सिंह अर्पी, एवं सुनीता श्रीवास्तव 'जागृति' सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुत दी।

# एसबीयू में हुआ शानदार प्लेसमेंट 300 से अधिक छात्रों का चयन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रोजगार के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच, सरला बिरला विश्वविद्यालय ने इस साल मजबूत प्लेसमेंट गति बनाए रखी है, जिसमें कई प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक कंपनियों के माध्यम से विवि के विद्यार्थियों का शानदार प्लेसमेंट हो रहा है। विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट विभाग लगातार ऑनलाइन, ऑन-कैंपस एवं पूल कैंपस मोड के माध्यम से एक के बाद एक सफल भर्ती अभियानों का आयोजन कर रहा है, जिससे विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए रोजगार के व्यापक अवसरों का सृजन हो रहा है।
इस प्लेसमेंट सत्र में देश-विदेश की कई प्रतिष्ठित एवं अग्रणी कंपनियों ने विश्वविद्यालय के प्रति अपना विश्वास व्यक्त करते हुए भागीदारी सुनिश्चित की। इनमें ईवाई, बिरला ओपस, टीसीएस, डेलोइट, आईडीबीआई बैंक, आईटीसी होटल्स लिमिटेड, जीई एयरोस्पेस, एक्सिस बैंक, बर्जर पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, इन्फो एज सहित अनेक प्रमुख कंपनियां शामिल हैं।



प्लेसमेंट सत्र में ईवाई, बिरला ओपस, टीसीएस, डेलोइट, आईडीबीआई बैंक, आईटीसी होटल्स लिमिटेड, जीई एयरोस्पेस, एक्सिस बैंक, बर्जर पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, इन्फो एज सहित अनेक प्रमुख कंपनियां शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, कई प्रमुख कंपनियों के साथ भर्ती प्रक्रियाएं फिलहाल प्रगति पर है। आनेवाले दिनों में गोदरेज, टेक महिंद्रा, केईसी इंटरनेशनल, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक, अरविंद फैशंस समेत अन्य जानी-मानी कंपनियों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव होने वाली है। इससे विवि के विद्यार्थियों के लिए और अधिक अवसरों की भरमार होगी। इस वर्ष अब तक विवि के 300 से अधिक छात्रों का विभिन्न कंपनियों में सफलतापूर्वक चयन हो चुका है, जबकि कई कंपनियों के परिणाम अभी घोषित होने शेष हैं। यह निरंतर प्रगति विश्वविद्यालय की मजबूत प्लेसमेंट रणनीति एवं उद्योगों के साथ उसके सुदृढ़ संबंधों को दर्शाती है।
एसबीयू के माननीय प्रतिकुलाधिपति श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने प्लेसमेंट में सफल विद्यार्थियों को शुभकामना संदेश देते हुए विवि की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया है।

# 275 विद्यार्थियों को जागरूकता कार्यशाला में दी गई आंखों की देखभाल की जानकारी

- बालकृष्ण उच्च विद्यालय में बच्चों के लिए मायोपिया विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन
- डॉ. रीना सिंह ने बच्चों को मायोपिया के प्रमुख लक्षणों के बारे में बताया
- समय पर जांच और उचित देखभाल से मायोपिया को नियंत्रित किया जा सकता है

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की रांची सृजन शाखा की ओर से शुक्रवार को बालकृष्ण उच्च विद्यालय में बच्चों के लिए मायोपिया (निकट दृष्टि दोष) विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के 275 विद्यार्थियों ने भाग लिया और आंखों की सेहत से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।
कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षित विशेषज्ञ डॉ. रीना सिंह, डॉ. श्वेता सिंह और डॉ. अवनीति ने बच्चों को मायोपिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मायोपिया आंखों की एक सामान्य समस्या है, जिसमें दूर की वस्तुएं स्पष्ट दिखाई नहीं देतीं।
डॉ. रीना सिंह ने बच्चों को मायोपिया के प्रमुख लक्षणों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि ब्लैकबोर्ड साफ न दिखाई दे, आंखों में तनाव महसूस हो या बार-बार सिरदर्द हो, तो यह निकट दृष्टि दोष के संकेत हो सकते हैं। उन्होंने बच्चों को इन लक्षणों को नजरअंदाज न करने और समय रहते जांच कराने की सलाह दी।
डॉ. श्वेता सिंह ने बताया कि समय पर जांच और उचित देखभाल से मायोपिया को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराने, संतुलित और पौष्टिक आहार लेने तथा मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से बचने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से स्क्रीन टाइम कम रखने पर जोर दिया।
डॉ. अवनीति ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उन्होंने बताया कि बच्चों ने इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियों को गंभीरता से सुना।
इस अवसर पर मीडिया प्रभारी रीता मोदी, शाखा अध्यक्ष नेहा सरावगी, निधि सर्राफ, अनामिका केडिया, श्वेता सरावगी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को आंखों की समस्याओं के प्रति सजग बनाना और स्वस्थ दृष्टि के महत्व को समझाना था।

## एक नजर

### पंडा समाज को बदनाम न करें : धनंजय पुटूस

**रामगढ़** : रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर को लेकर दिए गए बयान के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने जेएलकेएम नेता चुन्नू नायक के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि ब्राह्मण समाज और मंदिर के पंडा समाज को बेवजह निशाना बनाना बंद किया जाए। धनंजय पुटूस ने कहा कि मां छिन्नमस्तिका मंदिर सदियों से आस्था, श्रद्धा और परंपरा का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां पूजा-पद्धति निर्धारित व्यवस्था के तहत संचालित होती रही है। ऐसे में बिना प्रमाण यह कहना कि पंडा समाज ने पहानों का अधिकार छीना है, पूरी तरह तथ्यहीन, भ्रामक और गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में हर समाज, वर्ग और समुदाय का अपना सम्मानित स्थान है। ब्राह्मण समाज ने वर्षों से धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, अनुष्ठानों के संचालन और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। इसका सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज के अधिकार, सम्मान और विकास के प्रति भी सभी की समान प्रतिबद्धता है। किसी एक समाज को आगे बढ़ाने के नाम पर दूसरे समाज को बदनाम करना उचित नहीं है। धनंजय पुटूस ने जेएलकेएम नेताओं से अपील की कि वे राजनीतिक लाभ के लिए धार्मिक और सामाजिक मुद्दों को विवाद का रूप न दें।

### कोडरमा में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसपी से की मुलाकात

**कोडरमा** : कोडरमा के नवनियुक्त ऊर्जावान पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष से कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, जिला उपाध्यक्ष दशरथ पासवान एवं कांग्रेस नेता सोनू वारसी ने एसपी को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले की कानून-व्यवस्था और लंबित मामलों को लेकर अपनी चिंताएं रखीं। उन्होंने कोडरमा थाना कांड संख्या 25/2025 की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की, ताकि दोषियों को सजा मिले और किसी निर्दोष को फंसाया न जाए। इसके अलावा तिलैया डैम ओपी कांड संख्या 20/2026 के फरार अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई, जिस पर एसपी ने शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। कांग्रेस नेताओं ने जिले में अवैध शराब की भट्टियों और जुआ अड्डों पर सख्ती बढ़ाने, साथ ही पुलिस गश्ती तेज करने का भी आग्रह किया। शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और जाम की समस्या को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### जयनगर प्रखंड में साप्ताहिक समीक्षा बैठक योजनाओं की प्रगति पर जोर

**जयनगर** : जयनगर प्रखंड कार्यालय में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विकास योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की गहन समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत पूर्व में आयोजित बैठकों के अनुपालन की समीक्षा से हुई, जिसमें अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों से प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में पंचायत राज, मनरेगा, आवास योजना, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम, जनगणना, निर्वाचन कार्य सहित जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई। साथ ही अंचल कार्यालय से जुड़े राजस्व कार्य—दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, अतिक्रमण निवारण आदि की भी विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कार्यों की प्रगति पर संतोष जताते हुए आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए, ताकि योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

# दिनदहाड़े ज्वेलर्स डकैती का खुलासा : सात आरोपी गिरफ्तार, जेवर-हथियार बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रजरप्पा** : रजरप्पा थाना क्षेत्र के चितरपुर रजरप्पा मोड़ स्थित शिवशंकर ज्वेलर्स में 21 अप्रैल 2026 को हुई सनसनीखेज डकैती कांड का पुलिस ने पदार्फाश कर दिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उनके पास से लूटे गए जेवर, हथियार, कारतूस और वाहन बरामद किए गए हैं। मामले में रजरप्पा थाना कांड संख्या 48/2026 दर्ज किया गया। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 310(2), 111(2) (बी), 111(4) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए), 25(1-बी)(ए), 25(1-एएए), 35 और 27(1) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर डीएसपी चंदन वत्स के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया। टीम ने रामगढ़, रांची, पलामू, लातेहार और बिहार के नालंदा जिले में लगातार छापेमारी कर गिरोह के सदस्यों को दबोच लिया। तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली। गिरफ्तार आरोपियों में सुभानी अंसारी उर्फ ललका (बरकट्ठी, मांडू, रामगढ़), मनीष कुमार (सलेमपुर, बेना, नालंदा/रेलवे क्वार्टर हरनौत), रीना देवी (सलेमपुर, नालंदा), चन्द्रावती देवी (गणपुरा, नुसराय, नालंदा), आनंद कुमार (देवी मंडप रोड, हेसल, पंडरा, रांची), अरबाज अंसारी (नयासराय, न्यू विधानसभा, रांची) तथा नसरूल्ला अंसारी उर्फ राजा (दीपा टोली, इलाही नगर, पुंदाग, रांची) शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 95 ग्राम सोना, चांदी के दर्जनों आभूषण, देसी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, मोबाइल फोन, टीवीएस अपाचे बाइक संख्या जेएच24पी-4932, होंडा शाइन बाइक संख्या जेएच01ईसी5248, स्कूटी संख्या जेएच01ईयू3788 और अर्टिगा कार संख्या बीआर01जेए-6449 जब्त की है। बरामद सामान को केस रिकॉर्ड में शामिल किया गया है। ऑपरेशन में फैजान अहमद, मुकेश कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार, नवीन प्रकाश पांडेय, रजत कुमार, सतेन्द्र कुमार सिंह, कामता नाथ सिंह, अभिषेक कुमार, शिवलाल कुमार गुप्ता, आशुतोष कुमार सिंह, सदानंद कुमार, दीपक कुमार, रोहित राज सिंह, संजय कुमार रजक, रंजीत कुमार महतो, निरंजन कुमार सिंह, अशोक कुमार, अनिल कुमार, अमित कुमार, अखिलेश कुमार सिंह, रौशन बाड़ा सहित तकनीकी शाखा के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी सुभानी अंसारी पर रामगढ़, बोकारो, जमशेदपुर समेत कई थानों में पहले से गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की तलाश में जुटी है।

## अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था को लेकर एसपी ने की समीक्षा बैठक, थानेदारों को दिए कड़े निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने जिले के सभी थाना प्रभारी, अंचल निरीक्षक एवं पुलिस उपाधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था की स्थिति की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान संपत्ति मूलक कांडों के उद्भेदन, अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने, क्षेत्र में नियमित गश्ती बढ़ाने तथा अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उन पर नकेल कसने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सतर्क और सक्रिय रहने का निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए कई बिंदुओं पर रणनीति तैयार की गई।

## गोहाल में रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग तेज, मंत्री ने किया स्थल निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर** : प्रखंड जयनगर के गोहाल पंचायत स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास लंबे समय से लंबित रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर कोडरमा की सांसद सह महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके से ही रेल महाप्रबंधक से फोन पर वार्ता कर आवश्यक कार्रवाई के लिए बैठक बुलाने का निर्देश दिया। मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि क्षेत्र में लगातार बढ़ती आबादी और आवागमन को देखते हुए यहां रेलवे अंडरपास का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। स्थानीय ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि परसाबाद स्टेशन और यदुडीह ब्लॉक हॉल्ट के बीच एक भी अंडरपास या ओवरब्रिज नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है, जबकि अन्य स्थानों पर ऐसी सुविधा उपलब्ध है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर सकारात्मक पहल की जाएगी। मौके पर जिप सदस्य केदारनाथ यादव, मुखिया विनोद दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन पासवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज दास, जितेंद्र कुमार यादव, रंजीत दास, जामुनी दास, सुरेश दास, लोकनाथ दास, प्रेमचंद दास, विनोद दास उर्फ मनी, मुंशी दास, रघुनंदन दास, मुकेश यादव, राधे ग्रामीण समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## डोमचांच में लूटपाट व मारपीट: दो युवक पर आरोप, पीड़ित रांची रेफर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात



**कोडरमा** : डोमचांच प्रखंड क्षेत्र के घरबरियाबर में एक मामला फिर से सामने आया है जहां गांव के ही दो युवक विशाल यादव, सत्या यादव शराब के नशे में अपने ही गांव के प्रेम यादव के साथ रात लगभग आठ बजे बेहराडीह पूल के समीप बाप बेटा के साथ बे खौफ होकर पैसे, सोने की अंगूठी,चैन की छीनतय कर ली और जमकर मार पीट किया इन सभी मामलों को लेकर प्रेम यादव के बेटे संजन कुमार यादव ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है प्रेम कुमार के बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर से रांची रेफर कर दिया है। आवेदन के अनुसार, पीड़ित ने बताया कि जान के मारने के नियत से घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले को लेकर उसने स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा प्रदान करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में पीड़ित ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा उसे न्याय दिलाने की अपील की है। फिलहाल, प्रशासन द्वारा मामले की जांच की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही जा रही है।

## रामगढ़ एसपी का औचक निरीक्षण, वेस्ट बोकारो और कुज्जू ओपी को दिए कड़े निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : जिले में बेहतर पुलिसिंग, तेज कार्रवाई और मजबूत कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने गुरुवार को रामगढ़ अनुमंडल क्षेत्र के वेस्ट बोकारो ओपी और कुज्जू ओपी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था, लंबित मामलों की स्थिति और पुलिस कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने दोनों ओपी क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील इलाकों, अपराध प्रभावित क्षेत्रों और गश्ती व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सुरक्षा रणनीति को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। एसपी ने ओपी में पदस्थापित और प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों के कार्य बंटवारे की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का समयबद्ध और जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें, ताकि आम लोगों को त्वरित न्याय और सहायता मिल सके। निरीक्षण के दौरान सिरिस्ता अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित वारंट, कुर्की, सम्मन निष्पादन और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की प्रगति रिपोर्ट ली गई। साथ ही आरोप पत्रित अपराधियों के भौतिक सत्यापन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। थानों में लंबित चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन और सीसीटीएनएस प्रविष्टियों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड अद्यतन रखना आधुनिक पुलिसिंग का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पंचायतों की दमदार उड़ान : राज्य मंच पर चमका रामगढ़ कई श्रेणियों में जीता सम्मान और बढ़ाया जिले का मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़** : मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत रांची के खेलगांव इंडोर स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में रामगढ़ जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई श्रेणियों में सम्मान हासिल किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में जिले की उपलब्धियों ने पूरे राज्य का ध्यान आकर्षित किया। पंचायत स्तर पर विकास, स्वच्छता, सुशासन और जनभागीदारी के क्षेत्र में रामगढ़ की सफलता को विशेष रूप से सराहा गया। राज्य मंच पर मिले सम्मान के बाद रामगढ़ में खुशी की लहर है। उपायुक्त ऋतुराज ने इसे पूरे जिले के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने पूर्व उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह सहित सभी अधिकारियों, कर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई दी। वर्ष 2024-25 के लिए रामगढ़ जिले को कई महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए। उत्कृष्ट जिला परिषद श्रेणी में जिले ने प्रथम स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट पंचायत समिति श्रेणी में दुलमी पंचायत समिति को प्रथम स्थान मिला। स्वच्छ एवं स्वस्थ पंचायत समिति श्रेणी में गोला पंचायत समिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेष्ठ ग्राम सभा श्रेणी में पतरातू (कंडेर) को 31वां स्थान तथा इचातु (दुलमी) को 32वां स्थान मिला। स्वच्छ एवं स्वस्थ ग्राम पंचायत श्रेणी में कोराम्बे (गोला) को 17वां स्थान प्राप्त हुआ। वहीं उत्कृष्ट ग्राम पंचायत श्रेणी में बरियातू (गोला) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि यह सम्मान पंचायत प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों के समन्वित प्रयास का नतीजा है। विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, स्वच्छता अभियान और पारदर्शी प्रशासन ने जिले को यह पहचान दिलाई है। कार्यक्रम में राज्यभर से आए प्रतिनिधियों ने पंचायतों में नवाचार और सुशासन के मॉडल साझा किए। रामगढ़ की उपलब्धि अब अन्य जिलों के लिए प्रेरणा बन गई है। जिले के लोगों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले वर्षों में भी रामगढ़ इसी तरह सफलता का नया इतिहास रचेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली में गूंजी रामगढ़ की आवाज, आदिवासी मुद्दों पर राष्ट्रीय मंच पर उठी बात



**रामगढ़** : दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम में रामगढ़ जिले की आवाज मजबूती से सुनाई दी। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में रामगढ़ जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष गगन करमाली ने आदिवासी समाज के जमीन अधिकार, सामाजिक न्याय और विकास से जुड़े अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मंच से संबोधित करते हुए गगन करमाली ने कहा कि आदिवासी समाज सदियों से अपनी जमीन, जल, जंगल और संस्कृति की रक्षा करता आया है, लेकिन आज भी बड़ी संख्या में लोग अपने अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में जमीन विवाद, विस्थापन और वनाधिकार के मामले अब भी गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं। उन्होंने रामगढ़ जिले के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले आदिवासी परिवारों की समस्याओं को विस्तार से रखा। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहुंचने, रोजगार की कमी, शिक्षा सुविधाओं की कमजोरी और भूमि सुरक्षा जैसे विषयों पर उन्होंने ठोस पहल की मांग की। गगन करमाली ने कहा कि समाज को जाति और धर्म के आधार पर बांटने की कोशिशें लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर विकास करना ही देशहित में है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आदिवासियों की जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि उनकी पहचान और अस्तित्व का आधार है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आदिवासी समाज के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और उनके संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की जाएगी। संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए कार्यकर्ताओं और प्रतिनिधियों ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और भूमि अधिकार पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के बाद गगन करमाली ने कहा कि रामगढ़ की आवाज अब राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुकी है और आने वाले समय में गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### राधा गोविन्द हाई स्कूल ललकी घाटी का मैट्रिक रिजल्ट 100 प्रतिशत



**रामगढ़** : मैट्रिक परीक्षा 2026 में स्थानीय ललकी घाटी स्थित राधा गोविन्द हाई स्कूल ने शानदार सफलता हासिल करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया है। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं के उत्तीर्ण होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय से इस वर्ष कुल 72 परीक्षार्थी मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे। परिणाम घोषित होने पर सभी विद्यार्थी सफल रहे। इस उपलब्धि को विद्यालय परिवार, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने गर्व का क्षण बताया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने शानदार अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया। रेहान अंसारी- 87 प्रतिशत, प्रताप पटेल - 86 प्रतिशत, शशि कुमार महतो- 85 प्रतिशत, निरज कुमार महतो - 84 प्रतिशत, हुजैफा जाहिद -83 प्रतिशत, इन विद्यार्थियों ने विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सफलता की नई मिसाल पेश की। सफलता पर विद्यालय सचिव बी.एन. साह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाले वर्षों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। संस्था निर्देशिका प्रियंका कुमारी, डॉ. संजय कुमार, अजय कुमार, प्रधानाध्यापक घुमेश्वर महतो, सहायक शिक्षक प्रतिमा बेला कुजूर, राहुल कुमार महली, पंचम कुमार, रिमा घोष, मुनमुन विश्वकर्मा, कविता कुमारी, मनेश्वर महतो, गीतांजलि कुमारी, इंद्राणी, संध्या, नंदकिशोर और किरण बक्शी सहित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

### नवपदस्थापित रढ से झामुमो प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात, कानून-व्यवस्था पर चर्चा



**कोडरमा** : अभ्रक नगरी में नए एसपी का स्वागत करते हुए शिष्टमंडल ने जिले की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए ज़िले में अमन चैन स्थापित करने का आग्रह किया। मुलाकात के मुख्य बिंदु और शिष्टमंडल की मांगें निम्नलिखित हैं: अपराधों पर अंकुश: जिले में बढ़ रही हत्या और चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस को और अधिक सक्रिय होने का आग्रह किया गया। महिलाओं की सुरक्षा: सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती चैन स्नैचिंग की घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग की गई। आत्महत्या के मामले: जिले में हाल के दिनों में बढ़े आत्महत्या के मामलों पर चर्चा करते हुए इसके सामाजिक और मानसिक कारणों पर ध्यान देने का सुझाव दिया गया। अमन-चैन की स्थापना: शिष्टमंडल ने एसपी से आग्रह किया कि जिले में शांति व्यवस्था बहाल की जाए ताकि आम नागरिक भयमुक्त वातावरण में रह सकें। शिष्टमंडल: कोडरमा जैसे महत्वपूर्ण जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जन-मैत्रीपूर्ण पुलिसिंगको बढ़ावा देने की आपकी पहल सराहनीय होगी। हमें विश्वास है कि आपके नेतृत्व में जिले के नागरिक सुरक्षित महसूस करेंगे और अपराध नियंत्रण में सफलता मिलेगी जिला समिति जिले के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशासन को हर संभव रचनात्मक सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। एसपी ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि पुलिस अपराध के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम करेगी।

### 10 दिवसीय एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**कोडरमा** : बागी टांड़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक, कोडरमा के प्रांगण में ग्रुप हेडक्वार्टर हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार की संध्या भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार (सेना मेडल) के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष साजिद हुसैन तथा जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता संदीप कुमार, नगर परिषद झुमरी तिलैया के सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार एवं अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीएच+2 हाई स्कूल, झुमरी तिलैया, राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा (गोहाल), आरएलएसवाई कॉलेज, जेजे कॉलेज, जेएनवी,पुतो डीएवी स्कूल तथा ग्रिजली स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं मनमोहक बांसुरी वादन की शानदार प्रस्तुतियां दीं।

एक नजर

## सड़क हादसा, केबिन में फंसे चालक को पुलिस ने निकाला



**चौपारण :** थाना क्षेत्र के चोरदाहा पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार देर रात करीब एक बजे दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक संख्या इफ02ङ्क 2013 का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही चौपारण थाना पुलिस एवं एनएचएआई की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घायल चालक की पहचान राजू यादव, निवासी देवनिया, थाना बाराचट्टी के रूप में हुई है। उसे प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि संबंधित ट्रक झारखंड से बिहार की ओर जा रहा था। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इधर, चौपारण की दनुआ घाटी में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। आए दिन हो रहे हादसों में लोगों की जान जा रही है और कई परिवार प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार घाटी की जर्जर सड़क, पर्याप्त संकेतकों का अभाव तथा सुरक्षा उपायों की कमी दुर्घटनाओं की मुख्य वजह है। लोगों का कहना है कि हर हादसे के बाद कुछ समय के लिए हलचल जरूर होती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जाते। इससे लोगों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों एवं राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि दनुआ घाटी में सड़क मरम्मत, सुरक्षा संकेतक, स्पीड कंट्रोल तथा नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए।

# एसयूसीआई झारखंड ने 79वें स्थापना दिवस पर आम सभा में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता






**जमशेदपुर :** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया झारखंड राज्य कमिटी की ओर से पार्टी के 79वें स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश के जनजीवन के ज्वलंत समस्याओं एवं केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ विशाल आम सभा मार्क्सवाद लेनिनबाद कामरेड शिवदास घोष अध्ययन केंद्र का कासीदा में संपन्न हुई। इस मौके पर झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। सर्वप्रथम दिन के 12:00 बजे कसीदा स्थित मार्क्सवाद लेनिनबाद कामरेड शिवदास घोष अध्ययन केंद्र में पार्टी के लाल झंडे का झंडोत्तोलन पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सोमेन बोस ने किया। साथ ही मौके पर उपस्थित पार्टी के किशोर वाहिनी कोमसोमोल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। संगठन के झारखंड राज्य सचिव एवं पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड रॉबिन समाजपति, पोलित ब्यूरो सदस्य कामरेड स्वपन चटर्जी, घाटशिला अध्ययन केंद्र के प्रभारी मलय बोस ने कॉमरेड शिवदास घोष के मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित किया। संगठन के संगत मंडली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीत एवं पार्टी के गीत की प्रस्तुति दी गई।

मौके पर विशाल आम सभा के मुख्य वक्ता पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड सोमेन बोस ने कहा कि आज एक तरफ सभी बड़ी-बड़ी पूंजीपति वर्ग की पार्टी आज टूट रही है वहीं दूसरी ओर इस देश की एकमात्र सही वामपंथी पार्टी रवउकउ पूरे देश में एक ताकत के साथ आम जनता का सपोर्ट लेकर आगे बढ़ रही है। आज चाहे वह केंद्र की बड़ी पार्टी हो या राज्य की क्षेत्रीय पार्टी हो जो बारी-बारी से सरकार में रही है आम जनता के समस्याओं का समाधान करने के बजाय जन विरोधी शिक्षा विरोधी किसान विरोधी मजदूर विरोधी कानून को लागू कर रही है। महंगाई और बेरोजगारी आसमान छू रही है, नौकरी देने के बजाय सरकार सरकारी एवं प्राइवेट दोनों नौकरियां आम लोगों से छीन रही है। बगल के टाटा कंपनी के अंदर टाटा स्टील और टाटा मोटर्स के कर्मचारियों को जबरन ५१२ देकर निकालने की साजिश चल रही है। आईटी सेक्टर में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को नौकरी से बाहर कर रही है। किसी भी पार्टी के पास आम जनता के समस्याओं का समाधान नहीं है। हमारी पार्टी शुरूआती दिन से ही रहती है जन आंदोलन ही एकमात्र रास्ता है जहां हम जनता के सवालों को लेकर संगठित आंदोलन निर्माण करते हैं और सरकार को मजबूर करते हैं समस्याओं का समाधान निकालने के लिए। आज हमारी पार्टी के नेतृत्व में देश के सभी राज्यों में आम जनता के समस्याओं को लेकर बड़ी-बड़ी आंदोलन का हो रही हैं। देश की जनता हमारी पार्टी पर भरोसा कर रही है। आज उपस्थित तमाम संगठन के कार्यकताओं से अपील होगा जो देश की जनता झारखंड की जनता हम पर भरोसा करती है आशा लेकर बैठी है।

## प्रियंका गोप और तपन कुंभकार ने किया मैट्रिक में बेहतर परिणाम


प्रियंका गोप
96 प्रतिशत


तापस कुंभकार
91.20 प्रतिशत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुडदा के छात्रों ने झारखंड अधिविध परीक्षा द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर अभिभावक, स्कूल सहित शिक्षकों का नाम रोशन किया है। प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुडदा की छात्रा प्रियंका गोप पिता तरुण गोप ने 96 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। वही गोपालपुर निवासी सुनील कुंभकार के पुत्र तापस कुंभकार ने 91.20 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में बेहतर स्थान प्राप्त किया।छात्रा प्रियंका गोप ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता,पिता,विद्यालय के शिक्षक और ट्यूशन टीचर अनाथ बंधु कुंभकार को दी। प्रियंका आगे मेडिकल लाइन में बेहतर परिणाम लाकर डॉक्टर बनना चाहती हैं। वही छात्र तापस कुंभकार के बेहतर परिणाम पर उप प्रमुख प्रतिनिधि विश्वनाथ माझी ने अपने क्षेत्र के छात्रों के बेहतर परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए तापस कुंभकार का मुंह मीठा करवाया। तापस के पिता सुनील कुंभकार बेटे के बेहतर परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए उनके लक्ष्य को पूरा करवाने के लिए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

## कटकमसांडी के डाटो में 7 दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आगाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कटकमसांडी :** हजारीबाग में इन दिनों प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप दिखने लगा है, लेकिन भक्ति की शक्ति के आगे यह मौसम भी बौना साबित हो रहा है। बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा प्रखंड स्थित कुटीपीसी की बराडी नदी के तट पर शुक्रवार की सूर्य की पहली किरण के साथ ही देर दोपहर तक आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यहाँ सदर विधानसभा अंतर्गत डाटो पंचायत के 501 कलशयात्रियों का जत्था पवित्र जल उठाने पहुँचा। इस पावन अवसर पर विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे और श्रद्धालुओं संग पूजा-अर्चना करके ईश्वर की आराधना की। यहां पंहुचने पर सांसद मनीष जायसवाल का यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष सह सदर विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि किशोरी राणा की अध्यक्षता में लोगों द्वारा अंग- वस्त्र ओढ़ाकर और तिलक चंदन-लगाकर अभिनंदन किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने यहां श्रद्धालुओं के साथ खूब भगवत जयकारे भी लगाए जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ गया । तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी के बीच आने- जाने में करीब 14 किलोमीटर की इस पैदल यात्रा को पूर्ण करना डाटो के कलशयात्रियों ने अटूट समर्पण और विश्वास का प्रमाण दिया जो किसी कठिन तपस्या से कम नहीं जान पड़ता। कटकमसांडी के ग्राम पंचायत डाटो में नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण में 'श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ' का भव्य शुभारंभ शुक्रवार से इसी कलशयात्रा के साथ हो गया।

## जेएलकेएम नेता जानिसार आलम ने जैक राज्य टॉपर प्रियांशु कुमारी को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** जेएलकेएम जिला सचिव जानिसार आलम ने जैक बोर्ड परीक्षा में राज्य टॉपर बनीं लुपुंग ,हजारीबाग निवासी प्रियांशु कुमारी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बुके देकर सम्मानित किया। 500 में से 498 अंक प्रियांशु ने प्राप्त किया है। इस अवसर पर उन्होंने प्रियांशु की मेहनत, लगन और सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। जानिसार आलम ने कहा कि प्रियांशु कुमारी ने अपनी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज की जिम्मेदारी है, ताकि वे भविष्य में और भी ऊँचाइयाँ हासिल कर सकें। सम्मान समारोह के दौरान प्रियांशु कुमारी के परिवार के सदस्य एवं स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सभी ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रयांशु कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित पढ़ाई को दिया। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का दबदबा कायम

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने इस बार भी जैक बोर्ड परीक्षा 2026 में बड़कागांव प्रखंड में अपना दबदबा बनाने में सफल रहा। इस स्कूल से 169 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सम्मिलित हुए। 162 बच्चे फर्स्ट डिविजन से पास किये वहीं 7 बच्चे सेकंड डिविजन से उत्तीर्ण हुए। जिसमें खुशी रानी कुल 456 अंक लाकर विद्यालय में टॉपर बनी। साथ ही साथ 17 बच्चों ने 80 परसेंट से अधिक मार्क्स लाकर विद्यालय का और प्रखंड का नाम रोशन किया। 80% अंक लाने वाले विद्यार्थियों में खुशी कुमारी 91.2, सपना कुमारी 90.8, संदीप कुमार 89.2, संध्या कुमारी 88.8, नेहा कुमारी 88.8,रिंकी कुमारी 87,गौरव कुमार 83.4, काजल कुमारी 83.8, लक्ष्मण राज 83.8, राकेश कुमार 82.4, शिवा कुमार 81.6, नंदिनी पाठक 81.6,दीपक कुमार 81, अल्फी नाज 80.2, करीना कुमारी 80% मोहम्मद जीशान 80% इस सफलता पर स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी लगातार 15 वर्षों से बड़कागावं प्रखंड में टॉपर दिलाने का गौरव प्राप्त है।

## अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी, 80 लीटर शराब जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शुक्रवार को थाना क्षेत्र के ककरौला गांव एवं ककरौला जंगल में व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब निर्माण के ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की। पुलिस की अचानक दबिश से अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया, जबकि कई लोग मौके से फरार हो गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 80 लीटर तैयार अवैध शराब बरामद कर जब्त कर लिया, जिसे विधिवत थाना लाया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 6000 लीटर महुआ जावा को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, ताकि दोबारा उसका उपयोग शराब निर्माण में न किया जा सके। इसके अलावा शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों एवं भट्टियों को भी ध्वस्त कर दिया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी कीमत पर इस तरह के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जब्त शराब के संबंध में उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है तथा संलिप्त लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि क्षेत्र में होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके।

## अवैध लकड़ी तस्करी मामले में ट्रक जब्त, चालक सहित तीन नामजद

**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत संतरा वन प्रक्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। गुरूवार की रात्रि गश्ती के दौरान टीम ने साल लकड़ी से लदे एक ट्रक को जब्त कर चालक सह वाहन मालिक को गिरफ्तार किया है, जबकि इस धंधे से जुड़े दो अन्य लोगों के नाम भी सामने आए हैं।

संक्षिप्त खबरें

## सड़क निर्माण में दोनों भाइयों ने जमीन दान दिया, बीडीओ ने किया स्वागत



**बड़कागांव :** रामनवमी जुलूस एवं अन्य कार्यों में वाहनों की आवागमन में परेशानी को देखते हुए बड़कागांव गांव मध्य पंचायत के ठाकुर मोहल्ला में पूर्व सांसद प्रतिनिधि सरोज सोनी एवं उनके भाई मनोज सोनी ने सड़क की चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण के लिए जमीन दान दे दिया। इन दोनों भाइयों की कार्यों की प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल एवं मध्य पंचायत की मुखिया मो तकरीमुल्लाह खान, रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी ने सराहना की एवं स्वागत किया। मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान ने बताया कि रोड की कम चौड़ाई थी, इसलिए रामनवमी एवं अन्य पर्वों का जुलूस निकालने में एवं लोगों को आने-जाने में बहुत परेशानी होती थी। वही सरोज सोनी ने कहा कि 10 फीट चौड़ा एवं 70 फीट लंबा जमीन हम लोगों ने डोनेट किया है। मुखिया ने बताया कि 15 वे वित्त आयोग से उक्त सड़क एवं नाली को निर्माण किया जाएगा। यह काम शुरू कर दी गई है। सड़क एवं नाली का निर्माण मो बकाउल्लाह के घर से लेकर रामपति सोनी के घर तक किया जाएगा ,इसका प्राक्कलन राशि 1,84000 है ।

## आदर्श मध्य विद्यालय परिवार ने अपने पूर्व छात्राओं को किया सम्मानित



**पटमदा :** आदर्श मध्य विद्यालय में माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम करने वाले अपने पूर्व छात्राओं को सम्मानित किया। प्रियंका महतो, पूजा महतो, सहाना परवीन तीनों आदर्श मध्य विद्यालय, बांगुरदा के पूर्व छात्रा है। जो अपने वर्तमान विद्यालयों में माध्यमिक परीक्षा में अव्वल आए है। प्रियंका आदिवासी प्लस टू में, पूजा जवाहर नवोदय में तथा सहाना अपग्रेडेड हाइ स्कूल रसिकनगर में सर्वोच्च अंक पा कर अव्वल आई है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक विष्णुपद महंती ने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे सिर्फ विद्यालय में बल्कि आगे चलकर विद्यालय और महा विद्यालयों में भी अच्छे परिणाम कर रहे है, जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। विद्यालय के शिक्षक ब्रह्मपद तिवारी, सुष्मिता खां, आशीष कुमार,विनय कुमार पांडे, फुलमनी कच्छप, अनीता गोराई ने बच्चों के भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दी। बच्चे भी अपने पूर्व विद्यालय में आकर बहुत खुश हुए।

## झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने डीसी का किया स्वागत



**पटमदा :** पुर्वी सिंहभूम जिला के झारखण्ड आंदोलनकारियों ने झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चाङ्ग के जिला अध्यक्ष शिबू काली माईती के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नव नियुक्त उपायुक्त राजीव रंजन से मुलाकात कर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए जिला के सभी झारखण्ड आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र या प्रमाण पत्र तथा प्रतीक चिन्ह आदि का मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कोल्हान प्रमंडल अध्यक्ष विश्वजीत प्रमाणिक, सरत चंद्र महतो, सुनील कुमार महतो, डॉक्टर एल के महतो, मिहिर कुमार तिवारी, श्रिलोचन महतो, सिताराम महतो, सुभाष चन्द्र सिंह, प्रणव नाहा, एवं जेएलकेएम नेता शामिल हुए।

## 'प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना' की समीक्षा, स्कूली बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और पौष्टिक मध्याह्न भोजन पर जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निदेर्शानुसार शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में 'प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना' के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टीयरिंग-सह-मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना निदेशक आईटीडीए सह प्रभारी उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने की।

बैठक में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने विशेष रूप से स्कूली बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, मध्याह्न भोजन की नियमित उपलब्धता, भोजन से संबंधित एसएमएस भेजने की स्थिति, रसोइया-सह-सहायिकाओं को मानदेय भुगतान तथा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के बेहतर संचालन पर चर्चा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और तय मेनू के अनुसार मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और पौष्टिकता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा इसमें अनिवार्य रूप से हरी सब्जियां और अन्य पोषक आहार शामिल किए जाएं, ताकि बच्चों को संतुलित पोषण मिल सके। बच्चों की स्वास्थ्य जांच और आयरन-फोलिक एसिड की गोली वितरण की जानकारी लेते हुए आलोक शिकारी कच्छप ने नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आवश्यक दवाओं के वितरण को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्कूल स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी जरूरी है।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि बीईओ सहित सभी संबंधित अधिकारी प्रत्येक माह अपने-अपने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण करें और उसकी ऑनलाइन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इससे विद्यालयों के संचालन, भोजन व्यवस्था और बच्चों की उपस्थिति की नियमित निगरानी हो सकेगी। बैठक में सिविल सर्जन, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बीईओ सहित कई अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने योजना के सफल संचालन और बच्चों को बेहतर पोषण एवं शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में समन्वित प्रयास का आश्वासन दिया।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,राँची**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**Email - dsoranchigov@gmail.com**

पत्रांक–206 / जि०खे०    राँची, दिनांक–20.04.2026

**आम सूचना**

एतद द्वारा राँची जिला के इच्छुक खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–13 दिनांक–07.04.2026 के आलोक में भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, खेलो इंडिया योजना के तहत जिला स्तरीय Asmita City League का आयोजन किया जाना निर्धारित है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| Sl no | Sports Discipline | No. of Events per age category | Age Category | Date | Venue |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Badminton | 3 Events | U-14,U-17 & U-19 | 27-28 Apr 2026 | Indoor Badminton Stadium, Mandir Maidan, Morabadi, Ranchi |
| | Hockey | 1 Events | Open | | Marang Gomke Astrotuf Hockey Stadium, Morabadi, Ranchi |
| | Football | 3 Events | U-14,U-17 & U-19 | | Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi & Mandir Maidan, Morabadi Ranchi |
| | Kabaddi | 02 Event | U-14 & U-17 | | Birsa Munda Football Stadium, Morabadi, Ranchi |
| | Wrestling | 1 Events | Open | | |

नोटः–उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी आवेदन पत्र एवं संबंधित दस्तावेजों के साथ दिनांक–27.04.2026 के पूर्वाह्न 07:00 बजे तक मोराबादी अवस्थित हॉकी स्टेडियम में रिपोर्टिंग करेंगे। आवेदन पत्र एवं दिशा–निर्देश जिला के अधिकारिक वेबसाईट https://ranchi.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
ह०/–
PR 378392 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (26-27).D जिला खेल पदाधिकारी,राँची



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।**
**Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05 / 2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–08.05.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–09.05.2026 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाद्यीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Main Building & Construction of Boundary wall & Toilet with sanitary work, Electrical work and Deep Boring at Aysushman Kendra Oyna, Ranchi for the Year 2025 -26 | 34,07,100/- | 68,200/- | 5000/- | 3Months |
| 2 | Construction of Boundary wall & Toilet with sanitary work, Electrical work and Deep Boring at Aysushman Kendra Manatu, Ranchi for the Year 2025-26 | 28,69,400/- | 57,500/- | 5000/- | 3Months |
| 3 | Renovation of Main Building & Construction of Boundary wall & Toilet with sanitary work, Electrical work and Deep Boring at Aysushman Kendra Dubaliya, Ranchi for the Year 2025 -26 | 35,06,300/- | 70,200/- | 5000/- | 3Months |

8. निविदा की शर्ते **prdjharkhand.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
**कार्यपालक अभियंता**
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0, राँची।
PR 378325 (Building) 26-27 (D)

# कमजोर मानसून और आपदा प्रबंधन

आगामी मानसून को लेकर पहला पूवार्नुमान जारी करने के साथ मौसम विभाग ने आने वाले मानसून सत्र में सामान्य से कम बरसात के संकेत दिए हैं। हालांकि मानसून पूवार्नुमान अभी और जारी किये जाएंगे पर यह आरंभिक सूचना आने वाले समय के लिए गंभीर संकेत है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार सामान्य से 8 फीसदी तक कम बरसात की संभावना जताई गई है। देश के कई हिस्सों में कम बरसात के संकेत हैं तो कुछ हिस्सों में सामान्य बरसात हो सकती है। माना जा रहा है कि अलनीनो इफेक्ट के चलते मानसून कमजोर रहेगा। यह सही है कि हमारे मौसम मंत्रालय द्वारा जारी पूवार्नुमान काफी हद तक आसपास रहने लगे हैं। यहां तक कि दो से तीन घंटों में बरसात होने या आंधी-तूफान या ओलावृष्टि तक के पूवार्नुमान खरे उतरने लगे हैं। ऐसे में मौसम विभाग के पूवार्नुमानों को गंभीरता से लेते हुए केन्द्र व राज्यों की सरकारों को अभी से पूर्व तैयारियां करने में जुट जाना चाहिए। खासतौर से आपदा प्रबंधन मंत्रालय को अभी से भावी रणनीति तय करनी होगी। देश में मानसून सीजन में 87 सेमी बरसात होती है जिसके अनुमानों के अनुसार 81 सेमी तक रहने की आशंका है। पूवार्नुमानों को मानें तो साल 2018 में 91 प्रतिशत बरसात हुई थी, उसके बाद के वर्षों में मानसून लगभग अच्छा ही रहा है। पिछले आठ वर्षों में मानसून की स्थिति देखें तो साल 2023 में मानसून अवश्य कमजोर रहा है अन्यथा देश में मानसूनी वर्षा 100 प्रतिशत के आसपास व इससे अधिक रही है। हमारे देश में मानसूनी बरसात पर निर्भरता अधिक है। जहां खेती में मानसूनी बरसात की निर्भरता बहुत अधिक है तो दूसरी ओर पेयजल को लेकर भी मानसून पर निर्भरता अधिक है। जलाशयों में पानी के भण्डारण और भूजल स्तर भी बरसाती पानी पर निर्भर है। हमारी खेती मुख्यतः मानसून पर निर्भर है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता में कमी के कारण मानसून पर खेती 55 से 64 प्रतिशत निर्भर है। पीने के पानी की समस्या भी कमजोर मानसून से प्रभावित होती है। हमारे यहां मानसून की अवधि जून से सितंबर तक रहती है। अब सवाल उठता है कि पिछले वर्षों में मानसून सामान्य से अच्छा रहने के बावजूद कमजोर मानसून की स्थिति से निपटने में हमारी तैयारी अच्छी नहीं मानी जा सकती। अत्यधिक भूजल दोहन और जल संचयन की दीर्घकालिक नीति के अभाव में ठोस परिणाम प्राप्त नहीं हो पाये हैं। ऐसा नहीं है कि नीति नहीं बनती हो या ऐसा भी नहीं है कि जल संचयन के प्रयास नहीं होते हों पर जो परिणाम देखने में आए हैं वह कोई आशाजनक नहीं माने जा सकते। पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की बात हमारे यहां बेमानी है। प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संधारण में भी हम कुछ अधिक नहीं कर पाये हैं। इसके अलावा दुर्भाग्यजनक बात यह है कि तात्कालिक प्रयास होते हैं। शहरीकरण की आड़ में प्राकृतिक जल स्त्रोत या तो नष्ट हो गए हैं या उनमें बरसात के पानी जाने के रास्ते अवरुद्ध या बंद हो गए हैं। नदी नालों के रास्ते या तो बंद हो गए हैं या अवरुद्ध हो गए हैं। बरसात के पानी के जलाशयों व रास्तों में अनधिकृत कब्जे, निर्माण और रिसोर्ट बना दिए है। एक समय ऐसा भी आया कि जब विशेषज्ञों ने बरसात के पानी जाने के रास्तों में जगह-जगह एनिकट बनाने की सलाह दे डाली और छोटे-छोटे एनिकट बनने से नदियों-जलाशयों में पानी की आवक प्रभावित हो गई। इससे तात्कालिक यानी एनिकटों में पहले पानी एकत्र तो हुआ पर बाद में इनका रखरखाव नहीं होने से दोहरा नुकसान हुआ। इसी तरह वर्षा जल संचयन के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए सरकार ने अरबों रुपये खर्च किये पर उनके निर्माण के आंकड़े पूरे करने के चक्कर में हम भूल गए कि बरसात के पानी इनमें कितना व कैसे जा पाएगा। फिर बरसात से पहले इनकी देखरेख पर भी ध्यान नहीं देने से जो परिणाम मिलने चाहिए थे वे नहीं मिल सके हैं। हमारे दैनिक उपभोग में भी पानी का उपयोग काफी बढ़ा है। आज पेयजल से कई गुणा अधिक पानी टॉयलेट और कूलरों में उपयोग होने लगा है। समय रहते टॉयलेट में कम पानी के उपयोग की कोई राह निकाली जाती तो हालात में सुधार होता। इसी तरह देशभर में वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम लगाने का अभियान चला पर इनके परिणाम भी ज्यादा अच्छे नहीं देखे जा रहे। रिसाइकिल पानी को लेकर भी कोई स्पष्ट नीति तय हो तो कुछ हद तक समाधान हो सकता है।

## सूडोकु नवताल- 7745

★★★✩✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7744 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

# अमेरिका-भारत अंतरिक्ष सहयोग से अब व्यावसायिक साझेदारियां

**जहूर हुसैन बट**

अमेरिका-भारत अंतरिक्ष सहयोग का नया चरण आकार ले रहा है जो नीतिगत संवाद से कम और निजी क्षेत्र की सक्रियता से अधिक प्रेरित है। यह बदलाव बेंगलुरु में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया, जहां दोनों देशों के नीति-निमार्ता, उद्योग जगत के लीडर और उद्यमी व्यावसायिक अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए एकत्र हुए। अमेरिकी कांसुलेट, चेन्नई द्वारा आयोजित और यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से फरवरी 2026 में आयोजित अमेरिका-भारत स्पेस बिजनेस फोरम में दोनों देशों से 200 से अधिक सरकारी और उद्योग प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो व्यावसायिक संबंधों के विस्तार में गहरी रुचि को दशार्ता है।

यह फोरम भारत के लिए पहले अंतरिक्ष क्षेत्र को समर्पित अमेरिकी व्यापार मिशन का प्रमुख आयोजन भी था, जिसे अमेरिकी वाणिज्य विभाग और बिजनेस काउंसिल फॉर इंटरनेशनल अंडरस्टैंडिंग द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें 14 प्रमुख अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनियों के 23 वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत का दौरा किया।

### समन्वय से क्रियान्वयन तक

रणनीतिक समन्वय से व्यावसायिक क्रियान्वयन की ओर यह बदलाव उन लोगों के लिए पहले से ही स्पष्ट है जो इस जुड़ाव के केंद्र में काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय एडिमिनिस्ट्रेशन के स्पेस कॉमर्स कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंध विशेषज्ञ रोज क्रोशियर इस फोरम को नीतिगत गति और उद्योग की तीव्र वृद्धि दोनों के प्रति प्रतिक्रिया के रूप में देखती हैं। "इस फोरम को प्रेरित करने वाले कई कारक थे लेकिन दो विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं।" क्रोशियर कहती हैं, "भारत के निजी अंतरिक्ष इकोसिस्टम का तेजी से परिपक्व होना और अमेरिकी तथा भारतीय नेतृत्व के बीच अभूतपूर्व रणनीतिक समन्वय।" वह बताती हैं कि भारत का अंतरिक्ष स्टार्ट-अप इकोसिस्टम, जो अब 400 से अधिक कंपनियों का हो चुका है, उसने सबऑर्बिटल लॉन्च और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग जैसे क्षेत्रों में ठोस उपलब्धियां हासिल की हैं। उनके अनुसार, इन विकासों ने अमेरिकी निजी क्षेत्र को भारत को एक प्रमुख साझेदार के रूप में पहचानने के लिए प्रेरित किया है। क्रोशियर इस प्रगति को व्यापक ट्रस्ट पहल के संदर्भ में रखती हैं, जो "दशकों से चले आ रहे सरकार-से-सरकार सहयोग से एक उत्पादक व्यावसायिक साझेदारी की ओर संक्रमण" को दर्शाती है। यदि उस ढांचे ने आधार तैयार किया तो वह जोड़ती हैं, "यह फोरम व्यावसायिक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है, जो नीतिगत अनुकूल परिस्थितियों को उद्योग की कार्रवाई और सीमा-पार निवेश में परिवर्तित करता है।"

यूएसआईएसपीएफ में भारत के लिए प्रबंध निदेशक निवेदिता मेहरा कहती हैं कि अमेरिका-भारत अंतरिक्ष संबंध अब नीतिगत संवाद से आगे बढ़ चुके हैं और क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। "कुछ वर्ष पहले, इस तरह की चर्चा मुख्य रूप से कॉन्फ्रेंस रूम और संयुक्त बयानों तक सीमित थी," वह कहती हैं। "आज, हम संयुक्त मिशनों, साझा प्लेटफार्मों और वास्तविक व्यावसायिक साझेदारियों को आकार लेते हुए देख रहे हैं।"

मेहरा जोड़ती हैं कि यह फोरम "निवेश को खोलने, वाणिज्यिक जुड़ाव को विस्तार देने और आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के निर्माण के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करता है जो दोनों देशों के लिए स्थायी आर्थिक मूल्य पैदा करता है।"

### परस्पर पूरक शक्तियों का लाभ उठाना

क्रोशियर इस मिलन को "एक नए बाजार" के उद्भव के रूप में वर्णित करती हैं। अमेरिकी वाणिज्य मंत्रालय के असिटेंट सेक्रेटरी टेलर जॉर्डन के वक्तव्य का उल्लेख करते हुए वह कहती हैं, "हम अब केवल समानांतर अंतरिक्ष कार्यक्रमों वाले दो राष्ट्र नहीं हैं; हम दो ऐसे इकोसिस्टम हैं जो वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को परिभाषित करने के लिए एक साथ बुने जा रहे हैं।"

अमेरिका उन्नत प्रौद्योगिकियां, गहरे वेंचर कैपिटल नेटवर्क और परिपक्व व्यावसायिक अंतरिक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है। वह कहती हैं, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, विश्वस्तरीय किफायती इंजीनियरिंग और तेजी से बढ़ता विनिर्माण आधार प्रदान करता है। स्पेस बिजनेस फोरम जैसी पहलें इन क्षमताओं के बीच पुल का काम करती हैं, जिससे प्रत्यक्ष सहयोग के अवसर पैदा होते हैं।

क्रोशियर बिजनेस-टू-बिजनेस मैचमेकिंग सत्रों को रेखांकित करती हैं, जहां 14 अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों ने भारत के स्टार्ट-अप्स के साथ संभावित सौदों और संयुक्त उपक्रमों पर चर्चा की। "भारतीय सरकार, विशेष रूप से इसरो और इन-स्पेस की भागीदारी शानदार रही," वह कहती हैं, "जहां अंतरिक्ष व्यवसाय के लिए एक "सक्षम वातावरण" बनाने पर चर्चा केंद्रित रही।"

मेहरा उद्योग के दृष्टिकोण से पूरक विचार प्रस्तुत करती हैं और "दोनों पक्षों में वास्तविक तात्कालिकता और महत्वाकांक्षा की भावनाह्व की ओर संकेत करती हैं। वह कहती हैं कि अमेरिकी कंपनियां भारत के विस्तारित निजी अंतरिक्ष इकोसिस्टम के साथ गंभीरता से जुड़ने के लिए तैयार होकर आईं, जबकि भारतीय कंपनियां तेजी से निर्यात के लिए तैयार हो रही हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत होने की दिशा में अग्रसर हैं। वह पृथ्वी अवलोकन, जियोस्पेशियल एनालिटिक्स, उपग्रह निर्माण और डाउनस्ट्रीम अनुप्रयोगों जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत मिलन की भी ओर इशारा करती हैं।

### अवसर से क्रियान्वयन तक

जैसे-जैसे जुड़ाव गहरा होता जा रहा है, क्रोशियर और मेहरा दोनों व्यापारिक रणनीति को नियामक ढांचे के साथ समन्वित करने की आवश्यकता पर जोर देती हैं। क्रोशियर कंपनियों को जल्दी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। "नीतिगत पूर्णता की प्रतीक्षा न करें; अभी से अपने संबंधों का निर्माण शुरू करें," वह कहती हैं। बौद्धिक संपदा से जुड़े मुद्दों और निर्यात नियंत्रण के अंतर जैसी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, वह बताती हैं कि दोनों सरकारें उद्योग की जरूरतों के प्रति तेजी से उत्तरदायी हो रही हैं।

"जो कंपनियां अभी विश्वास, गुणवत्ता और अनुपालन मानकों के निर्माण में निवेश करती हैं, वे उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में होंगी," मेहरा कहती हैं। वह उद्योग विकास को समर्थन देने में निरंतर संस्थागत जुड़ाव की भूमिका पर भी प्रकाश डालती हैं। सिविल स्पेस जॉइंट वर्किंग ग्रुप जैसे प्रयास द्विपक्षीय संवाद को आगे बढ़ाते रहते हैं, जबकि इंडस-एक्स और कॉम्पैक्ट जैसे ढांचे से नवप्रवतर्न संबंधों को मजबूत करने और निकट भविष्य में व्यावसायिक क्रियान्वयन को मदद की उम्मीद है।

### अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के भविष्य को आकार देना

क्रोशियर कहती हैं कि सार्थक प्रगति में "बेहतर एकीकृत आपूर्ति श्रृंखलाएं; समन्वित, स्पष्ट रूप से समझे जाने वाले और पूवार्नुमान हो सकने वाले नियम और अंतरिक्ष में तथा पृथ्वी पर साझा अंतरिक्ष इंफ्रास्ट्रक्चर" शामिल होगी। वह जोड़ती हैं कि सफलता तब स्पष्ट होगी जब सीमा-पार सहयोग घरेलू प्रयासों के समान गति और दक्षता के साथ आगे बढ़ सकेगा। मेहरा इस बात पर जोर देती हैं कि वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था का भविष्य सरकारों और उद्योग के बीच समन्वय पर निर्भर करेगा। "जब सरकारें और उद्योग एक साथ कदम बढ़ाते हैं तो विस्तार संभव हो जाता है," वह कहती हैं।

उनके दृष्टिकोण से प्रगति का आकलन वैश्विक अंतरिक्ष आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारतीय कंपनियों के एकीकरण की गहराई और ट्रस्ट, कॉम्पैक्ट और इंडस-एक्स जैसे ढांचों के ठोस परिणामों—जैसे संयुक्त उपक्रम, सह-विकसित प्रौद्योगिकियां और साझा इंफ्रास्ट्रक्चर—के माध्यम से कार्यान्वयन से किया जाएगा।

अमेरिका-भारत स्पेस बिजनेस फोरम केवल एक संगम का क्षण नहीं दर्शाता; यह इस बात में बदलाव को चिह्नित करता है कि दोनों देश अंतरिक्ष क्षेत्र में कैसे जुड़ते हैं। जैसे-जैसे नीतिगत ढांचे परिपक्व होते हैं और उद्योग संबंध गहरे होते हैं, ध्यान तेजी, पैमाने और साझा परिणामों पर अधिक केंद्रित होता जा रहा है। वास्तविक परीक्षा, जैसा कि क्रोशियर और मेहरा दोनों संकेत करती हैं, इस पर निर्भर है कि आगे क्या होता है- विचार कितनी तेजी से निवेश में बदलते हैं और जुड़ाव कितनी जल्दी परिचालन परियोजनाओं में परिवर्तित होता है। गति अब केवल संभावना के बारे में नहीं है; यह क्रियान्वयन के बारे में है।

# मौजूदा दौर में भारत-दक्षिण कोरिया संबंध

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध आज के वैश्विक दौर में नई अहमियत प्राप्त कर रहे हैं। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और क्षेत्रीय शांति के समर्थक हैं। एशिया के बदलते शक्ति संतुलन, चीन की बढ़ती आक्रामकता, आपूर्ति श्रृंखला संकट, यूक्रेन युद्ध, मध्य पूर्व तनाव और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने भारत तथा दक्षिण कोरिया को एक-दूसरे के और करीब आने का अवसर दिया है। दोनों देशों के बीच वर्षों से मित्रतापूर्ण संबंध रहे हैं लेकिन अब समय की मांग है कि इन्हें नई ऊर्जा, नई दिशा और व्यावहारिक सहयोग के साथ आगे बढ़ाया जाए।

भारत और दक्षिण कोरिया के संबंध केवल आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं बल्कि इनके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आधार भी मजबूत हैं। प्राचीन समय से दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संपर्क की चर्चा मिलती है। कोरिया में अयोध्या की राजकुमारी सुरिरत्ना, जिन्हें वहां रानी ह्यो ह्वांग-ओक के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख दोनों देशों को सांस्कृतिक रूप से जोड़ता है। यह संबंध आज भी लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव का आधार है। इसी कारण दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन और जनसंपर्क की संभावनाएँ बहुत अधिक हैं।

राजनयिक स्तर पर भारत और दक्षिण कोरिया ने वर्ष 1973 में औपचारिक संबंध स्थापित किए थे। उसके बाद से दोनों देशों के रिश्तों में लगातार प्रगति हुई है। वर्ष 2010 में संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया और बाद में इसे विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि दोनों देश एक-दूसरे को दीर्घकालिक सहयोगी के रूप में देखते हैं। उच्च स्तरीय यात्राएँ, विदेश मंत्री स्तर की बैठकें, व्यापारिक संवाद और रक्षा वार्ताएं इन संबंधों को लगातार मजबूत कर रही हैं।

आर्थिक क्षेत्र में दक्षिण कोरिया भारत के लिए महत्त्वपूर्ण साझेदार है। दक्षिण कोरिया तकनीकी रूप से उन्नत, औद्योगिक रूप से मजबूत और निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था वाला देश है, जबकि भारत विशाल बाजार, युवा जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित कर रहा है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं। द्विपक्षीय व्यापार हाल के वर्षों में बढ़ा है और लगभग 27 अरब डॉलर तक पहुँच चुका है। हालांकि यह क्षमता की तुलना में अभी भी कम है। भारत का दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार घाटा भी चिंता का विषय बना हुआ है।

दक्षिण कोरिया की प्रमुख कंपनियाँ भारत में लंबे समय से निवेश कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, मोबाइल निर्माण, स्टील, शिप बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में कोरियाई कंपनियों की मजबूत उपस्थिति है। भारत में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण कोरिया का निवेश अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकता है। "मेक इन इंडिया", "डिजिटल इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया" और "ग्रीन एनर्जी" जैसे अभियानों में कोरियाई तकनीक तथा पूंजी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इन सबके बीच कुछ चुनौतियाँ भी हैं। वर्ष 2010 में व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता यानी सीईपीए लागू किया गया था, जिसका उद्देश्य व्यापार को गति देना था लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आए। गैर-टैरिफ बाधाएँ, गुणवत्ता मानकों से जुड़े नियम, जटिल नियामक प्रक्रियाएँ, लॉजिस्टिक समस्याएँ और बाजार पहुँच की कठिनाइयाँ व्यापार वृद्धि में रुकावट बनती रही हैं। भारत को अपने निर्यात में विविधता लानी होगी, जबकि दक्षिण कोरिया को भारतीय उत्पादों और सेवाओं के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

आज वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बड़े बदलाव हो रहे हैं। कंपनियाँ केवल चीन पर निर्भरता कम करना चाहती हैं और नए उत्पादन केंद्र खोज रही हैं। यह स्थिति भारत और दक्षिण कोरिया दोनों के लिए अवसर लेकर आई है। दक्षिण कोरियाई कंपनियाँ यदि भारत में बड़े पैमाने पर उत्पादन केंद्र स्थापित करती हैं तो उन्हें विशाल बाजार, सस्ती श्रमशक्ति और रणनीतिक स्थिति का लाभ मिलेगा। वहीं, भारत को तकनीक, रोजगार और निर्यात क्षमता में वृद्धि प्राप्त होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, बैटरी निर्माण, ऑटोमोबाइल, रक्षा उत्पादन और जहाज निर्माण ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ सहयोग तेजी से बढ़ सकता है।

रणनीतिक दृष्टि से भी दोनों देशों का सहयोग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। भारत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र, खुला और समावेशी व्यवस्था का समर्थन करता है। दक्षिण कोरिया भी क्षेत्रीय स्थिरता और समुद्री सुरक्षा का समर्थक है। चीन की आक्रामक नीतियाँ, समुद्री मार्गों पर दबाव और क्षेत्रीय तनाव ने कई देशों को नए साझेदार खोजने पर मजबूर किया है। भारत और दक्षिण कोरिया इस संदर्भ में स्वाभाविक सहयोगी बन सकते हैं।

हालाँकि दक्षिण कोरिया की सुरक्षा प्राथमिकताएँ थोड़ी अलग हैं। उसका प्रमुख ध्यान उत्तर कोरिया के परमाणु खतरे और अमेरिका के साथ सैन्य गठबंधन पर केंद्रित रहा है। दूसरी ओर भारत की चिंताएँ चीन, हिंद महासागर, सीमा सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन से जुड़ी हैं। फिर भी दोनों देशों के हित कई क्षेत्रों में समान हैं। रक्षा उद्योग सहयोग, साइबर सुरक्षा, समुद्री निगरानी, आतंकवाद विरोधी प्रयास और नई सैन्य तकनीकों में संयुक्त कार्य किया जा सकता है।

रक्षा क्षेत्र में दक्षिण कोरिया ने विश्व स्तर पर मजबूत पहचान बनाई है। उसके पास आधुनिक रक्षा उत्पादन क्षमता है। भारत यदि संयुक्त उत्पादन, तकनीकी हस्तांतरण और अनुसंधान सहयोग पर जोर दे तो दोनों देशों को लाभ हो सकता है। भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति और दक्षिण कोरिया की तकनीकी क्षमता मिलकर नई संभावनाएँ पैदा कर सकती हैं।

तकनीक आज अंतरराष्ट्रीय संबंधों का सबसे महत्त्वपूर्ण आधार बन चुकी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 5G, 6G, सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और डिजिटल नवाचार भविष्य की अर्थव्यवस्था तय करेंगे। दक्षिण कोरिया इन क्षेत्रों में अग्रणी देशों में शामिल है, जबकि भारत डिजिटल प्रतिभा, सॉफ्टवेयर क्षमता और स्टार्टअप इकोसिस्टम के कारण तेजी से आगे बढ़ रहा है। यदि दोनों देश "डिजिटल ब्रिज" बनाकर साथ काम करें तो एशिया में तकनीकी नेतृत्व का नया मॉडल सामने आ सकता है।

शिक्षा और मानव संसाधन सहयोग भी संबंधों को मजबूत कर सकता है। भारतीय छात्र दक्षिण कोरिया में उच्च शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी प्रशिक्षण के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, कोरियाई छात्र भारत की संस्कृति, इतिहास, योग, आयुर्वेद, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन शिक्षा से लाभ उठा सकते हैं। विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी, छात्रवृत्तियाँ और संयुक्त शोध कार्यक्रम भविष्य में मजबूत आधार बन सकते हैं।

सांस्कृतिक स्तर पर दोनों देशों के बीच लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। भारत में कोरियाई संगीत, फिल्मों और टीवी कार्यक्रमों की लोकप्रियता बढ़ी है। वहीं, दक्षिण कोरिया में भारतीय योग, भोजन, नृत्य और आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति रुचि देखी जा रही है। यह सांस्कृतिक जुड़ाव केवल मनोरंजन नहीं बल्कि लोगों के बीच विश्वास और समझ को बढ़ाने का माध्यम है। पर्यटन, सांस्कृतिक उत्सव, भाषा शिक्षा और मीडिया सहयोग से यह रिश्ता और गहरा हो सकता है।

# जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही

**योगेश कुमार गोयल**

मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी प्राणघातक हो जाने वाली बीमारी है, जो आमतौर पर एक निश्चित प्रकार के मच्छर को संक्रमित करने वाले परजीवी के कारण होती है और इन संक्रमित मच्छरों के काटने से मलेरिया होता है। अमेरिका से करीब 70 साल पहले ही मलेरिया को पूरी तरह खत्म घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी भी प्रतिवर्ष दो हजार अमेरिकी इससे संक्रमित होते हैं। भारत में तो हर साल लाखों लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं।

चिंता की स्थिति यह है कि दुनियाभर में मलेरिया से हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे मलेरिया से असमान रूप से प्रभावित होते हैं, जो मलेरिया से होने वाली कुल मौतों का करीब 82 प्रतिशत है। 2021 में मलेरिया से दुनियाभर में 6.19 लाख लोगों की मौत हुई थी जबकि 2022 में 6.08 लाख लोग मलेरिया के कारण मारे गए और 2024 में मलेरिया से 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई। हालांकि मलेरिया ऐसी बीमारी है, जिसकी रोकथाम करके बड़ी संख्या में होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है लेकिन यह दुनियाभर में रोकी जा सकने वाली बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसीलिए मलेरिया को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 2008 से ही 25 अप्रैल को एक खास विषय के साथ "विश्व मलेरिया दिवस" मनाया जाता है।

इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम है- "मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धः अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा।" इसका प्रमुख संदेश यही है कि मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना है। भेदभाव और कलंक को खत्म करना, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को उस स्थान के करीब लाना, जहां लोग रहते हैं और काम करते हैं, मलेरिया के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों को संबोधित करना, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में मलेरिया नियंत्रण हस्तक्षेप इत्यादि मलेरिया दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं।

दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर किसी को मलेरिया की रोकथाम, पता लगाने और इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण, समय पर और सस्ती सेवाओं का अधिकार तो है लेकिन यह सभी के लिए वास्तविकता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की हर साल मौत हो जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया की रोकथाम के मामले में बीते कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति तो हुई है लेकिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना अभी भी गंभीर चुनौती है। चिंता का विषय यह भी है कि प्रभावित क्षेत्रों में यह बीमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और अर्थव्यवस्थाओं पर बड़ा बोझ भी डालती है।

मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो ये परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मनुष्यों में सबसे आम मलेरिया परजीवी "प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम" है, जो बीमारी के सबसे घातक रूप के लिए जिम्मेदार है। एनोफेलीज मच्छर वाहक के रूप में कार्य करते हैं, जब वे एक संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर दूसरे व्यक्ति को काटते हैं तो परजीवियों को प्रसारित करते हैं। जब परजीवी एक बार मानव शरीर के अंदर यकृत में चले जाते हैं तो ये लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर गुणन करते हैं, जिससे कई प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं। मनुष्यों को मलेरिया के चार मुख्य प्रकार (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवले और प्लाज्मोडियम मलेरिया) संक्रमित करते हैं। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम सबसे खतरनाक प्रकार है जबकि मलेरिया के अन्य प्रकार आमतौर पर हल्की बीमारी का कारण बनते हैं।

गंभीर मलेरिया गंभीर एनीमिया, गुर्दे की विफलता, दौरे, कोमा और यहां तक कि मृत्यु जैसी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, खासकर यदि तुरंत निदान और इलाज नहीं किया जाए। हालांकि दुनियाभर में शोधकर्ता मलेरिया को नियंत्रित करने और अंततः खत्म करने के लिए टीकों और अन्य नवीन समाधानों पर काम कर रहे हैं लेकिन इसकी रोकथाम के मुख्य उपायों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मच्छरदानी, कीट विकर्षक और मलेरिया-रोधी दवाओं का उपयोग करना शामिल है। जटिलताओं और मृत्यु को रोकने के लिए प्रभावी मलेरिया-रोधी दवाओं के साथ शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

मलेरिया होने पर आमतौर पर तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुख लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजरअंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है। मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है। साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फाल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

## दैनिक पंचांग

**25 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**शनिवार** 2026 वर्ष का 115 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** नवमी 18.29 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 20.05 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 23.43 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 06.51 बजे तदनन्तर कौलव 18.29 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 7.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 07'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872690
**जूलियन दिन** 2461155.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 07
**विशेष** सीता नवमी, जानकी जयंती।

| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.42 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मिथुन | 08.40 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.53 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.09 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कन्या | 15.21 बजे से |
| शुक्र | वृष में | तुला | 17.32 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.47 ब.से |
| राहु | कुंभ में | धनु | 22.03 बजे से |
| केतु | सिंह में | मकर | 00.08 बजे से |
| | | कुंभ | 01.54 बजे से |
| | | मीन | 03.27 बजे से |
| | | मेष | 04.58 बजे से |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## चाकू से हमला करने मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज** : राधानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के उत्तरी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत दौलत टोला में बीते दिनों एक युवक को चाकू से हमला करने मामले में दो मुख्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार दौलत टोला निवासी रूपाली कुमारी पति सुजीत मंडल ने राधानगर थाना में लिखित आवेदन देकर प्रीतम मंडल व श्रीतम मंडल दोनों का पिता मानिक मंडल अन्य चार लोगों के खिलाफ मारपीट तथा जान मारने की नीयत से चाकू से हमला कर घायल कर देने को लेकर आरोप लगाया था। इधर राधानगर पुलिस ने पीड़िता महिला के बयान पर थाना काण्ड संख्या 129/26 भादवि की धारा-191(2)/126(2)/115(2)/117(2)/109(1)/393(2)/351(2)/352 बीएनएस के तहत प्रीतम मंडल,श्रीतम मंडल दोनों पिता मानिक मंडल एवं अन्य 4 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया था। इधर राधानगर पुलिस ने मामले की कार्रवाई करते हुए दो मुख्य नामजद आरोपित प्रीतम मंडल एवं श्रीतम मंडल को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। वहीं अन्य लोगों के खिलाफ छापेमारी जारी है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**साहिबगंज**: जिले के राजमहल थाना क्षेत्र के मधुसूदन कॉलोनी में बीते गुरुवार की रात्रि एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। नपं क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 निवासी राजु बढ़ई के पुत्र राजेश बढ़ई (19) ने बीते गुरुवार की रात्रि अपने कमरे में लगे पाइप के सहारे अपने गले में गमछा का फंदा लाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजन ने बताया कि प्रतिदिन की तरह रात में खाना पीना खाकर घर के बाहर टहलकर वापस आया और घर के बाहर बरामदे वाले कमरे में सोने चला गया सुबह जब उसकी मां उठाने के लिए दरवाजा खोलने के लिए आवाज दिया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आया तो मां ने पीछे जाकर देखा तो वह घर के अंदर पाइप के सहारे गमछे से गला में फंदा डालकर लटक रहा है, आसपास के लोगों की मदद से दरवाजा को तोड़कर अंदर जाकर उसे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही थाना के सी पवन यादव, सृजन मुर्मू दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिजन का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस युडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन में कर रही है।

## कौंडिन्य पब्लिक स्कूल ने मनाया 8वां स्थापना दिवस

**झुमरी तिलैया**: कौंडिन्य पब्लिक स्कूल, झुमरी तिलैया में शनिवार को विद्यालय का 8वां स्थापना दिवस कई महत्वपूर्ण तथा बच्चों के लिए हितकारी घोषणाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्कूल के अध्यक्ष सह पूर्व आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह, सीईओ विक्रांत सिंह, प्राचार्य संजय सिंहा,उप प्राचार्या सुमन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की एंकरिंग रिया कुमारी तथा सानिया इमाम के द्वारा संयुक्त रूप से की गई। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि कौंडिन्य पब्लिक स्कूल का लक्ष्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। मुख्य अतिथि राजीव रंजन सिंह मल्टीपरपस हॉल में उपस्थित तमाम छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक गण को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल इन आठ सालों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, खेलकूद, में जो मुकाम हासिल किया है उसके लिए स्कूल के वे सभी तमाम शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान देकर अपनी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा का परिचय दिया है।

# सुदूर पहाड़ी गांव में भीषण अग्निकांड चार परिवारों का आशियाना जल कर राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के बरहेट प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र गोड़ाफुली के ऊपर टोला में बीते दिनों दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने चार परिवारों को बेघर कर दिया। आग की इस भयावह घटना में आदिम जनजाति के धर्मा पहाड़िया, चांदी पहाड़ीन, सुरजी पहाड़ीन और झबरा पहाड़िया के घर पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार, जंगल में झाड़ियों की सफाई के दौरान लगाई गई आग तेज हवा के झोंकों के कारण अनियंत्रित हो गई और धीरे-धीरे गांव की ओर बढ़ने लगी। देखते ही देखते आग ने पास के पेड़ों को अपनी चपेट में ले लिया और फिर चिंगारियां उड़कर झबरा पहाड़िया के घर तक पहुंच गईं।

कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एक के बाद एक चार घरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन क्षेत्र में पानी की भारी कमी होने के कारण वे असहाय नजर आए। लोगों ने अपने घरों में उपलब्ध सीमित पानी से आग पर काबू पाने की कोशिश की, परंतु तेज हवा के कारण आग लगातार फैलती रही। बाद में एक संवेदक द्वारा भेजे गए पानी के टैंकर की मदद से किसी तरह आग पर आंशिक रूप से काबू पाया जा सका।घटना की सूचना मिलते ही बरहेट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासनिक स्तर पर नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पीड़ित परिवारों ने बताया कि इस आग में उनका सब कुछ जलकर खाक हो गया है। खाने-पीने का सामान, कपड़े, जरूरी कागजात जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक से जुड़े दस्तावेज समेत जीवनभर की जमा पूंजी राख में बदल गई। आग लगने के दौरान गांव में अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग अपने-अपने घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागते नजर आए। कई परिवार सड़क किनारे अपने सामान के साथ शरण लिए हुए दिखाई दिए। घटना के बाद पीड़ित परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए तत्काल राहत सामग्री भोजन, कपड़े एवं आवास की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए जंगलों में आग लगने पर नियंत्रण और जागरूकता बढ़ाने की भी आवश्यकता जताई हैं।

## पानी की किल्लत पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा** : जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत जराकी पंचायत के उदलबनी गांव में पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। लतारटोला और चितानटोला के सैकड़ों महिला-पुरुष सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों टोला में लगे दो चापाकल लंबे समय से खराब पड़े हैं, जिससे भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे नाराज होकर लोगों ने यह कदम उठाया। प्रदर्शन में शामिल मकलु हेम्ब्रम, फूलमुनि हेम्ब्रम, पानसूरी किस्कु, हना मुर्मू, सोहागिनी मड़ैया, तुरसी किस्कु, पानमती टुडू, मालोती बास्की और छमि सोरेन समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि जनप्रतिनिधियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। सूचना मिलते ही प्रखंड प्रशासन के जेई सोहेल शेख और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाया-बुझाया, जिसके बाद करीब दो घंटे के भीतर सड़क जाम समाप्त कराया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चापाकलों की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे फिर से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## विवाहित महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : नगर थाना क्षेत्र के पुरानी साहिबगंज में 21 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर जबरन जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मिली जानकारी अनुसार पुरानी साहिबगंज निवासी मिथुन मंडल की पत्नी नेहा देवी (21) की तबियत गुरुवार देर रात कथित रूप से कीटनाशक सेवन करने के बाद बिगड़ गई। ससुराल पक्ष वाले ने उसे देर रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की। इधर मृतका के पिता अंबिका मंडल ने आरोप लगाया कि उनकी पुत्री को जबरन जहर पिलाया गया। उनका कहना है कि घटना के बाद काफी देर तक उसे घर में ही रखा गया और हालत गंभीर होने पर अस्पताल लाया गया जिससे उसकी जान चली गई। मृतका की मां ने भी ससुराल पक्ष पर लगातार प्रताड़ना का आरोप लगाया। बताया जाता है कि नेहा देवी बिहार के शिवनारायणपुर की निवासी थी और करीब ढाई वर्ष पूर्व उसकी शादी मिथुन मंडल से हुई थी। पुलिस ने मामले में पति मिथुन मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है तथा दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## अरशद का बड़ा कदम: जेल व्यवस्था पर 94 बिंदुओं में मांगी जवाबदेही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज** : चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर ने शुक्रवार को स्पीड पोस्ट के माध्यम से 14 पन्ने का सूचना अधिकार अधिनियम-2005 के तहत कारा महानिरीक्षक, झारखंड, रांची को सूचना आवेदन भेजकर माह जनवरी-2025 से लेकर माह फरवरी-2026 के बीच साहिबगंज तथा मधुपुर जेल के भीतर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, अनियमितता, रंगदारी आदि के खिलाफ आवाज उठाने पर शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से जेल प्रशासन ने अरशद को प्रताड़ित व उत्पीड़न करते हुए उपकारा, मधुपुर भेजने को लेकर अरशद ने जेल आईजी, झारखंड, रांची से करीब 94 बिंदु पर सूचना का मांग किया है। विदित हो कि साहिबगंज जिले के खनन पदाधिकारी कृष्ण कुमार किस्कू के द्वारा अरशद के खिलाफ रंगदारी मांगने, सरकारी काम में बाधा, मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के तहत जिरवाबाड़ी थाना में कांड संख्या-104/24 तथा 204/24 दर्ज कराया था जिसके पश्चात पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अरशद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। जहाँ अरशद माह जनवरी-2025 से लेकर माह फरवरी-2026 तक बंद रहें। अरशद द्वारा जेल से नियमित जमानत पर बाहर आने के बाद उठाएं गए इस कदम से एक तरफ जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है तो दुसरी ओर सामाजिक व मानवाधिकार कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी जा रही है।

## साइबर ठगों ने डीएसपी को बनाया निशाना, सतर्कता से नाकाम हुआ प्रयास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : साइबर अपराधियों ने मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को निशाना बनाना चाहा, जहां एक साइबर अपराधी ने व्हाट्सएप चैट के माध्यम से ठगी करने का असफल प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार, अपराधी ने खुद को डीएसपी का परिचित मित्र बताते हुए व्हाट्सएप पर संदेश भेजा चैट में उसने 48 हजार रुपये की तत्काल जरूरत बताते हुए कहा कि उसका यूपीआई काम नहीं कर रहा है और वह 2 घंटे के भीतर पैसे लौटा देगा। संदेश में बहुत अर्जेंट है जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर भरोसा जीतने की कोशिश की गई। हालांकि, डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा ने सतर्कता दिखाते हुए इस मैसेज को तुरंत संदेहास्पद मान लिया और किसी भी तरह की लेन-देन से इंकार कर दिया उन्होंने बताया कि चैट के तरीके और भाषा से ही उन्हें यह साइबर ठगी का प्रयास समझ में आ गया। डीएसपी ने इस घटना को साझा करते हुए आम लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है, उन्होंने कहा कि आजकल साइबर अपराधी परिचित बनकर या रिश्तेदारों के नाम पर पैसे मांगते हैं, इसलिए बिना सत्यापन किए किसी को भी ऑनलाइन पैसे न भेजें किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज की तुरंत जांच करें और जरूरत पड़ने पर पुलिस को सूचित करें,इस घटना के बाद पुलिस विभाग ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने और साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की अपील की है, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

# अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत ने जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग खेल का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज**: खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन, साहेबगंज द्वारा जिले में विभिन्न खेलों में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने को लेकर 24 एवं 25 अप्रैल को दो दिवसीय जिला स्तरीय अस्मिता सिटी लीग खेल प्रतियोगिता अंतर्गत चेस, कुश्ती, कबड्डी, एथलेटिक्स का आयोजन किया जा रहा है। फूलों झानो इनडोर स्टेडियम में गौतम कुमार भगत, अपर समाहर्ता, साहेबगंज ने दीप प्रज्ज्वलित एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत उद्घाटन किया। अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए बालिकाओं को पढ़ाई के साथ साथ खेल में शामिल होने हेतु प्रेरित किया, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, प्रशिक्षण हेतु एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी समेत अन्य खेलों हेतु हर संभव मदद की जा रही है। इसके लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। बालिकाओं की अधिक से अधिक भागेदारी को लेकर अस्मिता सिटी लीग आयोजित की जा रही है। इस मौके पर आयोजक जिला खेल पदाधिकारी ने स्वागत संबोधन किया, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान समेत अन्य मौजूद थे।वहीं आयोजन में खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, दिलीप कुमार भगत, चेस समन्वयक,खेल शिक्षक का सराहनीय सहयोग रहा। प्रतियोगिता के पहले दिन चेस एवं कुश्ती के मैच आयोजित किए गए जिसके परिणाम निम्नवत हैं। विजेता प्रतिभागियों को जिला खेल पदाधिकारी ने मेडल, सर्टिफिकेट प्रदान किया।

संक्षिप्त खबरें

## भौतिकी के व्याख्याता एवं वित्त रहित मोर्चा के सदस्य मोतीलाल साह के निधन पर हुई शोकसभा



**साहिबगंज**: संध्या इंटरमीडिएट कॉलेज के भौतिकी के व्याख्याता एवं वित्त रहित मोर्चा के सदस्य मोतीलाल साह के निधन पर शुक्रवार को कॉलेज परिसर में शोकसभा हुई। प्राचार्य शंभूनाथ पाठक की उपस्थिति में शिक्षकों व कर्मियों ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्राचार्य ने उनके शिक्षा के प्रति समर्पण व संगठन को लेकर उनके किये गए कार्यों को याद किया। उन्होंने बताया कि मोतीलाल साह कैंसर से पीड़ित थे। इलाज हेतु खर्च के अभाव में उनका निधन हो गया। जो अति दुखदाई, कष्टदाई है। उनका आकस्मिक निधन शिक्षा जगत व शिक्षकों के मोर्चा के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि वित्त रहित संस्थानों में कार्य करने वाले शिक्षक कर्मचारियों का पैसे के अभाव में निधन से पूरा मोर्चा परिवार मर्माहत है और सरकार से मांग करता है कि पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा दें। मोर्चा अपने साथियों के इस प्रकार से निधन को लेकर सरकार के वित्त रहित कर्मचारियों के प्रति असंवेदनशील नीति के खिलाफ संघर्ष करेगा। मोर्चा की बैठक में इस मुद्दे को लेकर आगे की रणनीति भी तय की जाएगी। सभी ने इस दुख की घड़ी में ईश्वर से उनके परिवार को सहन शक्ति देने की कामना की। शोकसभा में रघुनाथ सिंह, चंदेश्वर पाठक, अरविंद सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फजलुल कदीर अहमद, देवनाथ सिंह, गणेश महतो, मनीष कुमार, शंभू नाथ पाठक, रघु विश्वकर्मा, डालेश चौधरी, पशुपति महतो, रणजीत मिश्रा, संजय कुमार, नरोत्तम सिंह व अन्य मौजूद थे।

## पाकुड़ के अर्जुन गोस्वामी बने अंडर-17 झारखंड क्रिकेट टीम के कप्तान




**पाकुड़** : ज़िले की मिट्टी से निकलकर एक और सितारा झारखण्ड का नाम रोशन करने को तैयार है। पाकुड़ के युवा क्रिकेटर अर्जुन गोस्वामी को अंडर-17 झारखंड नेशनल टीम का कप्तान चुना गया है। झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा इस चयन की घोषणा होते ही पूरे पाकुड़ जिले में जश्न का माहौल है। अर्जुन गोस्वामी के कप्तान बनने की खबर के बाद से ही खेल प्रेमियों और आम लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आज हर पाकुड़वासी की जुबान पर है। अर्जुन की इस उपलब्धि को पाकुर के लिए गौरव का क्षण बताते हुए जिले भर में बधाइयों का सिलसिला जारी है। अर्जुन गोस्वामी दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और उनकी पहचान एक शानदार ऑलराउंडर के रूप में है। स्थानीय स्तर पर लगातार बेहतर प्रदर्शन के दम पर उन्होंने चयनकताओं का ध्यान खींचा। कोचों के अनुसार, अर्जुन मैदान पर बेहद शांत रहते हैं लेकिन रणनीतिक फैसले लेने में माहिर हैं। उनकी कप्तानी में टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने अर्जुन को अंडर-17 नेशनल टीम की कमान सौंपते हुए कहा कि युवा खिलाड़ियों को मौका देना एसोसिएशन की प्राथमिकता है। अर्जुन का चयन उनके घरेलू टूनार्मेंट में लगातार अच्छे प्रदर्शन और लीडरशिप क्वालिटी के आधार पर किया गया है। जर्सी नंबर 17 के साथ अर्जुन अब टीम को राष्ट्रीय स्तर पर लीड करेंगे।अर्जुन की इस कामयाबी ने साबित कर दिया कि प्रतिभा बड़े शहरों की मोहताज नहीं होती। पाकुड़ से निकला, झारखंड का सितारा! - यह लाइन आज पाकुड़ के हर युवा के लिए प्रेरणा बन गई है। जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि अर्जुन का चयन जिले के अन्य बच्चों को भी क्रिकेट में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## हाइवा से मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त बाल-बाल बचा मोटरसाइकिल चालक



**साहिबगंज**: जिले के उधवा प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत लालबथान निवासी एक युवक की मोटरसाइकिल उधवा चौक स्थित कलियचक दुकान के पास दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर दुकान से सामान खरीद रहा था, तभी पीछे से एक हाईवा वाहन ने बैक करते हुए बाइक को कुचल दिया। गनीमत रही कि युवक उस समय बाइक पर मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

बताया जा रहा है कि एनएच-33 सड़क पर इन दिनों निर्माण कार्य जारी है। इसके बावजूद वहां वाहन खड़े किए जा रहे हैं और भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

## 'धरती बचाओ अभियान' अंतर्गत संतुलित उर्वरक उपयोग पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया




**साहिबगंज**: धरती बचाओ अभियान के अंतर्गत राजमहल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कृषकों के बीच संतुलित उर्वरक उपयोग को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। यह कार्यक्रम आत्मा, साहेबगंज के तत्वावधान में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संजय कृष्ण रंजन एवं कृषि समन्वयक निकेश कुमार द्वारा किसानों को संतुलित उर्वरक के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि असंतुलित उर्वरक के प्रयोग से मृदा की उर्वरता घटती है, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर ही उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभों से अवगत कराया गया तथा इसके माध्यम से सही मात्रा में उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी गई। साथ ही, हरी खाद, गोबर खाद, जैव उर्वरक, वर्मी कंपोस्ट एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिले। विशेषज्ञों ने बताया कि जैविक एवं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती करने से उत्पादन लागत में कमी आती है तथा भूमि की गुणवत्ता दीर्घकालीन रूप से बेहतर बनी रहती है। किसानों ने भी इस अभियान में रुचि दिखाते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग एवं प्राकृतिक खेती को अपनाने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### विधायक की मौजूदगी में विद्युत ट्रांसफार्मर का हुआ उद्घाटन

**खूंटी :** तोरपा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कमड़ा पंचायत के कमड़ा मोड़ में शुक्रवार को नव स्थापित ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक सुदीप गुड़िया की मौजूदगी में पूर्व सैनिक ज्वाखीम कंडुलना ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ट्रांसफार्मर की स्थापना क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे स्थानीय ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी और किसानों, विद्यार्थियों, दुकानदारों सहित आम नागरिकों को लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल विद्युत सुविधा के विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के विकास, जनसुविधा और ग्रामीण जीवन में नए उजाले का प्रतीक है। मौके पर लोगों ने कहा कि पूर्व सैनिकों ने देश की सेवा कर राष्ट्र की रक्षा की है और आज समाज के विकास कार्यों में उनकी सहभागिता हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

### जमशेदपुर में जेपीएससी परीक्षा को लेकर 26 को भारी वाहनों की नो-एंट्री

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से आयोजित झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 को शांतिपूर्ण और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। परीक्षा रविवार को शहर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी, जिसके मद्देनजर ट्रैफिक व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किए गए हैं। प्रशासन की ओर से जारी आदेश के अनुसार रविवार को दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक शहर में बसों को छोड़कर सभी प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी। इस दौरान नो-एंट्री लागू रहेगी ताकि परीक्षा केंद्रों के आसपास भीड़भाड़ और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। यह आदेश शुक्रवार को ट्रैफिक डीएसपी, वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और उपायुक्त के संयुक्त निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) कार्यालय से जारी किया गया है। परीक्षा को देखते हुए शहर के प्रमुख मार्गों और परीक्षा केंद्रों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। ट्रैफिक पुलिस संवेदनशील चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखेगी, ताकि परीक्षार्थियों को समय पर अपने केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही यातायात कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे परीक्षा अवधि के दौरान एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाओं के लिए मार्ग पूरी तरह सुगम रखें।

### बालू और गिट्टी लदा चार वाहन जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़ :** जिले में अवैध तरीके से बालू और गिट्टी का कारोबार धडल्ले से चल रहा है। इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। शुक्रवार को डीसी ऋतुराज के निर्देश पर खनन विभाग ने कार्रवाई की। इस दौरान बालू और गिट्टी लदे चार वाहनों को जब्त किया गया। शुक्रवार को खान निरीक्षक न बरकाकाना ओपी पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया। खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण के रोकथाम के लिए छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में बरकाकाना थानान्तर्गत आर्य बाल विकास विद्यालय, घुटूवा के ओर से आते हुये एक बालू लदे ट्रैक्टर पर 100 घनफीट बालू लदा पाया गया। परिवहन चालान नहीं पाये जाने के बाद उक्त ट्रैक्टर को खनिज सहित जब्त किया गया। उरलुंग रेलवे पुल से करीब 200 मीटर आगे सिरका जाने वाली कच्ची पथ पर, दामोदर नदी के ओर से आते हुये एक बालू लदे ट्रैक्टर पर 100 घनफीट बालू से लदा पाया गया। उसे भी जब्त किया गया। इस मामले में ट्रैक्टर चालक, मालिक और उससे जुड़े तस्करो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# हथियार के बल पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र में लूट, 5 लाख नकदी एवं 5 किग्रा सोना ले भागे अपराधी

## अकाउंट खुलवाने के बहाने दो अपराधी घुसे, सभी को स्ट्रॉग रूम में किया बंद, की मारपीट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** बरही हजारीबाग रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिन दहाड़े पांच अपराधियों ने लूटकांड को अंजाम दिया। घटना अपराह्न तीन बजे की बताई जा रही है। बैंक कर्मी उप प्रबंधक रोशन सिंह के अनुसार तीन बजे अपराह्न पहले दो अपराधी बैंक ग्राहक बनकर बैंक में प्रवेश किए। दोनों ने बताया कि उन्हें करेंट अकाउंट खुलवाना है। उनसे अकाउंट के बारे में बात चित हो ही रही थी। इसी बीच दो और अपराधी नकाबपोश ने अंदर घुसे। उसके बाद एक और अपराधी अंदर आया। सभी के पास देसी कट्टा था। हथियार के बल पर हम चारों बैंक कर्मियों के साथ मारपीट करने लगे और जबरन कैश काउंटर खुलवाकर पांच लाख रुपए नकद लूट लिए। उसके बाद हथियार का भय दिखाकर हम चारों बैंक कर्मियों को स्ट्रांग रूम में बंद कर दिया। स्ट्रांग रूम के लॉकर से लगभग 5 किग्रा सोना भी अपराधियों ने लूट लिया। 5 किग्रा सोना का बाजार मूल्य 7 करोड़ बताई जा रही है। बताया कि हमलोगों को बंद कर नकदी और सोना सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सभी अपराधी बाइक से आए थे। बताया जा रहा है कि वे दो बाइक से आए हुए थे। सभी बैंककर्मियों की मोबाइल वे लोग छीनकर अपने साथ ले गए। घटना के समय बैंक ने ब्रांच मैनेजर अजय कुमार राम, उप प्रबंधक रोशन सिंह, हेड कैशियर शाश्वती सिंह एवं पीओ रितिका सिंह मौजूद थे।

अपराधी बाहर का शटर अंदर से बंद कर दिया था। 20 मिनट तक लुट पाट करने के बाद अपराधी बाहर से आधा शटर बंद कर फरार हो गए। इसी बीच बरही इंटर कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षक मिथलेश सिंह बैंक पहुंचे। आधा शटर ऊपर उठाने के बाद अंदर स्ट्रांग रूम से चिल्लाने की आवाज आयी। उसके बाद स्ट्रांग तुम बाहर से खोलने के बाद सभी बैंक कर्मियों को बाहर निकाला जा सका। तब बैंक कर्मियों ने अपनी आपबीती सुनाई। बताया कि उन्हें स्ट्रांग रूम में बंद कर देने से काफी परेशानी हुई। क्योंकि वहां ऑक्सीजन की कमी से दम घुट रहा था। घटना की सूचना बरही पुलिस को दी गई। सूचना पर वरीय एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, इंस्पेक्टर विनोद कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली। एसडीपीओ ने बताया कि पांच अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। इसमें एक अपराधी हेलमेट लगाए हुए था, तीन अपराधी नकाब पहने हुए था। एक खुला था।

कितना नकदी और सोना की लूट हुई है उसके बारे में एक्जेक्ट फिगर नहीं है। फिर भी बैंक कर्मियों के बयान के अनुसार पांच लाख एवं 5 किग्रा सोना की लूट हुई है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरा खंगाला जा रहा है। विशेष टीम गठित की जा रही है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही अपराधी पकड़े जाएंगे।

## एसपी ने किया कुजू और पश्चिमी बोकारो ओपी का निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने शुक्रवार को कुजू और वेस्ट बोकारो ओपी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ओपी क्षेत्र की भौगोलिक परिदृश्य के संबंध में जानकारी लिया गया। ओपी में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों के कार्य बंटवारा, सिरिस्ता अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित वारंट, कुर्की, सम्मन के निष्पादन, फिरारियों की गिरफ्तारी, आरोप पत्रित अपराधिकर्मियों के भौतिक सत्यापन, थाना में लंबित चरित्र एवं पासपोर्ट सत्यापन, सीसीटीएनएस प्रविष्टि, लंबित काण्डों के अनुसंधान एवं निष्पादन तथा ई-साक्ष्य की समीक्षा करते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## देवघर के बहुचर्चित रिखिया थाना कांड में सभी 19 आरोपी बरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**देवघर :** देवघर जिले के बहुचर्चित रिखिया थाना कांड में शुक्रवार को जिला न्यायालय ने सभी 19 आरोपितों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इस मामले में शशांक शेखर भोक्ता, सुरेश शाह समेत कुल 19 लोगों को आरोपित बनाया गया था।

दरअसल, यह मामला वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान देवघर के बैजनाथपुर चौक पर हुई घटना से जुड़ा था। आरोप था कि ईवीएम से भरे एक ट्रक को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

अभियोजन पक्ष का दावा था कि इस दौरान वाहन को रोकने, लूटपाट और नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं हुई थीं। हालांकि, न्यायालय में सुनवाई के दौरान यह साबित नहीं हो सका कि किसी वाहन की लूट हुई थी या उसे किसी प्रकार की क्षति पहुंचाई गई थी।

अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष कोई ठोस और निर्णायक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। कई गवाह भी अपने पहले दिए गए बयानों पर टिक नहीं पाए, जिससे मामले की गंभीरता कमजोर पड़ गई। इसी आधार पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतीक रंजन की अदालत ने सभी आरोपितों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

अदालत के फैसले के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सुरेश शाह ने कहा कि यह मामला एक सुनियोजित साजिश के तहत उनकी छवि खराब करने के उद्देश्य से दर्ज किया गया था।

## खूंटी में पड़ रही प्रचंड गर्मी को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** जिले में पड़ रही प्रचंड गर्मी और लू को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से धूप से बचने की अपील की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि बिना जरुरी काम के घर से बाहर न निकलें तथा बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। शरीर में पानी की कमी, उल्टी, तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर आना, हृदयाघात और मस्तिष्काघात जैसे लक्षण सामने आ सकते हैं। ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। एडवाइजरी में बताया गया है कि एक लीटर साफ पानी में ओआरएस का पूरा पैकेट घोलकर तैयार करें और इसे थोड़े-थोड़े अंतराल पर पीते रहें।



तैयार घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करने की सलाह दी गई है। गर्मी में अधिक से अधिक पानी पीना, शरीर को ढककर बाहर निकलना और लू लगने पर व्यक्ति को छांव में लिटाकर ठंडे पानी या गीले कपड़े से शरीर ठंडा करना जरूरी है। गंभीर स्थिति में तुरंत स्वास्थ्य केंद्र ले जाने की सलाह दी गई है।

नागरिकों को सलाह दी गई है कि नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू पानी, आम का शर्बत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा और ककड़ी जैसे पदार्थों का नियमित सेवन करने की सलाह दी गई है। बताया गया कि हीट स्ट्रोक से सिरदर्द, चक्कर, भ्रम, अत्यधिक थकान, दौरे पड़ना, गर्म और सूखी त्वचा, शरीर का उच्च तापमान, तेज धड़कन और बेहोशी हो सकती है। ऐसी स्थिति में तुरंत ठंडी जगह पर ले जाकर कपड़े ढीले करें, शरीर के प्रमुख हिस्सों पर बर्फ लगाएं और तत्काल चिकित्सा सहायता लें। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें, सिर को ढककर रखें और पर्याप्त पानी पिएं। वहीं, खाली पेट बाहर न निकलें, अधिक चाय-कॉफी या शराब से बचें और तैलीय भोजन न करें।

## वर्षों से किराए के मकान में चल रहा है आंगनबाड़ी केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** मुरहू प्रखंड के जिउरी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का अपना भवन नहीं होने के कारण केंद्र का संचालन वर्षों से किराए के मकान में हो रहा है। वर्षों तक आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन सरकारी विद्यालय के एक कमरे में होता था, लेकिन कमरे के जर्जर होने के कारण केंद्र को अब किराए के मकान में ले जाया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र के लिए भवन निर्माण की मांग को लेकर पारंपरिक ग्राम सभा जिउरी की ओर से गत छह जनवरी को खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन सौंपा गया है।

इस संबंध में ग्राम सभा के अध्यक्ष विनसाय मुंडा ने शुक्रवार को बताया कि जिउरी गांव में वर्ष 1983 से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है, लेकिन अब तक इसका अपना भवन नहीं बन पाया है। वर्तमान में केंद्र अस्थायी व्यवस्था में संचालित हो रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई तथा अन्य गतिविधियों में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का भी कहना है कि केंद्र में बच्चों की संख्या अधिक है, लेकिन भवन की कमी के कारण उन्हें उचित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में बच्चों के बेहतर भविष्य और उनके समुचित विकास के लिए जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जाना जरूरी है। ग्राम सभा ने आंगनबाड़ी केंद्र के के लिए 10 डिसमिल जमीन भी चिह्नित कर दी है, जिसका खाता नंबर 101 और प्लॉट नंबर 1269 है। इसकी जानकारी भी जनप्रतिनिधि और प्रशासन की दे दी गई है।

# जीतपुर खनन परियोजना के लिए मुआवजा वितरण शुरू, पहले दिन उमड़ी रैयतों की भीड़

## अंचल कार्यालय में शिविर आयोजित; जीतपुर, पहाड़पुर समेत चार मौजा के ग्रामीणों ने जमा किए दस्तावेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गोड्डा :** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सुंदरपहाड़ी प्रखंड में जीतपुर खनन परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि के एवार्डियों को मुआवजे की राशि के भुगतान की प्रक्रिया शुक्रवार से आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गई है। यह शिविर टेरी माईनिंग प्राईवेट लिमिटेड के कोल माइनिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, ओ.बी. डम्प, पुनर्वास स्थल एवं कोल परिवहन सड़क निर्माण से प्रभावित रैयतों के लिए आयोजित किया जा रहा है।



सुंदरपहाड़ी स्थित अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर के पहले दिन डेढ़ सौ से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान जीतपुर, कैरोजोड़ी बड़ा, पहाड़पुर और सुन्दरपहाड़ी मौजा के घोषित एवार्डियों से आवश्यक कागजात प्राप्त कर भुगतान की अग्रिम कार्यवाही की गई।

शिविर के सफल संचालन के लिए अंचल कार्यालय परिसर में तमाम आवश्यक सुविधाएं जैसे कुर्सी, टेबल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। मौके पर राजस्व कर्मचारी और अंचल निरीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने रैयतों की उचित पहचान करने और कागजी कार्रवाई में उनका सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा पूर्व में दिए गए निदेशों का पालन करते हुए सभी प्रभावित रैयतों ने अपने क्षतिपूर्ति बन्धपत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा किए।

शिविर के दौरान टेरी माईनिंग प्राईवेट लिमिटेड के परियोजना प्रमुख रितेश तिवारी समेत अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिन्होंने रैयतों से प्राप्त क्षतिपूर्ति बंधपत्रों पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया को पूरा किया। सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता रखने के लिए थाना प्रभारी, सुन्दरपहाड़ी के नेतृत्व में पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

जिला प्रशासन ने जानकारी दी है कि यह शिविर शनिवार, 25 अप्रैल को भी सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक जारी रहेगा। प्रशासन ने शेष बचे संबंधित ग्रामीणों से अपील की है कि वे निर्धारित समय पर अंचल कार्यालय पहुंचकर अपनी मुआवजा प्रक्रिया को सुगमता से पूर्ण कराएं।

इस मौके पर जिला भू अर्जन कार्यालय के बड़ा बाबू राकेश झा, अनुसेवक राजकुमार मोदी, लिपिक निकेश राज और कर्मचारी श्वेता कुमारी आदि मौजूद रहे। वहीं, सीओ कार्यालय से सर्किल इंस्पेक्टर शिवलाल तुरी, बिनोद मंडल, रामसूचित महतो और अमीन सरमन राम आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा नारायण सिंह की जयंती पर विशाल सांस्कृतिक समागम आज



**पूर्वी सिंहभूम :** पोटका विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक संजीव सरदार ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी एवं भूमिज विद्रोह (1832-33) के महानायक वीर शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती के अवसर पर 25 अप्रैल 2026 (शनिवार) को एक भव्य सांस्कृतिक समागम सह विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम विष्टुपुर स्थित रीगल (गोपाल) मैदान में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शुक्रवार को परिसदन में सरदार ने प्रेस वार्ता में बताया कि गंगा नारायण सिंह आदिवासी समाज के गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक रहे हैं। उनका संघर्ष अंग्रेजी हुकूमत और अन्याय के खिलाफ था, जिसे आज भी समाज प्रेरणा के रूप में याद करता है। इस आयोजन का उद्देश्य उनके बलिदान को स्मरण करना और नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ना है। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार सुबह 11 बजे से 12 बजे तक पूजाअर्चना एवं माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक समाज के सरदारों और पारंपरिक नेतृत्वकताओं को सम्मानित किया जाएगा तथा आवश्यक सामग्री का वितरण होगा। 1 बजे से 2 बजे तक विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों और इतिहास पर चर्चा होगी। दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक बुद्धिजीवियों द्वारा संबोधन होगा, जिसमें सामाजिक एकता, संस्कृति संरक्षण और अधिकारों पर प्रकाश डाला जाएगा। विधायक संजीव सरदार, जो इस आयोजन के संरक्षक हैं, ने क्षेत्र के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर अपने इतिहास, संस्कृति और वीर शहीदों के बलिदान को याद करना चाहिए। आपकी उपस्थिति ही इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करेगी।

### चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन से 06 नाबालिग बच्चियां बरामद, मानव तस्कर फरार



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिले के चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में छह नाबालिग बच्चियों को संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरे राज्यों में ले जाए जाने से पहले ही सुरक्षित बचा लिया गया। यह कार्रवाई रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी, रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन, श्रम विभाग, महिला थाना चक्रधरपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चाईबासा की संयुक्त टीम की ओर से चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई। हालांकि इस दौरान तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार, सभी बच्चियां 14 से 16 वर्ष आयु वर्ग की हैं और प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि उन्हें बेहतर नौकरी, शहर में सुखद जीवन और अधिक पैसे का लालच देकर झारखंड से बाहर ले जाया जा रहा था। जैसे ही इस संदिग्ध गतिविधि की सूचना संबंधित एजेंसियों को मिली, तुरंत संयुक्त टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चक्रधरपुर स्टेशन पर निगरानी बढ़ाई और संदिग्ध हालात में मौजूद बच्चियों को रोककर सुरक्षित अपने संरक्षण में ले लिया। इस पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने किया, जिसमें विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। रांची की एक सामाजिक संस्था ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग दिया, जिससे समय रहते बच्चियों को बचाया जा सका। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई पूर्व सूचना और सतर्क निगरानी का परिणाम है।

### सांसद और विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास



**खूंटी :** कर्रा प्रखंड की बकसपुर पंचायत में करो नदी के समीप शुक्रवार को स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास सांसद खूंटी कालीचरण मुंडा और विधायक सुदीप गुड़िया ने संयुक्त रूप से किया। इससे ग्रामीणों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर कहा गया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव-गांव तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का संकल्प है। कार्यक्रम में जिला परिषद सुशांति कोनगाड़ी, झामुमो युवा मोर्चा अध्यक्ष अमृत हेमरोम, झामुमो युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राहुल केशरी, जोहन आईद, जोसफ आइंद, लछुवा लोहरा, शम्भू शर्मा अन्य मौजूद थे।

### पलामू से एक लाख रुपये का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**पलामू :** नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान में मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तस्करों का पीछा कर एक लाख रुपए का गांजा जब्त किया और दो तस्करों को पकड़ा है। गांजे का वजन पांच किलो है। तस्करों की पहचान शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज के चितरंजन कुमार गुप्ता (32) और चियांकी के नंद किशोर पांडेय (50) के रूप में हुई है। दोनों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुरुवार रात सूचना मिली थी कि शहर में गांजा की खरीद-बिक्री होने वाली है। रेड़मा चौक की ओर से हाउसिंग कॉलोनी स्थित सत्संग मंदिर इलाके में गांजा कारोबारी पहुंचने वाले थे। इस सूचना पर सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने सत्संग मंदिर हाउसिंग कॉलोनी के पास वाहन जांच अभियान शुरू किया। रात करीब साढ़े नौ बजे एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति हाउसिंग कॉलोनी से पाटन की ओर जा रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों संदिग्धों ने बाइक घुमाकर भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों के पास मौजूद बैग की जांच करने पर उसमें गांजा बरामद हुआ। सदर एसडीपीओ ने बताया कि चितरंजन के पास से दो पैकेट में लपेटा हुआ चार किलो और नंद किशोर के पास से डेढ़ किलो गांजा मिला।

संक्षिप्त डायरी

## एक ही घर के दो चिराग बुझे, चचेरे भाइयों की मौत से गांव में छाया मातम

**पटना (एजेंसी)** बेतिया में शादी से लौट रहे तीन युवकों को एक तेज रफ्तार गाड़ी ने जोरदार टक्कर मारी है. हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है बेतिया से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां खुशियों से भरी एक रात अचानक मातम में बदल गई. शादी से लौट रहे तीन युवकों के साथ ऐसा हादसा हुआ कि पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई. दरअसल, लौरिया-बेतिया मुख्य मार्ग पर एनएच-727 के मठिया मंगुराहा चौक के पास गुरुवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. बाइक पर सवार तीन युवकों में से दो की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. शादी से वापस लौट रहे थे तीनों युवक जानकारी के मुताबिक, तीनों युवक लाकड़ सिसई गांव में एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे. तभी रात करीब 11 बजे यह हादसा हो गया. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दो युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घायल को बेतिया जीएमसीएच किया रेफर मृतकों की पहचान योगापट्टी थाना क्षेत्र के छोटा चौमुखा गांव निवासी कुंदन कुमार और प्रिंस कुमार के रूप में हुई है. दोनों चचेरे भाई थे. वहीं विवेक मांझी गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए बेतिया जीएमसीएच रेफर किया गया है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी. साथ ही पुलिस उस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है, जिसने यह हादसा किया.

## गोपालगंज में घायल युवक की 14 दिनों बाद मौत

**पटना (एजेंसी)** गोपालगंज जिले में एक युवक की मौत के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. आक्रोशित लोगों ने एनएच-27 पर जमकर बवाल काटा और सड़क जाम कर दिया. 5 किलोमीटर दूर तक गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई. इस दौरान उन्होंने आगजनी भी की. गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना इलाके के बलथरी गांव में 10 अप्रैल को हुए चाकू बाजी में गंभीर रूप से घायल युवक नितिन कुमार की मौत हो गई. गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में 14 दिनों तक चले इलाज के बाद मौत की खबर मिलते ही लोगों का आक्रोश फूट पड़ा. गुस्साए लोगों ने की यह मांग आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार की सुबह बलथरी चेक पोस्ट के पास एनएच-27 को जाम कर आगजनी किया. घंटों हाईवे जाम रहा. लगभग 5 किलोमीटर तक लंबी गाड़ियों की लाइन लग गई. आक्रोशित लोग हमलावरों की गिरफ्तारी करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे. क्या है पूरा मामला? पूरी घटना के बारे में बताया गया कि 10 अप्रैल को आपसी विवाद को लेकर नितिन कुमार पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया था. जिससे नितिन बुरी तरह से घायल हो गया. घायल युवक का पहले गोपालगंज में ही प्राथमिक उपचार किया गया. लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देख डॉक्टर ने लखनऊ रेफर कर दिया. करीब 14 दिनों तक उसका इलाज जारी रहा. लेकिन गुरुवार की शाम ही उसने दम तोड़ दिया. इसके बाद नितिन कुमार के शव को गोपालगंज लाया गया, जिसके बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. एनएच-27 को गुस्साए लोगों ने जाम कर दिया. इतना ही नहीं, आगजनी भी की गई और प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए गए. परिजनों ने पुलिस पर लगाया आरोप मृतक के परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद आरोपी को ढूंढ नहीं पाई है. पीड़ित परिजनों ने सरकारी मुआवजे और आर्थिक सहायता की मांग की. प्रदर्शन की सूचना पर कुचायकोट थाने की पुलिस पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंची. इसके साथ ही लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया. प्रदर्शन के दौरान एनएच-27 से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी.

## कुख्यात डीडिया के भतीजे ने युवक को सरेआम चाकू मारा

**पटना (एजेंसी)** बदमाशों ने पटना कॉलेजिएट के पास अमन नामक लड़के को चाकू से मारकर घायल कर दिया। इसकी वजह सुल्तानगंज की एक लड़की से प्रेम-प्रसंग है। अमन के साथ ही पीरबहोर इलाके के कुख्यात अपराधी माजिद खान उर्फ डीडिया का भतीजा अयान उर्फ कल्लू भी उस लड़की बात करता था। इसी को लेकर विवाद था। अयान के दोस्त ताहिर ने अमन को कॉल कर पटना कॉलेजिएट के पास बुलाया। वहां अयान और अन्य ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। घायल अमन को पीएमसीएच में भर्ती किया गया। पुलिस ने ताहिर को गिरफ्तार कर लिया। अमन सालिमपुर अहरा की उमा गली का रहने वाला है। टाउन एसडीपीओ वन ने बताया कि घटना के पीछे प्रेम-प्रसंग है। कल्लू को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है। अमन की हालत स्थिर है। होटल संचालक की हत्या में जेल गया था डीडिया डीडिया उर्फ माजिद खान और उसके गिरोह के लोगों ने 20 अक्तूबर 2024 को पीरबहोर थाने के कुतुबद्दीन लेन दरियापुर के पास होटल कारोबारी शकील अहमद की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वे बाइक से जा रहे थे। 20 लाख की रंगदारी नहीं देने पर शकील की हत्या की गई थी। डीडिया इस हत्याकांड में बेल पर है। डीडिया और उसके परिवार की इलाके में दहशत है। जेल से बाहर होने के बाद उसके परिवार को हौसला बढ़ा हुआ है। लोग तमाशबीन बने रहे : अयान ने चाकू से वार किया तो अमन भागने लगा। वहां सैकड़ों लोग थे, लेकिन किसी ने नहीं रोका। लोगों के सामने ही अयान ने अमन को पकड़ लिया और चाकू से वार कर दिया।

## एनईपी के तहत पीजी का यूनिफॉर्म सिलेबस नहीं, असमंजस में छात्र

**पटना (एजेंसी)** प्रदेश के विश्वविद्यालयों में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत पीजी का सिलेबस अब तक तैयार नहीं हुआ है। इसका खामियाजा स्नातक करने वाले छात्रों को भुगतना होगा। नए सत्र में पीजी करने वाले सभी छात्रों को पुराने सिलेबस से ही पढ़ाई करनी होगी। दरअसल, एनईपी के तहत जो विद्यार्थी तीन वर्षीय स्नातक करेंगे, उन्हें दो वर्षीय पीजी और जो चार वर्षीय स्नातक करेंगे, उन्हें एक वर्षीय पीजी की पढ़ाई करनी होगी। राज्य में स्नातक का च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत यूनिफॉर्म सिलेबस लागू हुए तीन वर्ष हो गए हैं। सत्र 2026 में ये सभी छात्र चौथे वर्ष में प्रवेश करेंगे, लेकिन कुछ छात्र ऐसे हैं जो तीन वर्षीय स्नातक पूरा करेंगे। इस वर्ष जो छात्र तीन वर्षीय स्नातक उतीर्ण करेंगे, उन्हें पुराने पैटर्न पर ही पीजी करना होगा। वहीं जो छात्र अभी स्नातक की पढ़ाई एनईपी के तहत कर रहे हैं, वे पीजी कोर्स को लेकर असमंजस में हैं। एनईपी के तहत नया यूनिफॉर्म सिलेबस, परीक्षा रेगुलेशन और एडमिशन ऑर्डिनेंस तैयार होना है, जो अब तक नहीं हुआ है। नए पीजी कोर्स को लेकर गाइडलाइन नहीं पटना विवि के राजनीतिशास्त्र में स्नातकोत्तर के शिक्षक व पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विनय सोरेन ने कहा कि नए पीजी पाठ्यक्रम को लेकर अब तक किसी तरह का कोई दिशानिर्देश नहीं है।

# बिहार विधानसभा विशेष सत्रः मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पेश करेंगे विश्वास मत

**बिहार में 'विश्वास' की अग्निपरीक्षाः 122 के जादुई आंकड़े की ओर सम्राट चौधरी की सरकार**



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के विधानसभा पहुंचने पर एनडीए के विधायकों ने उनका जोरदार स्वागत किया. इस दौरान कैमरा के सामने सीएम सम्राट ने विक्ट्री का साइन दिखाया. इसके बाद विधानसभा के अंदर सीएम सम्राट चौधरी ने विश्वास मत पेश किया. 11 बजे से विशेष सत्र की शुरूआत हुई. बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज विधानसभा में विश्वास मत हासिल करेंगे. आज सुबह 11 बजे से विशेष सत्र की शुरूआत हो गई है. खास बात यह रही कि आज विधानसभा पहुंचते ही सीएम सम्राट चौधरी ने विक्ट्री का साइन दिखाया. जानकारी के मुताबिक, सदन में 90 मिनट तक चर्चा होगी. एनडीए के विधायकों ने क्या कहा? विशेष सत्र की शुरूआत से पहले कई विधायकों ने बयान दिए. जेडीयू के विधायक श्याम रजक ने कहा, विश्वास मत हासिल है. ये एक औपचारिकता है. औपचारिकता का निर्वहन हमलोग करेंगे. अपार बहुमत मिलेगी. पूर्व सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में सम्राट चौधरी बिहार के विजन को मंजिल तक पहुंचाएंगे. जेडीयू विधायक पंकज मिश्रा ने दावा करते हुए कहा, महागठबंधन के विधायक ठऊअ के संपर्क में हैं. बहुमत पहले से हासिल है. महागठबंधन के पास कुछ नहीं है. जेडीयू विधायक अजीत कुमार ने कहा, विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है. राज्यसभा चुनाव के दौरान चारो खाने चित्त हो गए थे. सम्राट चौधरी जी को बहुमत देकर नया बिहार बनाना है. सबकुछ ठीक होगा. जबकि फ्छट विधायक माधव आनंद ने कहा, आज बहुत कुछ देखने को मिलेगा. हमलोगों ने राज्यसभा में भी दावा किया था. हमारी केमिस्ट्री अच्छी है. बहुत सारे लोग हैं जो सम्राट सरकार का समर्थन कर सकते हैं. बहुत सारी नई चीजें देखने को मिलेगी. सीएम सम्राट को 122 विधायकों की जरूरत सीएम सम्राट चौधरी को विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के लिए 122 विधायकों के समर्थन की जरूरत है. सदन में एनडीए के 201 विधायक हैं. ऐसे में बेहद आसानी से विश्वास मत हासिल कर लेने की चर्चा तेज है. गुरुवार को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा था कि सरकार को विश्वास मत हासिल करने में कहीं कोई दिक्कत नहीं है. विश्वास मत के दौरान एनडीए के सभी घटक दल भाजपा, जदयू, लोजपा (रामविलास), रालोमो और हम के सभी विधायक मौजूद रहेंगे.

## भारत-नेपाल बॉर्डर पर बड़ी कार्रवाई, नकली नोट बनाने वाले कागज जब्त

**पटना (एजेंसी)** : भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जाली नोट गिरोह का पर्दाफाश किया है. साथ ही दो आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से हथियार और नकली नोट बनाने वाला खास कागज मिले हैं. भारत-नेपाल सीमा से एक बड़ी कामयाबी की खबर सामने आई है, जहां पुलिस ने जाली नोटों के नेटवर्क पर करारा वार किया है. इस कार्रवाई ने न सिर्फ स्थानीय स्तर पर सक्रिय गिरोह को बेनकाब किया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की भी आशंका बढ़ा दी है. पश्चिम चंपारण के नरकटियागंज-सिकटा इलाके में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग नेपाल की तरफ से सामान लेकर आ रहे हैं. इसके बाद पुलिस ने तुरंत एक टीम बनाकर कंगली थाना क्षेत्र के भेड़िहरवा इलाके में घेराबंदी कर दी. जैसे ही बाइक सवार संदिग्ध वहां पहुंचे, पुलिस को देखकर भागने लगे, लेकिन पीछा कर दो आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि एक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूर्वी चंपारण के सुखलहिया गांव निवासी ज्वाला सिंह और सचिन कुमार के रूप में हुई है. तलाशी के दौरान ज्वाला सिंह के पास से लोडेड देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ. वहीं, उनके बैग से पहली बार ऐसा संदिग्ध ह्यस्पेशल पेपरह्ल मिला है, जिसका इस्तेमाल जाली नोट छापने में किया जाता है. पुलिस ने मौके से उनकी बाइक भी जब्त कर ली है. अधिकारियों का मानना है कि यह गिरोह सिर्फ नकली नोट सप्लाई ही नहीं, बल्कि उन्हें तैयार करने में भी शामिल हो सकता है. घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्कइस बरामदगी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और अब इस नेटवर्क के नेपाल और पाकिस्तान कनेक्शन की भी जांच की जा रही है. एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि फरार आरोपी की तलाश जारी है और जल्द ही इस मामले में और बड़े खुलासे हो सकते हैं.

## बख्तियारपुर से मोकामा बाटा चौक तक बदलेगी सड़क की सूरत, 250 करोड़ रुपए होंगे खर्च

**पटना (एजेंसी)** बिहार में रोड कनेक्टिविटी को लगातार मजबूत किया जा रहा है. इस बीच बख्तियारपुर से मोकामा बाटा चौक तक सड़क की सूरत बदलने वाली है. संभावना जताई जा रही है कि अगले साल के अप्रैल महीने तक सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा. बिहार में सड़कों को लगातार दुरुस्त किया जा रहा है. शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी सड़कें बनाई जा रही हैं. ऐसे में बख्तियारपुर के करजान से बाढ़ होते हुए मोकामा बाटा चौक तक सड़क चकाचक होगी. सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के साथ उसे दुरुस्त किया जा रहा है. 45 किलोमीटर लंबी होगी सड़क इसके साथ ही संभावना जताई जा रही है कि अगले साल अप्रैल तक सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा. बख्तियारपुर से मोकामा बाटा चौक तक लगभग 45 किलोमीटर सड़क के निर्माण पर 250 करोड़ खर्च होंगे. सूत्र की माने तो, बख्तियारपुर से मोकामा सड़क पुराना एनएच 31 रहा है. यह करजान (बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के पास) से शुरू होकर बाढ़, पंडारक, मोर और शिवनार होते हुए मोकामा तक जाती है. प्रगति यात्रा के दौरान पूर्व सीएम ने की थी घोषणा बख्तियारपुर से मोकामा फोर लेन के निर्माण से पुराने इस सड़क को दुरूस्त करने के साथ चौड़ा किया जा रहा है. अब सड़क की चौड़ाई 11 मीटर होगी. पहले सड़क की चौड़ाई साढ़े सात मीटर थी. पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से 21 फरवरी 2025 को पटना जिले की प्रगति यात्रा के दौरान सड़क के चौड़ीकरण के साथ दुरुस्त करने की घोषणा की गई थी. कब शुरू हुआ था सड़क का निर्माण कार्य? सड़क के चौड़ीकरण के साथ दुरुस्त करने का काम अगले साल अप्रैल में पूरा होगा. सड़क के निर्माण का काम सितंबर 2025 में शुरू हुआ था.

## बिहार का पहला 'ट्री टॉप वॉक-वे' यहां बनेगा, एडवेंचर भरा होगा ऊंचाई से जानवरों को देखना



**पटना (एजेंसी)** बिहार का पहला 'ट्री टॉप वॉक-वे' बनने वाला है. खास बात यह है कि 'ट्री टॉप वॉक-वे' कहीं और नहीं बल्कि पटना जू में बनाया जाएगा. लगभग 15 फुट की ऊंचाई से जानवरों को देखना एडवेंचर भरा होगा. एक अलग एक्सपीरियंस यहां आने वाले लोगों को मिलेगा. पटना जू घूमने आने वाले लोगों को बेहद अलग और नया एक्सपीरियंस मिलने वाला है. यहां बिहार का पहला ह्यट्री टॉप वॉक-वेह्ल बनने वाला है. इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया है. यह वॉकवे यहां आने वाले विजिटर्स को ऊंचाइयों से जंगल और जानवरों का अद्भुत दीदार करने का मौका देगा, जो राज्य के पर्यटन और वन्यजीव अनुभव को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा. सेंट्रल जू ऑथोरिटी को भेजी गई रिपोर्ट पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने इस संबंध में बताया कि प्रोजेक्ट की डिटेल परियोजना रिपोर्ट तैयार हो चुकी है. अंतिम मंजूरी के लिए इस रिपोर्ट को सेंट्रल जू ऑथोरिटी (सीजेडए) के पास भेजा गया है. अपर मुख्य सचिव ने उम्मीद जताई है कि इसी महीने सीजेडए से मंजूरी मिलने के बाद वॉकवे के निर्माण कार्य को जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा. पटना जू में यह नया प्रयोग बिहार में अपनी तरह का पहला प्रयास होगा, जो नेचर लवर्स को एक खास अनुभव देगा. ऐसा होगा लकड़ी से बना वॉक वे जानकारी के मुताबिक, यह वॉकवे विशेष रूप से लकड़ी से तैयार किया जाएगा. इसे जमीन से लगभग 15 फीट की ऊंचाई पर स्थापित किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले पेड़ों की शाखाओं के बीच से जू की नेचुरल ब्युटी को एक नए नजरिए से देख सकेंगे. वॉकवे की चौड़ाई लगभग 16 फुट रखी जाएगी. कितने रुपए की लागत से बनाया जाएगा वॉक वे? परियोजना के पहले फेज में इस ट्री टॉप वॉकवे की लंबाई 100 मीटर होगी, जिसका मुख्य उद्देश्य दो बड़े ह्यसीलोन ओकह्ल के पेड़ों को आपस में जोड़ना है. इसके रास्ते में कई अन्य पेड़ भी आयेंगे, जो इस पैदल मार्ग के अनुभव को और भी प्राकृतिक और रोमांचक बना देंगे. इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत लगभग दो करोड़ रुपये तय की गई है.

## नेपाली मूल की महिलाओं को मिलेगी भारतीय नागरिकता, लगने जा रहा कैंप



**पटना (एजेंसी)** पश्चिम चंपारण के सिकटा में नेपाली मूल की महिलाओं के लिए भारतीय नागरिकता की प्रक्रिया शुरू हो गई है. सात साल की शादी पूरी करने वाली महिलाएं नागरिकता के लिए आवेदन कर सकती हैं. जानिए इसको लेकर किस दिन से कैंप लगेगा? सीमावर्ती इलाकों में रहने वाली कई महिलाओं के लिए पहचान का सवाल अब सुलझने वाला है. वर्षों से भारतीय नागरिकता का इंतजार कर रहीं नेपाली मूल की बहुओं को अब राहत मिली है. सरकार ने उनकी नागरिकता की राह आसान कर दी है, जिससे हजारों महिलाओं के चेहरे पर खुशी लौट आई है. पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा प्रखंड में प्रशासन ने इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली है. अब वे महिलाएं, जिनकी शादी को सात साल या उससे ज्यादा समय हो चुका है, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकती हैं. इस योजना की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने के लिए जीविका दीदियों, विकास मित्रों और चौकीदार दफादारों की मदद ली जा रही है. 24 अप्रैल को लगेगा विशेष कैंप बीडीओ अजीत कुमार रौशन ने बताया कि 24 अप्रैल को प्रखंड मुख्यालय और अलग-अलग पंचायतों में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं. यहां महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं या फिर सीधे आरटीपीएस काउंटर पर फॉर्म जमा कर सकती हैं. आवेदन के लिए तय वेबसाइट पर जाकर डिटेल भरनी होगी और उसका प्रिंट निकालकर जमा करना होगा. सरकार ने तय किया आवेदन शुल्क सरकार की तरफ से आवेदन शुल्क 1000 रुपए तय किया गया है. साथ ही जरूरी दस्तावेज भी लगाना अनिवार्य है. जिन महिलाओं को ऑनलाइन प्रक्रिया में परेशानी हो, वे साइबर कैफे या सीएससी सेंटर की मदद भी ले सकती हैं. इस फैसले के बाद स्थानीय महिलाओं में खुशी का माहौल है. उनका कहना है कि अब उन्हें अपनी पहचान मिलेगी और वे भी पूरे अधिकार के साथ खुद को भारतीय नागरिक कह सकेंगी. प्रशासन ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा योग्य महिलाएं इस अवसर का लाभ उठाएं.

## गांव बना जंग का मैदान, पत्थरबाजी में कई परिवारों पर टूटा कहर




**पटना (एजेंसी)** दरभंगा के बिरौल में मामूली टक्कर के बाद दो समुदायों में हिंसक झड़प देखने को मिली है. देखते ही देखते झड़प पत्थरबाजी में बदल गयी और इसमें कई लोग घायल हो गये. पूरे गांव को पुलिस छावनी में बदल दी गयी है. दरभंगा से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने इलाके में तनाव का माहौल बना दिया है. छोटी सी बात कैसे बड़े विवाद में बदल जाती है, इसका उदाहरण बिरौल थाना क्षेत्र के एक गांव में देखने को मिला, जहां मामूली टक्कर ने हिंसक झड़प का रूप ले लिया. दरअसल, सुपौल पंचायत के मकसुदनपुर गांव में गुरुवार देर रात दो समुदायों के बीच अचानक भिड़ंत हो गई. बताया जा रहा है कि एक बाइक सवार युवक से दूसरे समुदाय के व्यक्ति को हल्की टक्कर लग गई, जिसके बाद शुरू हुई बहस देखते ही देखते मारपीट और फिर रोड़ेबाजी में बदल गई. स्थिति नियंत्रण में आने के बाद दरभंगा पुलिस का बयान पत्थरबाजी में ये लोग घायल कुछ ही देर में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर पत्थरबाजी होने लगी. इस घटना में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें 4-5 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है. एक पक्ष से ढाई साल का एहसान बख्खो, 10 साल का तनवीर, 22 साल का अब्दुल और 27 साल का परवेज घायल हुए हैं. बच्चों की हालत गंभीर होने पर उन्हें डीएमसीएच रेफर किया गया. वहीं दूसरे पक्ष से 60 वर्षीय बिशो सहनी समेत अन्य लोग भी चोटिल हुए हैं. सभी घायलों को अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है. पुलिस बल की निगरानी में पूरा गांव घटना की खबर मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया. एसडीओ शशांक राज और एसडीपीओ प्रभाकर तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात को काबू में किया. फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन गांव में तनाव बना हुआ है. एहतियात के तौर पर आसपास के कई थानों की पुलिस तैनात की गई है और करीब 100 जवानों की निगरानी में पूरा इलाका है. पुलिस का कहना है

## 'नीतीश कुमार के समर्थन के बिना लालू प्रसाद CM नहीं बन पाते', सदन में सम्राट चौधरी ने कहा



**पटना (एजेंसी)** शुक्रवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया है. विश्वास मत पेश करने के बाद सदन में चर्चा हुई. इस दौरान सीएम सम्राट ने कहा, जदयू नेता नीतीश कुमार के समर्थन के बिना राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद मुख्यमंत्री नहीं बन पाते. बिहार विधानसभा में सीएम सम्राट चौधरी ने विश्वास मत हासिल कर लिया. इसके बाद एनडीए के विधायक लगातार बधाइयां दे रहे हैं. विश्वास मत पेश किए जाने के बाद सदन में चर्चा हुई. उस दौरान सत्ता-पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली. सदन में सीएम सम्राट चौधरी ने कहा, मैंने यह कई बार कहा है कि नीतीश कुमार के सहयोग के बिना लालू प्रसाद मुख्यमंत्री नहीं बन पाते. नीतीश कुमार ने लालू यादव को मुख्यमंत्री बनाया था. तेजस्वी यादव ने किया था कटाक्ष सदन में तेजस्वी यादव ने नई सरकार पर जमकर हमला बोला था. उन्होंने कहा था, भाजपा चुनाव के समय ही तय कर देती तो आज विश्वास मत की नौबत नहीं आती. साथ ही सम्राट चौधरी को लेकर भी तेजस्वी यादव ने टिप्पणी की थी. इसके बाद सदन में सीएम सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव को करारा जवाब देते हुए लालू प्रसाद का भी जिक्र किया. सम्राट चौधरी ने दिया ये जवाब तेजस्वी यादव को जवाब देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा, सत्ता किसी की बपौती नहीं होती है. मैं यहां सब के आशीर्वाद से बैठा हूं. लालू जी ने मेरे परिवार के 22 सदस्यों को जेल में डाला था. लालू जी ने मिलर हाई स्कूल के ग्राउंड में क्षमा भी मांगा था कि हमसे गलती हुई. लालू जी को भी नीतीश कुमार जी ने ही मुख्यमंत्री बनाया था. ऐसे में कोई किसी की पाठशाला का नहीं होता है, ये लोकतंत्र है. तेजस्वी यादव ने सदन में यह मुद्दा भी उठाया नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चर्चा के दौरान राज्य की आर्थिक स्थिति को प्रमुख मुद्दा बनाया. उन्होंने नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि बिहार आज भी देश के सबसे गरीब राज्यों में गिना जाता है. जब सरकारी खजाना खाली रहेगा, तब विकास कार्यों की गति कैसे बढ़ेगी? उन्होंने सरकार से आर्थिक मोर्चे पर ठोस कदम उठाने की मांग की. उन्होंने दावा किया कि लालू प्रसाद के शासनकाल में वित्तीय प्रबंधन बेहतर था. अपने संबोधन के अंत में तेजस्वी यादव ने नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विपक्ष का संख्या बल भले ही कम हो, लेकिन संवाद आवश्यक है. उन्होंने सरकार से विपक्ष को साथ लेकर चलने का आग्रह किया. साथ ही महिला आरक्षण में अन्य पिछड़ा वर्ग को शामिल करने की मांग की. उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सभी दलों के नेताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलवाया जाए, ताकि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने की दिशा में प्रयास तेज किए जा सकें.



## गर्मी के मौसम के लिए मुनमुन दत्ता ने साझा किए देसी ड्रिंक

छोटे परदे की लोकप्रिय अभिनेत्री मुनमुन दत्ता ने अपने समर मॉर्निंग रूटीन की एक झलक सोशल मीडिया पर साझा की है। यह पोस्ट उनके फैंस को बेहद पसंद आ रही है। मुनमुन दत्ता ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह बताया है कि वह अपनी सुबह की शुरुआत किस तरह से करती हैं ताकि गर्मियों में भी तरोताजा और स्वस्थ रह सकें। तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में बबीता जी के किरदार से घर-घर में अपनी पहचान बनाने वाली अभिनत्री ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो और कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिनमें उनके हेल्दी नाश्ते और पेय पदार्थों की स्पष्ट झलक देखने को मिल रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैंने सुबह के लिए एक ऐसी ड्रिंक तैयार की है, जो पेट की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है और शरीर को अंदर से मजबूत बनाती है। यह कैप्शन ही उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आयुर्वेदिक सिद्धांतों में उनके विश्वास को दर्शाता है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मुनमुन दत्ता छाछ से एक विशेष पेय बना रही हैं, जिसे वह पेट की सेहत के लिए बेहद बेहतरीन ड्रिंक मानती हैं। इसे तैयार करते समय उन्होंने उसमें बारीक कटा हुआ प्याज, ताजा हरा धनिया और अन्य कई स्वास्थ्यवर्धक चीजों को मिलाया, जिससे इसका स्वाद और पौष्टिकता दोनों बढ़ जाती है। छाछ, जिसे दही से बनाया जाता है, पारंपरिक रूप से गर्मियों में शरीर को ठंडक देने और पाचन को सुधारने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसके अलावा, मुनमुन ने एक और तस्वीर के माध्यम से एक और खास देसी ड्रिंक के बारे में जानकारी दी, जिसे रागी अंबली कहा जाता है। उन्होंने कैप्शन में बताया, यह देसी पेय पाचन को बेहतर बनाता है। साथ ही, यह गर्मियों में शरीर को ठंडक पहुंचाने का भी काम करता है। यह शरीर को हल्का महसूस कराता है और ऊर्जा का स्तर बनाए रखता है। रागी अंबली, जो रागी के आटे से बनता है, दक्षिण भारत में एक लोकप्रिय और पौष्टिक पेय है, जो फाइबर और कैल्शियम से भरपूर होता है। मुनमुन दत्ता अपनी फिटनेस और हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर व्यायाम, योग और स्वस्थ खानपान से जुड़े वीडियो और तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनका दृढ़ता से मानना है कि फिट और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम के साथ-साथ सही और संतुलित खानपान भी उतना ही आवश्यक है।

## समीरा रेड्डी का आखिरी सवाल से कमबैक

संजय दत्त की आगामी फिल्म 'आखिरी सवाल' इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक बन गई है, जिसकी दर्शक बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर इसका टीजर जारी किया गया, जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के इतिहास की एक ऐसी झलक दिखाई गई है, जिसे पहले कभी इस अंदाज में नहीं देखा गया था। यह टीजर दर्शकों के बीच गहरी उत्सुकता जगा रहा है और उन्हें एक नई कहानी से जोड़ने का वादा करता है। इस फिल्म के जरिए लंबे अंतराल के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहीं अभिनेत्री समीरा रेड्डी ने अपने किरदार और फिल्म के चुनाव को अपने करियर का सबसे बड़ा और निडर फैसला बताया है। उन्होंने कहा, मैंने फिल्मों में वापसी सिर्फ सुरक्षित भूमिकाएं निभाने के लिए नहीं की है, और 'आखिरी सवाल' बिल्कुल भी आसान फिल्म नहीं है। समीरा ने आगे बताया, आरएसएस को लेकर मेरी समझ पहले सीमित थी, लेकिन जब मैंने इसकी स्क्रिप्ट पढ़ी तो महसूस हुआ कि कई बातें वैसी नहीं हैं जैसी दिखती हैं।





## एक समय खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं मालविका

हाल ही में साउथ की मशहूर अभिनेत्री मालविका मोहनन ने बताया कि एक वक्त ऐसा आया था, जब वह अंदर से पूरी तरह टूट गई थीं। अभिनेत्री ने अपने फैंस के साथ दिल की बात साझा की। मालविका ने खुलासा किया कि परिवार और अपने करीबियों से दूर रहने की वजह से वह खुद को बेहद अकेला महसूस करने लगी थीं। यह खुलासा मालविका मोहनन ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ आयोजित किए गए आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान किया। इस सत्र के दौरान एक प्रशंसक ने उनसे पूछा कि वह आखिरी बार कब रोई थीं? इस सवाल का जवाब देते हुए मालविका ने बेहद ईमानदारी से अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया, पिछले महीने में काम के सिलसिले में चेन्नई में थी। मुझे वहां काफी लंबे समय तक रुकना पड़ा। मेरी टीम बहुत अच्छी थी और काम भी सुचारु रूप से चल रहा था, लेकिन लंबे समय तक घर और परिवार से दूर रहने के कारण मैं धीरे-धीरे अकेलापन महसूस करने लगी थी। मालविका ने अपनी भावनाओं को विस्तार से बताते हुए कहा, दिनभर शूटिंग और काम में व्यस्त रहने के बाद, जब मैं रात को अपने होटल के कमरे में लौटती थी, तो वहां मुझसे बात करने वाला कोई नहीं होता था। यह बात मुझे अंदर ही अंदर परेशान करने लगी थी। मैं मानसिक रूप से काफी उदास थी और लगातार अकेले रहने का गहरा असर मेरे मन पर पड़ने लगा था, जिसकी वजह से मुझे रोना आता था।

उनका यह अनुभव दिखाता है कि किस तरह बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री के सितारों को भी आम इंसानों की तरह भावनात्मक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, भले ही उनकी जिंदगी बाहर से कितनी भी चकाचौंध भरी क्यों न लगे। अपने निजी अनुभवों को साझा करने के साथ-साथ मालविका ने अपने आने वाले प्रोफेशनल प्रोजेक्ट्स के बारे में भी बात की, जो उनके जीवन में आगे बढ़ने का एक संकेत है। उन्होंने बताया कि वह इस समय अभिनेता विजय सेतुपति के साथ एक तमिल फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन प्रतिभाशाली त्यागराजन कुमार राजा कर रहे हैं, जिनकी तारीफ करते हुए मालविका ने कहा कि वह सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं। मालविका ने यह भी बताया कि इस फिल्म का नाम पॉकेट नॉवेल है और यह इसी साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। उन्होंने कहा, इस प्रोजेक्ट को लेकर मैं बेहद उत्साहित हूं और उम्मीद करती हूं कि दर्शकों को यह फिल्म जरूर पसंद आएगी। इस फिल्म पर काम करना मेरे लिए एक खास अनुभव रहा है।


## आमिर ने नए दौर के स्टार्स की आदतों पर जताई नाराजगी



फिल्म इंडस्ट्री में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने कुछ चीजों को अपनी दूरदर्शिता और सिद्धांतों के दम पर बदला है। मीडिया चर्चा में आमिर खान ने खुलासा किया था कि जब वह नए-नए भारतीय सिनेमा जगत में आए थे, तो उन्होंने कुछ ऐसी चीजों को नोटिस किया जो उन्हें बेहद अजीब और अनुचित लगीं। आमिर खान ने इन चीजों को बदलने का फैसला किया और अपनी दृढ़ता से उन्हें बदलकर ही दम लिया, जिससे बॉलीवुड में एक नया मानक स्थापित हुआ। मीडिया से बातचीत में आमिर खान ने बताया, जब मैं इंडस्ट्री में आया था, तब एक सिस्टम था कि जब कोई स्टार आता है, तो उसके ड्राइवर का पैसा और उसके बॉय (पर्सनल असिस्टेंट) का पैसा प्रोड्यूसर देता है। इस प्रथा पर सवाल उठाते हुए आमिर खान ने आगे कहा, तब मैंने सोचा कि यार, बॉय और ड्राइवर तो मेरे लिए काम करते हैं ना। तो प्रोड्यूसर क्यों उनका पैसा देगा? मैं बहुत खुद्दार आदमी हूं, मुझे नहीं चाहिए कि आप मेरे पैसे दें। कल को क्या आप मेरे बच्चे के स्कूल की फीस भी भरेंगे? यह किसी हद पर जाकर तो रुकना चाहिए ना। आमिर खान का मानना था कि प्रोड्यूसर को सिर्फ उतना खर्च करना चाहिए जो फिल्म के निर्माण पर आधारित है। उन्होंने सुझाया कि प्रोड्यूसर को मेकअप मैन का पैसा, हेयर ड्रेसर का पैसा या कॉस्ट्यूम वाले का पैसा देना चाहिए, क्योंकि ये सब सीधे फिल्म से जुड़े होते हैं। आमिर खान ने स्पष्ट रूप से कहा कि उन्हें यह पसंद नहीं था कि प्रोड्यूसर उनके बॉय और ड्राइवर का पैसा क्यों देंगे। उन्होंने नए दौर के स्टार्स की कुछ आदतों पर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। आमिर खान ने कहा, जब आप एक हद से ज्यादा प्रोड्यूसर को तंग करने लगते हो, तो वह गलत है। जब मैं सुनता हूं कि आपकी जरूरतों और फरमाइशों की लिस्ट जब बहुत लंबी होती चली जाती है, तो मुझे बहुत तकलीफ होती है। सुपरस्टार ने बताया कि उनके बॉय और ड्राइवर उनके लिए काम करते हैं और इसलिए वह उन्हें खुद पैसा देंगे।

## मेरे लिए दोस्त ही सबसे बड़ी ताकत और खुशी है: मनीषा कोइराला

बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला आज भी भारतीय सिनेमा और अन्य मंचों पर सक्रिय हैं। दिल से, मन और गुप्त जैसी कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री को हाल ही में संजय लीला भंसाली की भव्य पीरियड ड्रामा हीरामंडी- द डायमंड बाजार में देखा गया। मनीषा कोइराला अक्सर कला और संस्कृति से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करती रही हैं। हाल ही में उन्होंने नेपाल के एक प्रतिष्ठित म्यूजियम का दौरा किया, जहां उन्होंने अपने देश नेपाल की समृद्ध संस्कृति और अद्भुत कला से रूबरू होने का अवसर पाया। मनीषा कोइराला ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें वह अपने दोस्तों के साथ खुशी के पल बिताती नजर आ रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि उनके लिए उनके दोस्त ही सबसे बड़ी ताकत और खुशी की कुंजी हैं। इस व्यक्तिगत पोस्ट के अलावा, अभिनेत्री ने नेपाल म्यूजियम की कुछ अद्भुत तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें बौद्ध और हिंदू धर्म की कलात्मक झलक एक साथ देखने को मिल रही है। इन तस्वीरों में एक तरफ भगवान शिव के नटराज अवतार की भव्य पेंटिंग दिखाई देती है, तो दूसरी तरफ बौद्ध संस्कृति को दर्शाती शांतिपूर्ण और गहन कलाकृतियां हैं। एक पेंटिंग में अलग-अलग भाषाओं में कई प्राचीन मंत्र लिखे हुए हैं, जबकि कुछ पेंटिंग मां काली के रौद्र और शक्तिशाली रूप को अत्यंत कलात्मक ढंग से प्रदर्शित करती हैं। इन प्यारी और कलात्मक तस्वीरों को साझा करते हुए मनीषा ने लिखा, मुझे कुछ अद्भुत कलाकारों और मेरे दोस्तों का काम नेपाली कला संग्रहालय में देखने का मौका मिला। थंका और पौभा, जो समृद्ध नेवारी कला परंपराओं के प्रतीक हैं, उनके प्रति मेरा प्रेम समय के साथ और गहरा होता जा रहा है। हर कलाकृति में ऐसी भक्ति, इतिहास और आत्मा समाई हुई है। इसे देखना और इसके बारे में सीखना सचमुच एक विशेष और प्रेरणादायक अनुभव था। अभिनेत्री ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि संग्रहालय में प्रदर्शित हर कलाकृति को इतने प्यार और बारीकी से तैयार किया गया था कि वे बिल्कुल जीवंत लगती थीं। उन्होंने महसूस किया कि हर प्रतिमा और पेंटिंग से कुछ न कुछ नया सीखने को मिल रहा है, जो उनके मन को शांति और प्रेरणा प्रदान कर रहा था। मनीषा ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनकी भाभी भी काफी सालों से नेपाल में रहकर एक आर्ट एकेडमी चला रही हैं। उन्होंने कहा कि, किसी भी विदेशी महिला के लिए इस तरह की संस्था को बिल्कुल शुरुआत से शुरू करना आसान नहीं होता, लेकिन उनकी भाभी ने अपनी लगन और मेहनत से इसे संभव कर दिखाया है। मनीषा ने गर्व से बताया कि आज उनकी भाभी की दृढ़ता और परिश्रम की बदौलत ही इस संस्था ने कला जगत में एक मजबूत और सम्मानित नाम कमाया है, जो नेपाल की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।




## जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी में इम्तियाज अली की मैं वापस आऊंगा

मशहूर फिल्ममेकर इम्तियाज अली अपनी आगामी रोमांटिक पीरियड ड्रामा मैं वापस आऊंगा को जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी में हैं। यह फिल्म 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन की हृदय विदारक पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें प्यार, यादें और घर वापसी की एक मार्मिक कहानी को खूबसूरती से दिखाया जाएगा। हाल ही में, इम्तियाज अली ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पटियाला में फिल्म की टीम के साथ एक खूबसूरत सूर्यास्त का आनंद लेते हुए एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वे घर पर आराम से बैठे नजर आ रहे हैं, और उनके साथ अभिनेता वेदांग रैना, अभिनेत्री शरवरी सहित कई कलाकार मौजूद हैं। सभी लोग किसी मजेदार बातचीत में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं, जिससे लगता है कि शूटिंग के दौरान का माहौल काफी खुशगवार और दोस्ताना रहा होगा। इम्तियाज अली ने अपनी इस पोस्ट के जरिए शूटिंग के उन यादगार पलों को फिर से ताजा किया, खासकर पटियाला के उस सुंदर सूर्यास्त को जो अब भी उनकी यादों में तरोताजा है। इस तस्वीर को साझा करते हुए इम्तियाज अली ने लिखा, शूटिंग की यादें, पटियाला में सुनहरे सूर्यास्त शरवरी और वेदांग रैना के साथ। फिल्म का नया गाना क्या कमाल है भी हाल ही में रिलीज हुआ है। मेकर्स ने दर्शकों में फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाने के लिए पहले गाने का ऑडियो जारी किया था, और कुछ दिनों बाद ही इसका वीडियो भी रिलीज कर दिया। दर्शकों ने ऑडियो और वीडियो दोनों को ही बेहद पसंद किया है। इस गाने के जरिए निर्देशक इम्तियाज अली, संगीतकार एआर रहमान और गीतकार इरशाद कामिल की एक बार फिर से सफल तिकड़ी वापसी हुई है, जिन्होंने अतीत में कई यादगार गाने दिए हैं। इस खास गाने को दिलजीत दोसांझ ने अपनी भावपूर्ण आवाज दी है, जबकि इसका संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है और इरशाद कामिल ने इसके दिल को छू लेने वाले बोल लिखे हैं। फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, शरवरी और वेदांग रैना जैसे प्रतिभाशाली कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का संगीत एआर रहमान दे रहे हैं, जो इसकी भावनात्मक गहराई को और बढ़ाएगा। यह फिल्म विभाजन के दर्द और व्यक्तियों के बीच रिश्तों की गहराई को छूती हुई एक शक्तिशाली रोमांटिक कहानी पेश करेगी। इम्तियाज अली अपनी भावुक और यादगार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, और उम्मीद है कि यह फिल्म भी उनकी इसी पहचान को बरकरार रखेगी। यह फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।






## सुभाष घई ने की राजा शिवाजी की दिल खोलकर तारीफ

हाल ही में अपनी घोषणा के बाद से चर्चा में रही फिल्म राजा शिवाजी अब एक नए स्तर पर पहुंच गई है। अभिनेता-निर्देशक रितेश देशमुख के निर्देशन में बनी फिल्म राजा शिवाजी मराठा साम्राज्य के संस्थापक, छत्रपति शिवाजी महाराज के असाधारण जीवन पर आधारित है। फिल्म के ट्रेलर और पोस्टर सामने आने के बाद से ही दर्शकों में इसे लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है, और अब इस उत्साह को दिग्गज फिल्ममेकर सुभाष घई की प्रतिक्रिया ने और बढ़ा दिया है। फिल्म राजा शिवाजी का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा करते हुए, भारतीय सिनेमा के इस अनुभवी निर्माता-निर्देशक ने फिल्म की दिल खोलकर तारीफ की। उन्होंने फिल्म के ट्रेलर को बेहद दमदार बताते हुए भविष्यवाणी की कि यह दर्शकों को एक अनूठा और जादुई सिनेमाई अनुभव प्रदान करेगी। अपने पोस्ट में सुभाष घई ने लिखा, सोचिए, जब ट्रेलर ही इतना रॉकिंग है, तो फिल्म कैसी होगी। थिएटर में फिल्म देखने का अनुभव और भी खास और जादुई होने वाला है।

यह फिल्म दर्शकों को एक अलग ही स्तर का सिनेमाई अनुभव देने वाली है। उनकी यह टिप्पणी फिल्म के प्रति बढ़ती उम्मीदों को और बल देती है, खासकर जब यह एक ऐसे मास्टर फिल्ममेकर से आई हो, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को कई कालजयी फिल्में दी हैं। सुभाष घई ने रितेश देशमुख के इस प्रोजेक्ट के प्रति जुनून और कड़ी मेहनत की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि रितेश ने न केवल अभिनय के मोर्चे पर बल्कि कहानी लेखन और निर्देशन के क्षेत्र में भी शानदार काम किया है। उनके अनुसार, फिल्म में देशभक्ति की भावना साफ नजर आती है, जो दर्शकों के दिलों को छू लेगी। घई ने विश्वास व्यक्त किया कि यह फिल्म न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सफल होगी, बल्कि दर्शकों के बीच एक स्थायी छाप भी छोड़ेगी। उन्होंने फिल्म में शामिल अन्य कलाकारों, विशेष रूप से संजय दत्त और अभिषेक बच्चन के योगदान को भी सराहा, यह मानते हुए कि इन अनुभवी सितारों ने रितेश के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे फिल्म की गुणवत्ता और प्रभाव कई गुना बढ़ गया है। राजा शिवाजी फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन के संघर्ष, साहस और असाधारण नेतृत्व को बड़े परदे पर उतारने का एक महत्वाकांक्षी प्रयास है। यह सिर्फ इतिहास की एक कहानी नहीं है, बल्कि प्रेरणा और देशभक्ति का एक गहरा संदेश भी देती है। फिल्म में रितेश देशमुख स्वयं मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जिनके साथ संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों का एक विशाल समूह है।

# स्पोर्ट्स सिटी धर्मशाला में 27 अप्रैल से होगा फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

एजेंसी

**धर्मशाला :** स्पोर्ट्स सिटी धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड में 27 अप्रैल से देश भर के फुटबाल खिलाड़ी जुटेंगे। वीर शहीदों की स्मृति और खेल भावना को समर्पित अखिल भारतीय शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं कैप्टन दल बहादुर थापा मेमोरियल गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट का 38वां संस्करण 27 अप्रैल से 3 मई तक आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 1989 से निरंतर आयोजित होने वाला यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट न केवल देश भर की श्रेष्ठ टीमों को एक मंच प्रदान करता है, बल्कि यह आयोजन हमारी आजादी के वीर नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। प्रतियोगिता का शुभारंभ धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी करेंगे। वहीं, 3 मई को समापन समारोह के दौरान सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज और स्थानीय विधायक मुख्य अतिथि के रूप में



उपस्थित रहकर विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

**सांस्कृतिक धरोहर और शहादत का संगम**

एसोसिएशन के अध्यक्ष पालम जंग प्रधान ने बताया कि आजादी के अमृत काल में इस आयोजन का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट युवाओं को देशभक्ति और अनुशासन से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। इस कड़ी में एक मई को धर्मशाला महाविद्यालय के सभागार में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें स्थानीय कला को बढ़ावा देते हुए नेपाली-गोरखाली नृत्य और कांगड़ा का प्रसिद्ध झमाकड़ा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही, वीर शहीदों के जीवन और बलिदान पर आधारित एक प्रेरणादायक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई जाएगी।

**देश की 14 बेहतरीन टीमें होंगी शुमार**

टूर्नामेंट में इस बार देश की 14 प्रमुख टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें आरबीआई मुंबई, कस्टम दिल्ली, सीआईएसएफ, राजस्थान पुलिस, 16 गढ़वाल राइफल्स, 2 गढ़वाल राइफल्स, 3/5 गोरखा राइफल्स, 5/5 गोरखा राइफल्स, खालसा क्लब अमृतसर, डू-लाइक स्पोर्ट्स क्लब जालंधर, जेसीटी फगवाड़ा, आरसीएफ कपूरथला और एचपीएफए शामिल हैं। मेजबान टीम के रूप में धर्मशाला की स्थानीय टीम भागसू इलेवन भी मैदान में उतरेगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट के साथ इस वर्ष धर्मशाला व आसपास के क्षेत्रों में स्थित 11 स्कूलों के बीच अंडर-19 प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र होगी। इसमें इंटरनेशनल सहज पब्लिक स्कूल (टालनू), सेक्रेड हार्ट स्कूल (सिद्धपुर), अचीवर्स हब (दाड़ी), आधुनिक पब्लिक स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, टीसीवी स्कूल, दयानंद पब्लिक स्कूल, हाइलैंड पब्लिक स्कूल, डीपीएस कांगड़ा और जीएसएसएस खनियारा खास व शाहपुर के युवा खिलाड़ी अपना कौशल दिखाएंगे।

# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में तीसरे स्थान पर पहुंचे संजू सैमसन, पर्पल कैप फिर अंशुल कंबोज के पास



एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 103 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की, जिसके बाद ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में भी अहम बदलाव देखने को मिले। ऑरेंज कैप की रेस में संजू सैमसन तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। सैमसन ने अब तक टूर्नामेंट में दो शतक लगाए हैं और उनके कुल रन 293 हो गए हैं। हालांकि, सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिषेक शर्मा (323 रन) और हेनरिक क्लासेन (320 रन) अभी भी पहले और दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। ऑरेंज कैप की सूची में शुभमन गिल 265 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं, जबकि विराट कोहली 247 रन के साथ छठे और रजत पाटीदार 230 रन के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। आगामी मुकाबलों में इन खिलाड़ियों की रैंकिंग में बदलाव संभव है। वहीं, पर्पल कैप की रेस में चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज ने फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने मुंबई के खिलाफ मैच में 3 ओवर में 10 रन देकर 1 विकेट लिया और कुल 14 विकेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के प्रिंस यादव 13 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि एसआरएच के ईशान मलिंगा और गुजरात टाइटंस (जीटी) के प्रसिद्ध कृष्णा 12-12 विकेट के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर बने हुए हैं। आने वाले मुकाबलों में पर्पल कैप की दौड़ और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां गेंदबाजों के प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष स्थान में बदलाव देखने को मिल सकता है।

# थॉमस कप में लक्ष्य सेन की हार के बावजूद भारत ने कनाडा पर बनाई बढ़त

एजेंसी




**नई दिल्ली :** थॉमस कप में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए कनाडा के खिलाफ पहले मुकाबले में 3-1 की बढ़त बना ली है। डेनमार्क के फोरम हॉर्सेन्स में खेले जा रहे इस मुकाबले में किदांबी श्रीकांत का मैच अभी बाकी है। भारत के लिए आयुष शेट्टी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी, तथा हरिहरन अम्साकरुनन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को सीधे गेम में 21-13, 21-17 से हराया। वहीं, सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जोनाथन लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से हराकर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। इसके बाद हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने टाई अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नायल याकुरा को 21-7, 21-7 से शिकस्त दी। हालांकि, भारत को पहला झटका लक्ष्य सेन के रूप में लगा, जिन्हें शुरूआती मुकाबले में विक्टर लाई के खिलाफ 21-18, 19-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद भारत ने मुकाबले में 3-1 की बढ़त बनाकर जीत की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं, जबकि किदांबी श्रीकांत का मुकाबला अभी खेला जाना बाकी है।

# पीटर सिडल का बीबीएल में वापसी का रास्ता साफ, अनधिकृत लीग में खेलने से लगा बैन

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज पीटर सिडल के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) में वापसी का रास्ता अब साफ हो गया है। अनधिकृत वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग में खेलने के कारण उन पर लगाया गया छह महीने का प्रतिबंध उन्हें इस साल काउंटी क्रिकेट से दूर रखेगा, लेकिन वे अगले सीजन में मेलबर्न स्टार्स के लिए उपलब्ध रहेंगे। जनवरी-फरवरी में गोवा में आयोजित वर्ल्ड लीजेंड्स प्रो टी-20 लीग में 41 वर्षीय सिडल ने हिस्सा लिया था। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से मान्यता प्राप्त नहीं था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार किसी भी गैर-मान्यता प्राप्त टूर्नामेंट में खेलने वाले खिलाड़ी को कम से कम छह महीने तक मान्यता प्राप्त क्रिकेट से दूर रहना होता है। इसी नियम के तहत इंग्लैंड एंड



वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने सिडल पर छह महीने का प्रतिबंध लागू किया, जिसके चलते वे इस साल नॉटिंघमशायर के लिए टी-20 ब्लास्ट में नहीं खेल पाएंगे। सिडल को इस सीजन काउंटी टी-20 ब्लास्ट में नॉटिंघमशायर के लिए खेलना था, लेकिन अब उनका यह कार्यकाल रद्द कर दिया गया है। नॉटिंघमशायर के क्रिकेट निदेशक मिक न्यूवेल ने निराशा जताते हुए कहा कि टीम सिडल जैसे अनुभवी खिलाड़ी की सेवाएं लेने को लेकर उत्साहित थी, लेकिन प्रतिबंध के कारण यह संभव नहीं हो सका। हालांकि, राहत की बात यह है कि सिडल का यह प्रतिबंध 2 फरवरी को खेले गए उनके आखिरी मैच से छह महीने बाद समाप्त हो जाएगा। ऐसे में दिसंबर में शुरू होने वाली बिग बैश लीग तक वे पूरी तरह से उपलब्ध रहेंगे। सिडल ने 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और पिछले साल फर्स्ट क्लास क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया। इसके बावजूद टी-20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन लगातार प्रभावशाली रहा है। उन्होंने हाल ही में मेलबर्न स्टार्स के साथ एक साल का नया अनुबंध भी किया है। पिछले दो सीजन में सिडल मेलबर्न स्टार्स के लिए शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने 28 विकेट लिए हैं और उनकी गेंदबाजी औसत करीब 20 रही है। इसके अलावा, मौजूदा पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) में भी वे बेहतरीन फॉर्म में हैं और 9 मैचों में 12 विकेट लेकर शीर्ष गेंदबाजों में शामिल हैं।

# पंजाब किंग्स के अर्शदीप सिंह ने बच्चों से की मुलाकात, द रियल किंग्स में दिखा खास अंदाज

एजेंसी

**न्यू चंडीगढ़:** पंजाब किंग्स के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने हाल ही में युवा प्रशंसकों के एक समूह से मुलाकात कर उनके साथ खुलकर बातचीत की। यह विशेष सत्र फ्रेंचाइजी की नई सोशल मीडिया सीरीज द रियल किंग्स का हिस्सा था। नामम्योहो दान फाउंडेशन और फूलवर्षा फाउंडेशन के सहयोग से लाये गए एक स्थानीय गैर-सरकारी संगठन से जुड़े बच्चों ने अर्शदीप से बेझिझक सवाल पूछे। इस अनौपचारिक और भावनात्मक माहौल में अर्शदीप ने हर सवाल का जवाब अपने खास अंदाज में दिया। मैदान के बाहर अपने सहज और मिलनसार व्यवहार के लिए जाने जाने वाले अर्शदीप सिंह ने बच्चों के साथ बातचीत में अपनी वही छवि दिखाई। वीडियो में वह ईमानदार, मजाकिया और सहज अंदाज में नजर आए, जहां उन्होंने



बच्चों के अनोखे सवालों का दिलचस्प जवाब दिया। अर्शदीप सोशल मीडिया पर भी अपने प्रशंसकों से जुड़े रहते हैं और मजेदार वीडियो के जरिए संवाद बनाए रखते हैं।

इस पहल के जरिए उन्होंने यह दिखाया कि वह मैदान के बाहर भी युवा प्रशंसकों से जुड़ाव को कितना महत्व देते हैं। साल 2020 में स्थापित नामम्योहो दान फाउंडेशन ने हस्ती मस्ती खेल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर के हजारों बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। यह पहल खेल गतिविधियों और सामुदायिक सहभागिता के जरिए बच्चों में आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने पर केंद्रित है। इसके अलावा, यह संस्था स्कूल फीस सहायता और शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराती है। द रियल किंग्स सीरीज के तहत आने वाले हफ्तों में पंजाब किंग्स के अन्य खिलाड़ी भी ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लेते नजर आएंगे, जिससे टीम और समुदाय के बीच मजबूत जुड़ाव बनाया जा सके। गौरतलब है कि पंजाब किंग्स अब 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

# भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए विशेष गोलकीपिंग कैंप, डेविड विलियमसन दे रहे प्रशिक्षण

एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए विशेष गोलकीपिंग कैंप का आयोजन 22 अप्रैल से दो मई तक भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) बेंगलुरु में किया जा रहा है। इस कैंप का संचालन अनुभवी कोच डेविड विलियमसन कर रहे हैं, जबकि टीम के मुख्य कोच सजॉर्ड मारिज्ने इसकी निगरानी कर रहे हैं। इस विशेष कैंप में सविता, बंसारी सोलंकी, बिचू देवी खारीबाम और माधुरी किंडो जैसे प्रमुख गोलकीपर शामिल हैं। कैंप का उद्देश्य आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से पहले भारतीय टीम की गोलकीपिंग यूनिट को और मजबूत बनाना है। इस कैंप को



आनंदना द कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है, जो भारत में महिला हॉकी के विकास में लगातार योगदान दे रहा है। इससे पहले भी इस संस्था ने 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 को सहयोग दिया था। डेविड विलियमसन उत्तरी आयरलैंड के अनुभवी हॉकी कोच हैं और वे लंबे समय तक अमेरिका की महिला राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 2025 में महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में ओडिशा वॉरियर्स के सहायक कोच के रूप में भी कार्य किया है, जिससे उन्हें गोलकीपिंग विकास में व्यापक अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त है। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सजॉर्ड मारिज्ने ने कहा, हाल ही में अर्जेंटीना दौरे के दौरान हमारे गोलकीपर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जून से महत्वपूर्ण टूर्नामेंट शुरू होने वाले हैं, ऐसे में यह विशेष प्रशिक्षण कैंप हमारे लिए काफी उपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा, हमने जूनियर टीम के गोलकीपर्स को भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण का मौका दिया है। यह अनुभव उनके विकास के लिए बेहद अहम होगा और उन्हें भविष्य में सीनियर स्तर पर खेलने के लिए तैयार करेगा। टीम की अनुभवी गोलकीपर सविता ने कहा, महिला हॉकी को मिल रहा यह समर्थन खिलाड़ियों के लिए काफी प्रेरणादायक है। खासकर युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है। जब लड़कियां देखती हैं कि इस खेल को इतना समर्थन मिल रहा है, तो उनमें आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की इच्छा बढ़ती है।

## संक्षिप्त खबरें

### मैड्रिड ओपन में राफेल नडाल की खास वापसी बनार्बेउ स्टेडियम में खेला फ्रेंडली मुकाबला



**मैड्रिड :** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर नजर आए, जब उन्होंने मैड्रिड ओपन के दौरान सैंटियागो बनार्बेउ स्टेडियम में बने अस्थायी कोर्ट पर हिस्सा लिया। मैड्रिड ओपन के आयोजकों ने बनार्बेउ स्टेडियम के मैदान पर अस्थायी टेनिस कोर्ट तैयार किया है, जहां खिलाड़ी 30 अप्रैल तक अभ्यास कर सकेंगे। हाल ही में संन्यास ले चुके नडाल, जो रियल मैड्रिड के बड़े प्रशंसक हैं, इस टूर्नामेंट के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने इसे पांच बार जीता है। इस खास मौके पर नडाल ने रियल मैड्रिड के गोलकीपर थिबो कूर्तुआ के साथ मिलकर एक फ्रेंडली सत्र में हिस्सा लिया, जिसमें उनके सामने विश्व नंबर एक यानिक सिनर और रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंघम की जोड़ी थी। बेलिंघम इससे पहले बुधवार को मैड्रिड ओपन में मौजूद थे, जहां उन्होंने युवा स्पेनिश खिलाड़ी राफेल जोदार का मुकाबला देखा, जिन्होंने टूर्नामेंट में अपना डेब्यू किया। हालांकि मुख्य मुकाबले स्पेन की राजधानी स्थित काजा मागिका में खेले जा रहे हैं। नडाल ने इस अनुभव को खास बताते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, बनार्बेउ के इस अनोखे कोर्ट पर खेलना बेहद खास रहा। इस आयोजन में महिला टेनिस की स्टार खिलाड़ी इगा स्वियाटेक भी शामिल रहीं, जो इस समय विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर हैं।

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का लक्ष्य खिलाड़ियों को आर्थिक स्थिरता और पहचान दिलाना : जसोदा गुलिया



**नई दिल्ली :** खिलाड़ियों को केंद्र में रखकर तैयार की गई दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीवीपीएल) का उद्देश्य वॉलीबॉल खिलाड़ियों को सिर्फ जुनून के लिए खेलने तक सीमित न रखते हुए उन्हें पेशेवर विकास, आर्थिक स्थिरता और दीर्घकालिक पहचान दिलाना है। इस साल जनवरी में घोषित की गई दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग को दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन और दिल्ली ओलंपिक एसोसिएशन का समर्थन प्राप्त है। यह लीग एक संरचित, पेशेवर और स्थायी प्लेटफॉर्म के रूप में तैयार की जा रही है, जो राजधानी में वॉलीबॉल प्रतिभाओं को नया अवसर देगी। पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी नीति रावत और जसोदा गुलिया इस लीग की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यह भारत की पहली महिला-नेतृत्व वाली प्रोफेशनल वॉलीबॉल लीग होगी, जिसे खिलाड़ियों द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया जा रहा है। नीति रावत, जिन्हें खेल प्रसारण और मीडिया में व्यापक अनुभव है, लीग की पहुंच बढ़ाने और दर्शकों से जुड़ाव मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी। वहीं, जसोदा गुलिया का वित्त और रणनीतिक योजना में अनुभव इस लीग को एक मजबूत और टिकाऊ खेल व्यवसाय के रूप में विकसित करने में मदद करेगा, जिससे निवेश, प्रायोजन और फ्रेंचाइजी भागीदारी को बढ़ावा मिलेगा। नीति रावत ने कहा, डीवीपीएल भारत में वॉलीबॉल को देखने और अनुभव करने के तरीके को बदलने का एक आंदोलन है। एक खिलाड़ी के रूप में हमने इस खेल की यात्रा को करीब से जिया है और इसकी अपार संभावनाओं को समझते हैं। हम जानते हैं कि यह आज कहां खड़ा है और इसे कहां होना चाहिए, और हम इस अंतर को भरने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जसोदा गुलिया ने कहा, यह लीग ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए है, जहां खिलाड़ी सिर्फ जुनून के लिए नहीं, बल्कि पेशेवर विकास, आर्थिक स्थिरता और पहचान के साथ खेल सकें। हमारे लिए यह केवल खेल नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा रहा है, इसलिए हम खिलाड़ियों की हर जरूरत और चुनौती को भली-भांति समझते हैं। डीवीपीएल का लक्ष्य एक व्यापक खेल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है, जिसमें खिलाड़ी विकास, पेशेवर प्रशिक्षण, प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव और मीडिया व प्रसारण के जरिए बेहतर पहचान शामिल हो। साथ ही, यह लीग खेल प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देकर एक समावेशी मॉडल स्थापित करना चाहती है। साल 2026 में शुरू होने वाली इस लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी और इसे एक प्रतिस्पर्धी तथा व्यावसायिक रूप से मजबूत मंच के रूप में विकसित करने की योजना है, जिससे भारत में वॉलीबॉल के स्तर को नई ऊंचाई मिल सके।

### थॉमस व उबर कप 2026 : सिंधु की जीत से भारत को बढ़त, पुरुष टीम की दमदार शुरूआत



**नई दिल्ली :** थॉमस व उबर कप 2026 में भारतीय बैडमिंटन टीम ने शानदार शुरूआत की है। उबर कप के अपने पहले मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने डेनमार्क के खिलाफ 1-0 की बढ़त बना ली, जहां स्टार शटलर पी. वी. सिंधु ने एक रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। सिंधु ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफर्सन को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-13, 18-21, 21-17 से हराया। लगभग एक घंटे तक चले इस मुकाबले में डेनमार्क की खिलाड़ी ने सिंधु को कड़ी चुनौती दी, लेकिन अंततः भारतीय स्टार ने अपना अनुभव दिखाते हुए मैच अपने नाम किया। इससे पहले, भारतीय पुरुष टीम ने थॉमस कप अभियान की शुरूआत कनाडा के खिलाफ 4-1 की शानदार जीत के साथ की। डेनमार्क के फोरम हॉर्सेन्स में खेले गए इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। भारत के लिए आयुष शेट्टी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी, तथा हरिहरन अम्साकरुनन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी ने अपने-अपने मुकाबले जीते। आयुष शेट्टी ने ब्रायन यांग को 21-13, 21-17 से हराया। वहीं सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जोनाथन लाई और केविन ली को 21-10, 21-11 से शिकस्त दी। हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने टाई अलेक्जेंडर लिंडेमैन और नायल याकुरा को 21-7, 21-15 से हराया। इसके बाद किदांबी श्रीकांत ने जोशुआ गुयेन को 21-17, 21-12 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। हालांकि, लक्ष्य सेन को शुरूआती मुकाबले में विक्टर लाई के खिलाफ 21-18, 19-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। उधर, महिला टीम का डेनमार्क के खिलाफ मुकाबला जारी है, जहां सिंधु की जीत ने भारत को शुरूआती बढ़त दिला दी है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के चांपा में प्रकाश इंडस्ट्रीज की भट्टी में ब्लॉस्ट

**जांजगीर-चांपा:** छत्तीसगढ़ के चांपा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्लांट में एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। प्लांट की एक भट्टी में शुक्रवार को अचानक जोरदार ब्लास्ट हो गया, जिससे प्लांट में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में कई मजदूरों के घायल होने की सूचना है, लेकिन अभी इनकी संख्या का पता नही चल सका है।
प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के तुरंत बाद 4 से 5 एम्बुलेंस को प्लांट के अंदर जाते देखा गया है। सूत्रों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी प्लांट में कई बार हादसे हो चुके हैं और हर बार प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगे हैं। हाल ही में औद्योगिक सुरक्षा विभाग ने निरीक्षण और कार्रवाई भी की गई थी। अब एक बार फिर बड़ा हादसा होने घटना सामने आयी है। फिलहाल प्रशासन और संबंधित विभाग मौके की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं, लेकिन इस बारे में संबंधित अधिकारी बात नही कर रहे हैं। घायलों की संख्या और उनकी हालत को लेकर आधिकारिक जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

### अभि-नील हत्याकांड के 20 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**नगांव :** बहुचर्चित अभि-नील हत्याकांड में नगांव जिला एवं सत्र न्यायालय ने शुक्रवार को 20 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20 हजार का जुमार्ना भी लगाया। लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद अदालत ने सजा का यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। इससे पहले, 20 अप्रैल को इसी अदालत ने सभी 20 आरोपितों को दोषी करार दिया था। यह फैसला उस मामले में आया है जिसने पूरे राज्य में व्यापक जन प्रतिक्रिया उत्पन्न की थी। सजा सुनाए जाने के बाद पीड़ित परिवारों ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे अदालत के इस फैसले से संतुष्ट नहीं हैं।
उल्लेखनीय है कि, 8 जून, 2018 को कार्बी आंगलोंग के डोकमका में प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने गए युवा संगीतकार निलोत्पल दास और अभिजीत नाथ को कुछ उन्मादी लोगों के हमले का शिकार हो गए थे। अपनी जान बचाने के लिए दोनों गुहार लगाते रहे बावजूद इसके हमलावरों ने उन्हें नहीं छोड़ा। लंबे समय से लंबित इस मामले में अदालत ने विभिन्न साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर यह निर्णय दिया। फैसले को इस मामले में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है, जो लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे थे। सजा पाए व्यक्तियों में बिश्वराम स्वर्गियारी, पानटेंग बसुमतारी, आलाफाजक्रोज तिमुंग, इंसेंट इंग्ती, रायकांग तिमुंग, मेंसिंग क्रो, दीपज्योति बसुमतारी, वारिश रोंग्पी और ओनोदा मेश शामिल हैं।

### दो नाबालिग बच्चों को भारतीय पुलिस ने नेपाल में उनके परिवार को सौंपा

**काठमांडू:** भारत के गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर मिले दो नेपाली बच्चे शुक्रवार को उनके परिवार के हवाले कर दिए गए। दो सप्ताह पहले नेपाल से आये ये बच्चे एक चाय की दुकान में रह रहे थे। नेपाल के प्यूठान नगरपालिका थापाडांडा की 13 वर्षीय इशा बोहरा और उनके 7 वर्षीय भाई सुदीप बोहरा पिछले दो हफ्तों से गोरखपुर रेलवे स्टेशन के सामने स्थित एक चाय की दुकान में रह रहे थे। दोनों बच्चे दो सप्ताह पहले अपने घर से निकलकर बिना किसी तय मंजिल के यात्रा करते हुए गोरखपुर पहुंच गए थे। बच्चों ने बताया कि पिता की मृत्यु के बाद उनकी मां ने दूसरी शादी कर ली, जिसके बाद उन्होंने घर छोड़ दिया।

# अगले महीने अंग, बंग और कलिंग में होंगी भाजपा की सरकारें : अमित शाह

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बड़ा राजनीतिक दावा करते हुए कहा कि अगले महीने अंग, बंग और कलिंग तीनों क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें होंगी। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत में भाजपा का विस्तार तेजी से हो रहा है और पश्चिम बंगाल में जनता इस बार परिवर्तन का मन बना चुकी है।



अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में जनता ने भारी उत्साह के साथ मतदान किया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 152 सीटों पर मतदान हुआ और भाजपा इनमें से 110 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। शाह ने कहा कि मतदान प्रतिशत ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और यह साफ संकेत है कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 92 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जो इस बात का प्रमाण है कि लोग लोकतांत्रिक तरीके से परिवर्तन लाना चाहते हैं। शाह ने कहा कि जनता ने भय और हिंसा की राजनीति को नकारते हुए बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपना मताधिकार प्रयोग किया।

तृणमूल कांग्रेस सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार की विदाई तय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप दिया गया है और पिछले कई वर्षों में हजारों करोड़ के घोटाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती घोटाला, शिक्षक नियुक्ति प्रकरण, नगर निकाय अनियमितताएं और विभिन्न योजनाओं में भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है।
शाह ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर तृणमूल शासनकाल के भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। साथ ही सेवानिवृत्त उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में सभी मामलों की जांच कराई जाएगी, ताकि दोषियों को कानून के अनुसार सजा मिल सके। महिला सुरक्षा को सबसे बड़ी प्राथमिकता बताते हुए शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाओं में आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़े हैं और सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि महिलाएं रात में भी निर्भय होकर बाहर निकल सकें। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की महिलाएं इस चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएंगी और तृणमूल कांग्रेस को जवाब देंगी। शाह ने महिला आरक्षण के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।

## यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल कोणार्क सूर्य मंदिर में रेत हटाने की प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

**भुवनेश्वर :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने 13वीं शताब्दी के कोणार्क सूर्यमंदिर के सभाकक्ष से रेत हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, अक्षय तृतीया से सुरंग निर्माण के लिए खुदाई कार्य आरंभ किया गया है। यह परियोजना यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए की जा रही है। प्रारंभिक चरण में चार कुशल श्रमिकों द्वारा बिना किसी मशीनरी के मैनुअल तरीके से खुदाई की जा रही है, ताकि संरचना को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। चौथे दिन तक लगभग 2 फीट चौड़ाई और 4 फीट लंबाई तक खुदाई कार्य पूरा कर लिया गया है। पूरी प्रक्रिया की निगरानी के लिए विशेष टीम तैनात की गई है, जो हर चरण में सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। ऐतिहासिक अभिलेखों के



अनुसार, साल 1903 में ब्रिटिश इंजीनियरों ने संरचना को ढहने से बचाने के लिए मंदिर को रेत से भर दिया था। मंदिर के सभाकक्ष में पश्चिम दिशा से सुरंग बनाकर रेत भरी गई थी, जो प्रथम स्तर से लगभग 80 फीट ऊपर स्थित थी। बाद में इस मार्ग को पत्थर की दीवार से बंद कर दिया गया था। वर्तमान में मंदिर की पत्थर संरचना का विस्तृत आकलन किया जा रहा है, जिसके तहत दो और कोर ड्रिलिंग की योजना बनाई गई है। आईआईटी मद्रास द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि सभाकक्ष से रेत हटाने से मंदिर की संरचना को कोई खतरा नहीं होगा।

## सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी, स्मार्ट कूलिंग और 30% तक बिजली बचाने की सुविधा

एजेंसी

**रांची :** सैमसंग ने भारत में अपनी नई बीस्पोक एआई विंडफ्री इंवर्टर स्प्लिट एसी रेंज लॉन्च की है। इस नई सीरीज में 23 मॉडल शामिल हैं, जिनकी शुरूआती कीमत 32,940 रुपए रखी गई है। कंपनी ने इसे बढ़ते तापमान और ऊर्जा दक्षता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पेश किया है। यह एसी एआई एनर्जी मोड के जरिए 30% तक बिजली बचाने की सुविधा देते हैं। नई रेंज में एआई फास्?ट और कंफर्ट कूलिंग तकनीक दी गई है, जो कमरे की स्थिति और उपयोग के पैटर्न का विश्लेषण कर तेजी से कूलिंग शुरू करती है। इससे कमरे का तापमान तेजी से कम हो जाता है और तुरंत राहत मिलती है। तापमान कम होने के बाद, जब कमरे का टेम्परेचर मनचाहे स्तर पर आ जाता है, तो सिस्टम विंडफ्रीट्ठ/ड्राई कंफर्ट मोड पर चला जाता है ताकि आरामदायक कूलिंग बनी रहे। यह हवा को बहुत हल्के तरीके से छोटे-छोटे छेदों से फैलाता है, जिससे तेज और ठंडी हवा सीधे नहीं लगती। पूरे समय एआई कमरे की स्थिति और यूजर की पसंद को समझता रहता है और उसी के हिसाब से कूलिंग को एडजस्ट करता है, ताकि लगातार आराम मिलता रहे। सैमसंग के स्मार्टथिंग्स इंटीग्रेशन के साथ यह एसी स्मार्ट और कनेक्टेड होम कूलिंग का अनुभव देता है। यूजर्स मोबाइल ऐप से दूर से ही तापमान कंट्रोल कर सकते हैं, बिजली की खपत देख सकते हैं और एसी के फंक्शन को ऑटोमेट कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें एनर्जी मॉनिटरिंग, वॉयस कंट्रोल, वेलकम/अवे केयर और स्मार्ट मेंटेनेंस अलर्ट जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं, जिससे इस्तेमाल आसान हो जाता है और ज्यादा सुविधा व भरोसा मिलता है।
एआई एनर्जी मोड कंप्रेसर की परफॉर्मेंस को बेहतर तरीके से मैनेज करता है और उपयोग के पैटर्न व मौसम की स्थिति का विश्लेषण करके बिजली की खपत को 30% तक कम करता है। नई एसी रेंज तेज और प्रभावी कूलिंग के साथ बेहतर ऊर्जा दक्षता भी देती है। इसकी एडवांस इन्वर्टर तकनीक बहुत ज्यादा गर्मी में भी स्थिर परफॉर्मेंस सुनिश्चित करती है, जिससे यह भारत के अलग-अलग मौसमों के लिए उपयुक्त है।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर उपराष्ट्रपति, केंद्रीय गृह मंत्री सहित कई नेताओं ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर वे सभी नागरिकों, विशेष रूप से देशभर की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज जमीनी स्तर के लोकतंत्र और सहभागी शासन की भावना का प्रतीक है। यह स्थानीय



समुदायों को सशक्त बनाता है, समावेशी विकास को मजबूत करता है और यह सुनिश्चित करता है कि गांव स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में लोगों की आवाज सुनी जाए। उन्होंने कहा कि पंचायतें ग्रामीण परिवर्तन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और आत्मनिर्भर तथा सुदृढ़ 'विकसित भारत' के निर्माण में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा जताई कि यह दिवस लोकतांत्रिक संस्थाओं को और मजबूत करने तथा सतत विकास की दिशा में नए प्रयासों के लिए प्रेरणा बनेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार पंचायती राज संस्थाओं को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे 'ग्राम उदय से भारत उदय' का संकल्प लगातार साकार हो रहा है।
गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भारत की प्राचीनतम लोकतांत्रिक परंपराओं में से एक पंचायत व्यवस्था हमारे लोकतंत्र की मजबूत इकाई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास, शासन-प्रशासन, सामाजिक न्याय, आपदा प्रबंधन और सांस्कृतिक संरक्षण तक पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मोदी सरकार में पंचायतें और अधिक सशक्त तथा स्वावलंबी बनकर 'विकसित भारत' के निर्माण में योगदान दे रही हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि वे उन सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हैं जो देशभर में पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर शासन को गहरा करने में लगे हुए हैं।

### केशव कुंज में 29 को होगा 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' नाटक का 100वां मंचन

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दिल्ली के संघ कार्यालय 'केशव कुंज' में 29 अप्रैल को 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' नामक हिंदी नाटक का मंचन किया जाएगा। नाटक के निर्देशक संजय पेंडसे और निमार्ता सारिका पेंडसे ने शुक्रवार को हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 30 अप्रैल 2025 से पूरे देश में इस नाटक का मंचन किया जा रहा है, जिसका 100वां मंचन दिल्ली के संघ कार्यालय में 29 अप्रैल 2026 को शाम को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शतकीय मंचन में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' नाटक संघ के प्रथम तीन सरसंघचालकों- डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, माधव सदाशिव गोलवलकर और बालासाहेब देवरस के जीवन एवं उनके योगदान पर आधारित है।

## कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें प्रत्येक राज्य : शिवराज

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को सेन्ट्रम होटल में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का दीप जलाकर शुभारम्भ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए प्रत्येक राज्य कृषि का रोडमैप बनाकर कार्य करें। इसके अलावा नकली खाद व नकली पेस्टीसाइज के खिलाफ प्रभावी अभियान लेकर राज्य कठोर कार्रवायी कराएं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में खाद्यान्न उत्पादन में नंबर एक है। यहाँ की मिट्टी, यहाँ की जलवायु, यहाँ के मेहनती किसान उसके साथ हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू काश्मीर, वहां के फल, फूल,



सब्जियां विशेष हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की स्थापना करने का निर्णय भारत सरकार ने लिया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि के मामले में हमारे तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहला देश की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना। दूसरा किसान की आय बढ़ाना और तीसरा पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना। इसको लेकर हम उत्पादन बढ़ाने, उत्पादन की लागत कम करने, किसान को उचित कीमत दिलाने, नुकसान हो जाय तो उसकी भरपाई हो जाय, इसके साथ कृषि का विविधीकरण जरूरी है। शिवराज सिंह चौहान ने खेती में अंधाधुंध उर्वरकों के उपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इससे मिट्टी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। इसके लिए हमको प्राकृतिक व जैविक खेती की ओर भी बढ़ना चाहिए। किसानों को फल, सब्ज व औषधीय खेती भी करनी चाहिए। कहा कि बीज हमारा आधार है। जलवायु के अनुकूल हमें बीज चाहिए। इसके लिए देश के अलग-अलग स्थानों पर सीड सेन्टर स्थापित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि देश के अन्न के भण्डार हमने भरकर रखे हैं। दुनिया में कहीं से मंगाने की आवश्यकता नहीं है। कहा कि हम चावल उत्पादन में नंबर एक हैं। चीन को हमने पीछे छोड़ दिया है। कभी हम लाल गेहूं अमेरिका से मंगाते थे। आज हमारे बासमती की महक कनाडा से लेकर अमेरिका तक लोगों को लुभा रही है। हमारा लगातार उत्पादन बढ़ रहा है। लेकिन 140 करोड़ से ज्यादा आबादी हमारी है। इसके लिए रोडमैप बनाकर आगे बढ़ें। हम अपने देश की कृषि को कैसे उन्नत स्थिति में ले जाएं। हम छोटी जोत के आधार पर अनाज के साथ पशुपालन, बकरीपालन, मछलीपालन कर सकते हैं। वृक्ष आधारित खेती करें। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सभी राज्य अपने यहाँ विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाएं। लैब को लैंड तक पहुंचाएं। नए रिसर्च को किसान तक पहुंचाएं। ज्ञान को किसानों तक पहुंचाएं। हमारे वैज्ञानिक उसमें सहयोग देने के लिए तैयार हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अभियान चलाकर जिन किसानों का किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बना है उनका केसीसी बनवाएं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिलेश यादव अपने कार्यकर्ताओं को सिखाएं अनुशासन व संस्कार : गीता शाक्य




**झांसी:** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने महिलाओं के मुद्दों पर भाजपा की प्रतिबद्धता को दोहराने के साथ ही विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि संसद में चर्चा के दौरान प्रियंका गांधी और डिंपल यादव ने महिलाओं के हितों के खिलाफ काम किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को अपनी पार्टी के कार्यकताओं में संस्कार गढ़ने की सलाह दी। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से ही स्वच्छता अभियान से लेकर नारी सशक्तिकरण तक, केंद्र सरकार ने महिलाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भेदभाव नहीं किया और मुस्लिम महिलाओं के हित में तीन तलाक के खिलाफ कठोर कानून बनाकर उन्हें न्याय दिलाया। सितंबर 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन बिल को उन्होंने देश की महिलाओं को समर्पित बताया। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस की नेताप्रियंका गांधी और सपा की नेता डिंपल यादव ने महिलाओं के हितों के खिलाफ काम किया। प्रियंका और डिंपल का कृत्य विपक्ष की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2029 तक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। लखनऊ की मेयर के घर पर हमले को लेकर भी गीता शाक्य ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को अपने कार्यकताओं को अनुशासन में रखना चाहिए। मेयर के घर पर हमला और नेम प्लेट पर चप्पल मारना अस्वीकार्य है और यह राजनीतिक संस्कारों की कमी को दशार्ता है। पत्रकार वार्ता में झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा ने भी विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि इन पार्टियों का इतिहास महिला आरक्षण के विरोध से जुड़ा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पहले भी इस बिल को फाड़ा गया था और समर्थन नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक बदलाव जरूरी है और देश की मातृशक्ति विपक्ष के रवैये को भूलेगी नहीं। इस अवसर पर उनके साथ एमएलसी रमा निरंजन, विधायक जवाहरलाल राजपूत, जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल, महिला महानगर अध्यक्ष सुमन पुरोहित, मीडिया प्रभारी प्रियांशु डे,गुड्डी रानी पटेल, दीपक त्रिपाठी, राशि साहू, शीतल कुशवाहा और अपर्णा दुबे आदि तमाम महिलाएं उपस्थित रहीं।

### हरियाणा में दो सफाईकर्मियों की मौत को लेकर मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उस मीडिया रिपोर्टों का स्वतः संज्ञान लिया है जिसमें हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र स्थित अंबेडकर चौक पर सीवर लाइन की सफाई के दौरान जहरीली गैसों के कारण दो सफाईकर्मियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। आयोग ने नूंह नगर आयुक्त और पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। आयोग ने रिपोर्ट में जांच की स्थिति, घायल व्यक्ति का स्वास्थ्य और उसे तथा मृतक के परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे का विवरण शामिल करने का आग्रह किया है। आयोग ने चिंता व्यक्त की है कि उच्चतम न्यायालय के दिशानिदेर्शों के बावजूद ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति हुई है, जिसमें सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षा उपकरणों के साथ सीवर लाइनों की मशीनीकृत सफाई पर जोर दिया गया है। आयोग के मुताबिक तीन श्रमिकों में से एक सबसे पहले सीवर लाइन में उतरा और बेहोश हो गया। उसकी मदद करने के लिए जब अन्य लोग सीवर में उतरे तो वे भी बेहोश हो गए। उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनमें से दो को मृत घोषित कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) की ओर से नियुक्त ठेकेदार ने बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीवर लाइन की सफाई के लिए तीन कर्मचारियों को तैनात किया था।

### केंद्र सरकार ने 75 लाख से अधिक वंचित छात्रों की शिक्षा के लिए जारी किए 7,981 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 में 75 लाख से अधिक वंचित छात्रों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए 7,981.47 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। यह राशि मुख्य रूप से अनुसूचित जाति के वंचित छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जारी की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार, इस वित्तीय सहायता के तहत विभिन्न प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। मंत्रालय का कहना है कि सरकार का लक्ष्य आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों को शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों के लिए समावेशी विकास और सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि लक्षित समाधान और कल्याणकारी पहलों के माध्यम से वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अनुसूचित जातियों (एससी), अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी), वरिष्ठ नागरिकों, नशे और मादक द्रव्यों के सेवन से पीड़ित लोगों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, भिक्षावृत्ति में लगे व्यक्तियों, गैर-अधिसूचित और खानाबदोश जनजातियों (डीएनटी), हाथ से मैला ढोने वालों, सफाईकर्मियों (कचरा बीनने वालों सहित) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं और अधिनियमों के क्रियान्वयन की निगरानी करता है। वीरेंद्र कुमार ने कहा कि अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के तहत व्यय में लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अनुसूचित जाति के लिए स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति योजना में 11.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा, अनुसूचित जाति छात्रों के लिए उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। वहीं, लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना ह्यश्रेष्ठाह्न में 16 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में अधिक बताई गई है। सरकार का मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में यह निवेश सामाजिक समानता को मजबूत करेगा और वंचित तबकों के छात्रों को बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। मंत्रालय ने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**